


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कौशल विकास से संवरेगा युवाओं का भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -324, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5- रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कानपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024


**आज का मौसम**

35.6° अधिकतम तापमान | 24.4° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 24
सूर्यास्त 19 : 04



केपी शर्मा ओली बनेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री...14













# पूर्व ओलंपियंस बोले- सतत चलनी चाहिए तैयारी

कोलकाता, एजेंसी

ओलंपिक 13 दिन शेष

- 'इन सर्च ऑफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024' कार्यक्रम में पूर्व ओलंपियनों ने रखे अपने विचार

पूर्व ओलंपियनों का मानना है कि ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारी सतत चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए और अधिकारियों को खेलों के कुछ महीने पहले ही नहीं जागना चाहिए। इंडियन चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा शुक्रवार की रात आयोजित परिचर्चा इन सर्च आफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक में पूर्व ओलंपियनों ने भाग लिया था।

ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता और 1968 की कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य रहे गुरबख्श सिंह ने कहा ओलंपिक आने पर ही हम जागते हैं, पूरा देश जागता है। यह रवैया बदलना चाहिए। हॉकी में 2024 ओलंपिक में भारत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा हमें कठिन पूल मिला है। पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचना होना चाहिए। सिर्फ जीत की सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा। जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा अपने भीतर सब कुछ हासिल करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूकी करमाकर ने कहा चौथे स्थान पर रहने के बाद मैंने कोच बिश्वेश्वर नंदी सर से कहा कि मुझ पर भरोसा करने वाले करोड़ों भारतीयों का सामना कैसे करूंगी। उन्हें मुझसे इतनी अपेक्षाएं थीं। मैं सीधे अगरतला जाना चाहती थी लेकिन उन्होंने कहा कि पूरा देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है।

उन्होंने कहा और मेरे आने के बाद जिस तरह से स्वागत हुआ, मैं दंग रह गई। मुझे याद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने प्रेरक शब्द कहे थे और उन्हें मेरे प्रदर्शन के हर मिनट की जानकारी थी। नंदी ने कहा भारत में जिम्नास्टिक पांच या छह राज्यों में ही खेला जाता है। इसमें बदलाव जरूरी है ताकि दीपा के नक्शे कदम पर और भी युवा चल सकें। पूर्व ओलंपियन तीरंदाज राहुल बनर्जी ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा नाकामियों से सीखना चाहिए। अगर आप पहला टूर्नामेंट जीतते हैं तो जश्न मनाते हैं और दूसरा हारने पर आपको नाकाम करार दिया जाता है।

# अनाहत, टियाना विश्व जू. स्क्वैश के तीसरे दौर में

**ह्यूस्टन।** भारत की अनाहत सिंह और उनकी हमवतन टियाना पारसरामपुरिया विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में में जीत दर्ज करते हुए लड़कियों के वर्ग में तीसरे दौर में पहुंच गईं है।

ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में 16 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया। अगले दौर में अनाहत का मुकाबला अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। लड़कों के वर्ग में पहले दौर में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। अयान वजीरल्ली ने सऊदी अरब के मोहम्मद अलनासफान को हराया। शौर्य बावा ने पाकिस्तान के मोहम्मद अम्माद को पराजित किया। अरिहंत केएस ने फिलीपींस के जोनाथन रेयेस को हराया। युवराज ने जापान के शू ताकाहाशी को पराजित किया। अवलोकित ने कैस्पर चेउंग को हराया।

# ओलंपियाड के लिए गुकेश और प्रज्ञानानंदा को टीम में मिली जगह

चेन्नई, एजेंसी



आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश। ● एजेंसी

भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा।

गुकेश ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी टीम से बाहर हैं।

# जिम्बाब्वे पर भारी पड़ी भारतीय सलामी जोड़ी

## शतक से चुके जायसवाल, गिल ने जड़ा अर्धशतक, बिना विकेट गंवाए जीता चौथा मैच, शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त




हरारे, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। जायसवाल ने 53 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाए।

इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली, लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया।

पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बायें हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी। उनकी गेंद पर मारूमनी पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके और रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट हुए। दूबे ने फिर माधेवेरे को आउट किया। उनका कैच भी रिंकू ने ही लपका। दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ब्रायन बेनेट (14 गेंद में नो रन) को वाशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दूबे और अभिषेक ने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करते हुए स्कोर गति पर लगाम कसी।

### स्कोर बोर्ड

**जिम्बाब्वे 152/7 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेर का रिंकू सिंह बो शिवम दूबे | 25 | 24 | 4/0 |
| मारूमनी का रिंकू सिंह बो अभिषेक | 32 | 31 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का जायसवाल बो सुंदर | 9 | 14 | 0/0 |
| सिंकदर रजा का गिल बो देशपांडे | 46 | 28 | 2/3 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 3 | 3 | 0/0 |
| डायन मेयर्स का एवं बो खलील अहमद | 12 | 13 | 0/0 |
| मडांडे का रिंकू सिंह बो खलील अहमद | 7 | 5 | 1/0 |
| फराज अकरम नाबाद | 4 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 14, **गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-32-2, तुषार देशपांडे 3-0-30-1, रवि बिश्नोई 4-0-22-0, वाशिंगटन सुंदर 4-0-32-1, अभिषेक शर्मा 3-0-20-1, शिवम दूबे 2-0-11-1

**भारत 156/0 (15.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 93 | 53 | 13/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 58 | 39 | 6/2 |

**अतिरिक्त :** 5, **गेंदबाजी :** नगारवा 3-0-27-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 3.2-0-25-0, टेंडाई चतारा 2-0-23-0, फराज अकरम 4-0-41-0, सिकंदर रजा 2-0-24-0, ब्रायन बेनेट 1-0-16-0

# ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की मेंटॉर होंगी झूलन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय महिला टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को विमेंस कैरिबियाई प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) 2024 में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने अपना मेंटॉर नियुक्त किया है।

नाइट राइडर्स की ओर साझे किए गए बयान में गोस्वामी के हवाले से कहा गया है, मेरे लिए इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं इस टूर्नामेंट में उनका हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्सुक हूं। मुझे मेंटॉर की भूमिका देने के लिए नाइट राइडर्स का धन्यवाद। टीकेआर के साथ जुड़ने की मेरी शुरुआती चर्चा वेंकी मायसोर (केकेआर के सीईओ) के साथ हुई थी। प्रबंधन के मुख्य व्यक्ति होने के नाते जिस तरह से वह सभी का ध्यान रखते हैं, वह काबिले तारीफ है। आईपीएल के दौरान कोलकाता में जिस तरह से वेंकी सर और शाहरुख खान ने मेरा स्वागत किया और मुझसे बात की, मैं उससे काफी खुश थी। टीकेआर की कप्तान वेस्टइंडीज डिएंड्रा डॉटिन के हाथों में है। टीकेआर ने टीम में इस बार जेमिमाह रॉड्रिग्स, शिखा पांडे, मेग लानिंग और जेस जॉनासन को भी जोड़ा है। यह चारों खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलती हैं। उल्लेखनीय है कि गोस्वामी ने 2022 में महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह वर्तमान में विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच हैं। डब्ल्यूसीपीएल 2024, 21 अगस्त से 29 अगस्त तक खेला जाएगा। गत विजेता टीकेआर के अलावा बारबेडोस रॉयल्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगी। इस टूर्नामेंट में कुल सात मैच खेले जाएंगे और यह सभी टरुबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# अदिति ने कट हासिल किया, दीक्षा बाहर

एवियन ले बेंस, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक दल की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि हमवतन दीक्षा डागर ने चिकित्सीय आधार पर दूसरे दौर से हटने का फैसला किया।

खराब मौसम में बिजली चमकने के कारण दिन का खेल निलंबित कर दिया गया। अदिति ने पहले दौर के 71 के कार्ड खेला था और वह दूसरे दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से 36 होल में एक अंडर पर बनी हुई थीं। इससे वह बीती रात संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 44वें स्थान पर पहुंच गईं। अभी हालांकि दूसरे दौर का खेल पूरा होना बाकी है। दीक्षा ने पहले दौर में 76 का कार्ड बनाया था लेकिन चिकित्सीय आधार पर उन्होंने हटने का फैसला किया।



अदिति अशोक

## अर्जुन ने हासिल किया कट

**एक्रोन (ओहियो, अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिंग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक की गोल्फ स्पर्धाएं रिवियेरा में

**लुसाने।** अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ महासंघ ने घोषणा की है कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की गोल्फ स्पर्धा रिवियेरा कंट्री क्लब में आयोजित की जाएंगी। रिवियेरा 1926 में बनाया गया था और दो साल बाद इसकी शताब्दी का समारोह पहली बार यूएस महिला ओपन की मेजबानी के साथ मनाया जाएगा। रिवियेरा पर फरवरी में जेनेसिस आमंत्रण टूर्नामेंट खेला जाता है जो पीजीए टूर का हिस्सा है।

## रंधावा संयुक्त पांचवें और जीव संयुक्त 19वें स्थान पर

**जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा यूरोप में लीजेंड्स टूर पर स्विस सीनियर्स ओपन में चार अंडर 66 के कार्ड से संयुक्त पांचवें स्थान पर जबकि जीव मिल्खा सिंह (68) संयुक्त 19वें स्थान पर बने हुए हैं। रंधावा ने 50 साल से अधिक उम्र के गोल्फरों के इस टूर्नामेंट में पांच बर्डी लगाई और एक बोगी कर बैठे जबकि जीव ने चार बर्डी लगायी और दो बोगी की।



महिला एकल फाइनल में हार के बाद निराश जैस्मीन पाओलिनी।

# जैस्मीन को हराकर बारबोरा बनीं चैंपियन

लंदन, एजेंसी

चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने शनिवार को महिला एकल फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम की और अपनी दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती।

28 साल की क्रेजिसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। फ्रेंच ओपन में तब उन्हें वरीयता नहीं मिली थी। इस सत्र में पीठ की चोट के कारण आल इंग्लैंड क्लब में भी वह 32 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 31वें नंबर पर थीं। टूर्नामेंट के पिछले आठ चरण से नई महिला चैंपियन निकली हैं और तब से क्रेजिसिकोवा विंबलडन चैंपियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल का खिताब भी चेक गणराज्य की ही खिलाड़ी के नाम रहा था जो गैर वरीय मार्केटा वोंड्रोयूसोवा थीं जो पिछले हफ्ते यहां पहले दौर में हार गयी थीं। सातवीं वरीय पाओलिनी पिछले महीने फ्रेंच ओपन में उप विजेता रही थीं और वह 2016 में सेरेना विलिम्यस के बाद एक ही सत्र रोलां गैरों और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं।



● क्रेजिसिकोवा ने जीती दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी

<< विंबलडन खिताब को चूमतीं चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा।

## फाइनल देखने आएंगी वेल्स की राजकुमारी केट

**लंदन।** कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। मिडलटन ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी।

# भारत के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि भारत के आगामी सफेद गेंद के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है और अब यह एक दिन आगे 27 जुलाई से शुरू होगा।

भारतीय टीम इस महीने के अंत में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। कार्यक्रम के पहले के कार्यक्रम के अनुसार पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 26 जुलाई को खेला जाना था, लेकिन अब यह 27 जुलाई को होगा। इसके बाद दो टी-20 मैच 28 जुलाई और 30 जुलाई को होंगे। सभी मुकाबले पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।

# बॉलीवुड हलचल



## स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म के स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर अपनी अगली फिल्म में दमदार एक्शन सीन करते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक हो सकती है।कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं और इसके लिए खास ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। उनकी ट्रेनिंग सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर रोहित नायर के अंडर चल रही है। आदित्य रॉय इस एक्शन फिल्म के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रेनिंग कर रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर के लिए यह खास ट्रेनिंग कानपुर में रखी की गई है। इस स्पेशल ट्रेनिंग में किक बॉक्सिंग और मार्शल आर्ट्स तकनीक पर फोकस किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस ट्रेनिंग के जरिए आदित्य रॉय कपूर को न सिर्फ फिल्म के लिए तैयार किया जा रहा है बल्कि उनकी ओवरऑल फिजिकल कंडीशन भी बेहतर की जा रही है। आदित्य की ट्रेनिंग दो महीने तक चलने वाली है।

## हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त, की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गई है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बनाने जा रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख की अनाउंसमेंट पहले ही चुकी थी और अब हाउसफुल 5 में संजय दत्त की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर साजिद नाडियाडवाला ने लिखा, ''#एनजीइएफ फैमिली को ये घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 की फैमिली को ज्वाइन कर रहे हैं। पागलपंती से भरी इस अगली जर्नी पर काम करने के लिए उत्साहित हूं।

**यूरो कप फाइनल** 1966 विश्वकप के बाद पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंग्लैंड के पास मौका, आज स्पेन से होगा मुकाबला

# 58 साल का सूखा खत्म करना चाहेगा इंग्लैंड

बर्लिन, एजेंसी

स्पेन की टीम रविवार को जब यूरो 2024 के फाइनल में उतरेगी तो उसकी कोशिश रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की होगी जबकि प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड 1966 विश्व कप खिताब के बाद इस खेल में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगा।

स्पेन और जर्मनी ने तीन-तीन यूरो खिताब जीते हैं और रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में स्पेन का पलड़ा भारी होगा। स्पेन की टीम टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी मैच जीतने में सफल रही है। टीम पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उसने पिछले साल जून में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता था। 17 साल के लामाइन यमल स्पेन के तुरुप के इक्के साबित हुए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन बार गोल के मौके बनाए और फिर सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ अपना पहला गोल किया। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। यमल के लिए यह टूर्नामेंट वैसा ही रहा है जैसा कि 2018 विश्व कप में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे और 1958 विश्व कप में 17 साल के पेले के लिए था। स्पेन 12 साल के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टीम ने अपना पिछला फाइनल यूरो 2012 में इटली के खिलाफ खेला था। टीम ने तब इटली को 4-0 से करारी शिकस्त देकर खिताब जीता था।

इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट की देखरेख में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। 2016 में उनके टीम से जुड़ने के बाद इंग्लैंड 2018 में विश्व कप सेमीफाइनल और अब लगातार यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंच गया है। स्पेन के कप्तान अलवारो मोराटा चोट से उबर कर अभ्यास करते दिखे जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। मोराटा को यह चोट पिछले मैच में जीत का जश्न मनाते हुए लगी थी।



अभ्यास सत्र में पसीना बहाते स्पेन के यमल व अन्य खिलाड़ी। ● एजेंसी

## स्पेन तीन बार का चैंपियन

स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में चैम्पियन रही है। यूरो 2024 में छह खिलाड़ी टूर्नामेंट के सबसे अधिक तीन गोल पर हैं और इनमें दो फाइनल में खेल रहे हैं। इसमें इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन और स्पेन के डानी ओल्मो शामिल है। इंग्लैंड की और स्पेन की टीम छह साल के अंतराल पर एक दूसरे का सामना करेगी। दोनों ने 2018 नेशंस लीग में डबल-हेडर खेला था, जिसमें स्पेन ने 2-1 से जीत दर्ज की और इंग्लैंड ने एक महीने बाद सेविला में 3-2 से जीत दर्ज की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कौशल विकास से संवरेगा युवाओं का भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -324, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5- रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम: 35.6° अधिकतम तापमान | 24.4° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 19 : 04

कानपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024




केपी शर्मा ओली बनेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री...14



**मनमोहक**

महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड कस्बे में विट्ठल–रुक्मिणी के वेश में दिंडी यात्रा का अभ्यास करते स्कूली बच्चे। यह यात्रा आषाढ़ी या देवशयनी एकादशी पर निकाली जाती है।

# 7 राज्यों की 13 सीटों में 10 इंडी गठबंधन ने जीतीं

नई दिल्ली, एजेंसी

**विस उपचुनावः भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की, एक सीट पर निर्दलीय विजयी**

देश के 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आए नतीजों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने 10 सीट और भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर मतदान हुआ था। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक ने उम्मीदवार उतारे थे। निर्वाचन आयोग के अनुसार पंजाब में, 'आप' के मोहिंदर भगत ने जालंधर पश्चिम सीट पर भाजपा के शीतल अंगुरल को 37,325 मतों से हराया। तमिलनाडु में द्रमुक के अन्नियूर शिवा ने विक्रवांडी सीट पर पीएमके के अंबुमणि सी को 67,757 वोटों से पराजित किया। टीएमसी के उम्मीदवारों कृष्णा कल्याणी, मधुपर्णा ठाकुर, मुकुट मणि अधिकारी और सुप्ति पांडे ने क्रमशः रायगंज, बगदाह, राणाघाट दक्षिण और मानिकतला सीट पर जीत हासिल की। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में कल्याणी ने भाजपा के मानस कुमार घोष पर 50,077 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उत्तर 24 परगना जिले की राणाघाट दक्षिण सीट पर तृणमूल कांग्रेस के मुकुट मणि अधिकारी ने भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार बिश्वास को 39048 मतों से हराया। तृणमूल कांग्रेस की मधुपर्णा ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिले की बागदा विधानसभा सीट पर भाजपा के बिनय कुमार बिश्वास को 33455 मतों से पराजित किया। मानिकतला सीट पर तृणमूल प्रत्याशी सुप्ति पांडे ने भाजपा के कल्याण चौबे को 62,312 मतों से हराया।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा सीट पर भाजपा के होशियार सिंह को 9,399 मतों से हराया। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने भाजपा के केएल ठाकुर को 25,618 मतों से हराया। भाजपा ने हमीरपुर सीट जीती है। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को 27,041 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के पुष्पिंदर वर्मा को 25,470 वोट मिले। मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर भाजपा के कमलेश प्रताप शाह ने कांग्रेस के धीरन शाह इनवती से 3,027 मतों के अंतर से हराया जबकि बिहार की रूपौली सीट पर निर्दलीय शंकर सिंह ने जद (यू) के कलाधर प्रसाद मंडल को 8,246 मतों से हराया।

## बदरीनाथ और मंगलौर सीट कांग्रेस ने जीता

**देहरादून।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन 449 वोट से विजयी हुए। उन्होंने भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को हराया। निजामुद्दीन को 31710 और भड़ाना को 31261 वोट मिले। बसपा प्रत्याशी उबेदुर्रहमान 19552 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला ने भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी को 5,224 मतों से शिकस्त दी है। बुटोला को कुल 28161 वोट हासिल हुए जबकि भंडारी को 22937 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे नवल किशोर नेगी को 1813 वोट ही हासिल हुए।

## एक नजर

### ईडी ने धनशोधन मामले में कई की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में 263 करोड़ रुपये के कथित 'आयकर रिफंड' धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक आईपीएस अधिकारी के पति सहित कई लोगों की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने पुरुषोत्तम चव्हाण का मुंबई स्थित फ्लैट, राजेश बृजलाल बत्रेजा की लोनावाला और खंडाला की जमीन, अनिरुद्ध गांधी की बैंक में जमा राशि, आरोपी राजेश शेट्टी और भूषण अनंत पाटिल की बीमा योजनाएं और 14 .02 करोड़ रुपये की कुछ सावधि जमाएं भी जब्त की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ये संपत्तियां कुर्क की गई हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 182 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को एम्स से छुट्टी दी गई

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को यहां एम्स से छुट्टी दे दी गई। दो दिन पहले पीठ में दर्द होने की शिकायत के बाद सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉक्टर रीमा दादा के अनुसार सिंह के पीठ दर्द का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि सिंह को शनिवार अपराह्न दो बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई। सिंह को गुरुवार तड़के न्यूरोसर्जरी विभाग के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

### स्पाइवेयर से मेरे फोन को निशाना बनाया गया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को मोदी सरकार पर उनके फोन को दुर्भावनापूर्ण स्पाइवेयर के माध्यम से निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा इस घोर असंवैधानिक कृत्य तथा निजता के हनन का पुरजोर विरोध किया जाएगा। वेणुगोपाल ने एप्पल की ओर से कथित तौर पर भेजे गए एक संदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें कहा गया है आपको एक ऐसे स्पाइवेयर हमले द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो आपके एप्पल आईडी से जुड़े आईफोन को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि मेरे फोन पर भी अपना पसंदीदा दुर्भावनापूर्ण स्पाइवेयर भेजने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद! एप्पल ने आपके इस विशेष उपहार के बारे में मुझे सूचित किया है।

# क्षेत्रीय भाषाओं में भी हो कानून की पढ़ाई

## आरएमएलएनएलयू के दीक्षांत समारोह में प्रधान न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**मेधावियों को दिए पदक, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य हुए सम्मिलित**

**अमृत विचार :** कानून की पढ़ाई हिंदी व क्षेत्रीय भाषा में भी कराई जाए तो अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे। इसके लिए देश के तमाम शिक्षाविदों से विचार-विमर्श भी करता रहता हूं। कानून के सिद्धांतों को यदि हम सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे व कानूनी शिक्षा की ही कमी नजर आ रही है। कानून की शिक्षा व जानकारी अधिकाधिक लोगों को उनकी ही भाषा में हो इसके लिए हमें फलदाई व सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए। कोर्ट को अपने फैसले अंग्रेजी के साथ ही हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषा में भी सुनाना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा में अपनापन होता है। अनुवादित भाषा कभी-कभी अर्थ का अनर्थ बना देती है। उक्त उद्गार भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ के हैं।

शनिवार को डा. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) लखनऊ के दीक्षांत समारोह में विधि विद्यार्थियों और गणमान्य लोगों से मुखातिब थे।



दीक्षांत समारोह में एक मेधावी को सम्मानित करते सीजेआई डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह। ● अमृत विचार

### ताल-तलैया का अर्थ उत्तर प्रदेश में ही जान पाया

सीजेआई ने बताया कि वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं। उन्होंने यहीं आकर स्थानीय भाषा में ताल–तलैया का अर्थ जाना। बताया कि अंग्रेजी भाषा की समझ अधिकांश न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं को तो होती है, लेकिन भोजपुरी, अवधी, बुंदेली, हिंदी आदि बोलने वाले अधिकतर लोग अंग्रेजी नहीं समझ पाते। हमें ऐसे लोगों की सुविधा का ध्यान रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मां के प्यार का असल भाव अंग्रेजी के अनुवाद से नहीं मिल सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की शिक्षा से अंग्रेजी को हटा देने के वे पक्षधर नहीं, लेकिन स्थानीय भाषाओं को भी आगे लाए जाने की जरूरत है। क्योंकि न्याय समय पर मिलना आवश्यक है, इसकी सभी को जरूरत है।

### 1950 से लेकर अब तक 37 हजार आदेशों का हिंदी में हुआ अनुवाद

न्यायमूर्ति डा. चंद्रचूड़ ने यह भी बताया कि 1950 से लेकर अब तक 37 हजार जजमेंट का हिंदी में अनुवाद हो चुका है। हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने की कई योजनाएं भी चल रही हैं। उन्होंने मुंबई हाईकोर्ट के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों द्वारा हिंदी में रखे गए पक्षों को भी कार्यक्रम में साझा किया।

### सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन : मुख्यमंत्री योगी

दीक्षांत समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन है। इसी के लिए ही देश जाना जा रहा है। आमजन की धारणा और देश–दुनिया की धारणा बदलने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय संगत व्यवस्था हर किसी को प्रिय है। शर्त है कि न्याय समयबद्ध तरीके से हो। इसके लिए विशेषज्ञ प्रमुख भूमिका निभाते हैं। विधि विवि इस भूमिका की सही राह पर बढ़ चुका है। विधि विवि से उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोधार्थी हैं। वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट के कई फैसले हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में न होने से आम लोगों को समझ में नहीं आते हैं। इसलिए जरूरी है कि भाषाई दिक्कतों को दूर किया जाए। यह कोई बड़ी बात नहीं, हम चाहें तो इसे बेहतर कर सकते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि विधि विश्वविद्यालयों में एलएलबी की पढ़ाई हिंदी में भी कराई जानी चाहिए। क्योंकि अंग्रेजी भाषी विधि विद्यार्थी खसरा-खतौनी की जानकारी मांगने पर बगले झांकने लगते हैं। आमजन की भाषा न जानने वाला उनके साथ न्याय कैसे कर पाएगा।

दीक्षांत समारोह में विधि विषय के मेधावियों को पदक प्रदान किए गए। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, इलाहाबाद हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# बिना परमिट चलती मिलीं बसें तो अफसरों पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री सख्त, परिवहन विभाग के अधिकारियों को दी चेतावनी

**अमृत विचार :** उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त तेवर अपनाते हुए कहा कि अगर बिना परमिट सड़कों पर बसें पाई गईं, तो बड़े अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट बसों के खिलाफ प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाय। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं।

### एक माह तक चलेगा सघन अभियान

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाय। इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाय। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है।

# बंद चल रहीं सभी बिजली उत्पादन इकाइयां चालू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● गांवों में निर्धारित से आधा घंटे बढ़ाई गई बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार :** रिजर्व शट डाउन के नाम पर पिछले दिनों बंद की गईं राज्य बिजली उत्पादन निगम की सभी इकाइयां शनिवार को चालू हो गईं। बंदी का भारी विरोध होने व राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जवाब तलब करने के बाद निगम ने सभी को चालू करते हुए गांवों की बिजली आपूर्ति निर्धारित से आधे घंटे और बढ़ा दी है। दूसरी ओर, तकनीकी खराबी के कारण दो इकाइयों में अभी उत्पादन ठप है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बीती तीन-चार जुलाई को रिजर्व शट डाउन के तहत टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की चार इकाइयां और हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट व 110 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद की गई थीं। इन इकाइयों को बीती 8 जुलाई को चालू होना था, पर इन इकाइयों को 15 जुलाई तक के लिए फिर बंद करने का निर्णय लिया गया था। इसी दिन हरदुआगंज की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को भी और बंद कर दिया गया था। इस मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल की गई थी।

# भूस्खलन के चलते गौमुख से जल नहीं ला पाएंगे कांवड़िए

**देहरादून।** भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ पर लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन व बोल्डर गिरने से कई रास्तों पर आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। कई छोटे पुल व पुलिया क्षतिग्रस्त होने से भी यातायात बाधित हुआ है। संभावित खतरों के चलते उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है। हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िए गौमुख से जल लेकर आते हैं। लेकिन, गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से इस बार कांवड़ यात्रा में कांवड़िए जल लेने गौमुख नहीं जा पाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी

● पुलिस, लोक व्यवस्था, नियुक्ति आदि मामलों में मंजूरी होगी जरूरी

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को पुलिस और आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों से संबंधित निर्णय लेने तथा विभिन्न मामलों में अभियोजन की मंजूरी देने के लिए और शक्तियां सौंपी हैं। उपराज्यपाल भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से संबंधित मामलों के अलावा महाधिवक्ता और अन्य कानून अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में भी निर्णय ले सकते हैं। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस लेकर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किए जाने के बाद लागू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जारी नियमों में संशोधन कर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को उपराज्यपाल को ये शक्तियां दीं।

गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता वाले किसी भी प्रस्ताव को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि इसे उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता है। कहा गया है कि महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव पर उपराज्यपाल का अनुमोदन लेने पड़ेगा। अभियोजन मंजूरी प्रदान करने या अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग द्वारा उपराज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा। कारागार, अभियोजन निदेशालय और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित मामले भी उपराज्यपाल के समक्ष रखे जाएंगे।

### जल्दी नहीं मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ाए जाने का मतलब यह है कि निकट भविष्य में इस केंद्र शासित का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने की संभावना नहीं दिखती। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ' 'एक्स' ' पर पोस्ट किया सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव 30 सितंबर, 2024 तक कराने का आदेश दिया था।

### कश्मीर के राजनेताओं ने गृह मंत्रालय पर साधा निशाना

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियों का दायरा बढ़ाने के गृह मंत्रालय के निर्णय पर कश्मीर के नेताओं ने निशाना साधा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा कि जम्मू–कश्मीर के लोग एक शक्तिहीन, रबर स्टैम्प मुख्यमंत्री से बेहतर के हकदार हैं, जिसे अपने चपरासी की नियुक्ति के लिए उपराज्यपाल से भीख मांगनी पड़ेगी। इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि इस कदम से जम्मू–कश्मीर में निर्वाचित सरकार नगर पालिका बनकर रह जाएगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल ने लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

# सीआईसी के पास पीठ गठित करने व नियम बनाने की शक्तियां : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



● प्रभावी कामकाज के लिए सीआईसी की स्वायत्तता महत्वपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रभावी कामकाज के लिए उसकी स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि आयोग के पास पीठ गठित करने और नियम बनाने की शक्तियां हैं। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा कि प्रशासनिक निकायों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता उनके निर्धारित कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के वास्ते उनकी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है।

पीठ ने कहा कि आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने की मुख्य सूचना आयुक्त की शक्तियों को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि ऐसी शक्तियां आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआईसी जैसी संस्थाएं विशिष्ट कार्य करने के लिए स्थापित की जाती हैं, जिसके लिए एक स्तर की निष्पक्षता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और ऐसा तभी हो सकता है जब इनमें अनुचित हस्तक्षेप नहीं हो।

पीठ ने कहा कि ये नियम आयोग के कुशल प्रशासन और संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपकरण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस फैसले के दौरान की जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के 2010 के निर्णय को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा तैयार किए गए केंद्रीय सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 को रद कर दिया था तथा कहा था कि सीआईसी को आयोग की पीठ गठित करने का कोई अधिकार नहीं है।

# शाहजहांपुर में बाढ़ से तबाही थमी पर मुसीबतें बरकरार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**कांशीराम कॉलोनी, सुभाषनगर और ककरा क्षेत्र में कमर तक पानी, हजारों लोग अभी भी घरों की छतों पर फंसे**

**अमृत विचार :** जिले को बाढ़ से शनिवार को कुछ राहत मिली लेकिन मुसीबतें बरकरार हैं। कांशीराम कॉलोनी, सुभाषनगर और ककरा क्षेत्र में कमर तक पानी भरा हुआ है। हजारों लोग घरों की छतों पर फंसे हुए हैं। 500 लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। शनिवार को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर आवागमन शुरू होने से कुछ राहत मिली लेकिन कानपुर-बरेली हाईवे की ओर रामगंगा ने कटान शुरू कर दिया है।

खन्नौत और गर्रा की बाढ़ ने तीन दिनों में शहर के दर्जनों मोहल्लों और कॉलोनियों में जो तबाही मचाई उसने लोगों को हलकान कर दिया।



कलान में रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से कट रही एप्रोच रोड। ● अमृत विचार

अब कुछ राहत है लेकिन तमाम लोग अभी भी बाढ़ में फंसे हुए हैं। जिन क्षेत्रों में पानी घटा है वहां लोग लौटने लगे हैं, लेकिन बाढ़ से घरों का सामान बर्बाद हो गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में जलभराव के चलते स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। उधर कलान क्षेत्र में रामगंगा का पानी बरेली-कानपुर हाईवे के नजदीक पहुंच गया। बैराजों से पानी और छोड़ा गया तो हाईवे के कटान का खतरा पैदा हो जाएगा।

### बादल फटने की गलत सूचना देने पर रिपोर्ट दर्ज

**देहरादून।** आपदा को लेकर भ्रामक और गलत सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कड़ा रुख अपनाया है। धारचूला तहसील में कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की गलत और भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में शुक्रवार शाम को सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की धारचूला तहसील स्थित कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बहने की सूचना प्रसारित हुई थी।

### बाढ़ में ढहीं 4.19 करोड़ के एफएसटीपी की दीवारें

**पीलीभीत।** शहर को स्वच्छ बनाने को नगरपालिका ने नौगवां पकड़िया में देवहा नदी किनारे जगह चयनित कर 4 .19 करोड़ का भारी भरकम बजट एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) प्लांट पर फूंका। पैसा खपाने और हैंडओवर होने के एक साल बाद भी पालिका ने एफएसटीपी प्लांट चालू नहीं किया। इस बीच देवहा नदी में आई बाढ़ से प्लांट का काफी हिस्सा धराशायी हो गया। दीवारें गिर गईं, वहीं गार्ड रूम समेत फर्श भी धंस गया। कनवेट बेल्ट भी टूटकर बह गई।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

35.6° अधिकतम तापमान | 27.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:25 | सूर्यास्त 07:04

## एक नजर

### भाइयों में विवाद, एक-दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**मूसानगर।** कस्बे के एक ही परिवार के भाइयों में आपसी विवाद होने के चलते एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि वार्ड नंबर बारह विकास नगर निवासी सफीक अली ने थाने में तहरीर देकर अनवर उर्फ कल्लू व जावेद के खिलाफ बेवजह गालीगलौज व जान से मार देने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष के जावेद अली ने सफीक अली, नियाजुल हसन उर्फ बब्लू, लिफाकत हुसैन, अंसार, फैयाज के खिलाफ भी गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई शुरू की है।

### करंट से महिला झुलसी

**पुखरायां।** करंट की चपेट में आने से महिला झुलस गई। भोगनीपुर की आबिदा (35) के घर में अचानक विद्युत तार टूट कर गिर गया। जिसको वह उठाकर अलग करने लगी। उसी दौरान करंट की चपेट में आने से महिला झुलस गई। परिजनों उसे सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

### जहरीला कीड़ा काटने से युवती की हालत गंभीर

**पुखरायां।** जहरीला कीड़ा काटने से युवती की हालत बिगड़ गई। सुनरापुर गांव की प्रिंशी पाल (20) शनिवार को अपने घर में साफ-सफाई कर रही थी। उसी दौरान जहरीले कीड़े के काटने पर हालत बिगड़ने पर परिजनों सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**पुखरायां।** दुर्घटना में युवक घायल हो गया। कथरी गांव के प्रांशू ने बताया कि उसका दोस्त अंकित (28) को गांव के बाहर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल होने पर राहगीर उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### संदिग्ध हालत में अधेड़ की मौत, छानबीन शुरू

**पुखरायां।** अधेड़ की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। देवराहट थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी कुंदन (60) शनिवार की शाम को खेत पर गया हुआ था। जब वापस घर आया तो अचानक गिर गया और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू की है।

### युवती से मारपीट में रिपोर्ट

**रूरा।** युवती ने मारपीट व धमकी का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बेनीगांव निवासी मोनिका गौतम ने पुलिस को बताया कि बीती 8 जुलाई को पड़ोस के रहने वाले अमीन ने फोन पर संदेश भेजकर गाली दी। जब वह शिकायत करने उसके घर गई तो अमीन सोनू रुकसाना रुबीना हबीब शबनम व सबीना ने अपशब्द कहते हुए एक राय होकर उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर छानबीन की जा रही है।

# गाय को लेकर विवाद, दो पक्षों के बीच संघर्ष

## सट्टी थाना क्षेत्र के जगांगीरपुर गांव की घटना, ग्राम प्रधान और पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत 12 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- पूर्व ब्लाक प्रमुख पर रायफल की बट से पीटने का आरोप
- पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जहांगीरपुर गांव में रास्ते में गाय बांधने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर झगड़ा हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाइसेंसी रायफल की बट से हमला कर दिया, जिसमे एक युवक घायल हो गया। एएसपी ने मौके पर छानबीन की। पुलिस ने ग्राम प्रधान, पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत दोनों पक्षों के नौ नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ गालीगलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया है।

सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव के शोएब अहमद ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह स्कूटी से शाहजहांपुर जा रहा था। गांव के किनारे कब्रिस्तान के समीप ग्राम प्रधान किशन सिंह की रास्ते में गाय बंधी थी। उसने रास्ते में गाय बांधने का विरोध किया तो ग्राम प्रधान किशन सिंह, उसके चाचा पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह व सागर सिंह ने अपने तीन साथियों के साथ घर में घुसकर हमला कर दिया।



युवक को रायफल की बट से पीटते पूर्व ब्लाक प्रमुख की तस्वीर सामने आई।



घटनास्थल का निरीक्षण करते एएसपी राजेश पांडेय। अमृत विचार

आरोप है कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह ने गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए लाइसेंसी रायफल की बट से हमला कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के ग्राम प्रधान किशन सिंह ने बताया कि उसके चाचा लाखन सिंह की गाय कब्रिस्तान के समीप चर रही थी, तभी गांव के सिराज, रियाज, फराज, शोएब, हैदर अली व सैफ ने एक राय होकर गाय पर डंडे व पत्थर से हमला कर दिया। विरोध करने पर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और भाग गए।

वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख का रायफल लेकर मारपीट का वीडियो वायरल होने पर शनिवार को एएसपी राजेश कुमार पांडेय ने फोर्स के साथ गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से नौ नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल शोएब को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। एक पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**पूर्व ब्लाक प्रमुख के विरुद्ध 20 मुकदमे**

सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख लाखन सिंह यादव का विवादों से पुराना नाता है। जनपद ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों में भी पूर्व प्रमुख के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2016 में सपा सरकार में लाखन सिंह यादव राजपुर ब्लाक से निर्विरोध प्रमुख बने थे। पुलिस के मुताबिक लाखन सिंह पर जिले के सट्टी, भोगनीपुर समेत कानपुर नगर व झांसी में भी हत्या जैसे विभिन्न धाराओं में 20 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# युवक ने संदिग्ध हालात में खुद मारी गोली, मौत

संवाददाता, पुखरायां

- परिवार वालों ने पुलिस को नहीं दी कोई सूचना

**अमृत विचार।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के श्याम सुंदरपुर गांव में एक युवक ने संदिग्ध हालात में गोली मार ली। परिजन उसे सीएचसी ले गए, वहां से जिला अस्पताल भेजा गया। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों की ओर से पुलिस को नहीं दी गई है।

भोगनीपुर क्षेत्र के श्यामसुंदरपुर गांव निवासी नीरज (35) पुत्र श्री किशन ने शुक्रवार की शाम संदिग्ध हालात में गोली मार ली। परिजनों ने उसे पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर के हैलट भेजा गया, लेकिन परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने बताया कि गोली लगने से घायल युवक को परिजन प्राइवेट अस्पताल में ले गए थे, जहां उसकी मौत होने की जानकारी मिली है। परिजनों ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी। कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी नहीं है।

### पैर फिसलने से तालाब में डूबकर महिला की मौत

**पुखरायां।** बरौर क्षेत्र के टुटईचांदपुर निवासी अखिलेश कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी अलका (35) अपनी पुत्री सृष्टि को गांव के तालाब किनारे शौच कराने गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में डूब गई। पड़ोसियों की मदद से उसे बाहर निकाला गया, लेकिन जब तक अलका की मौत हो गई। बरौर थाने के एसआई सुरजीत कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# शिकायतों का समयबद्ध करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस पर डीआईजी ने भोगनीपुर कोतवाली व डीएम-एसपी ने रनियां थाने में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य थानों में भी शिकायतें सुनी गईं।

शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज जोगेंद्र कुमार ने थाना समाधान दिवस पर कोतवाली भोगनीपुर में जन सुनवाई करते हुए आए फरियादियों को बारी-बारी से सुना। उन्होंने पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए समस्याओं का विधिक व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह रनियां थाने में जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने लोगों की शिकायतें सुनकर नियमानुसार निस्तारण के निदेश दिए।




रनियां थाने में शिकायत सुनते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

मूसानगर थाने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय ने जनसुनवाई के बाद निरीक्षण किया। फत्तेपुर निवासी रामरानी ने शिकायती पत्र देकर बताया कि कुछ वर्ष पूर्व कृपालपुर गांव के पास जमीन खरीदी थी। जिसमें जमीन के सह खाता धारकों कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने राजस्व टीम जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि जहां भी ऐसा लगे कि पुलिस की जरूरत है। वहां तत्काल प्रभाव से पुलिस लेकर जमीनी विवादों को खत्म करें।

सुनवाई के बाद एएसपी ने थाना परिसर में पौधरोपण किया। थाना समाधान दिवस में जमीनी विवाद को लेकर पांच शिकायतें आईं। जिसमें से एक शिकायत का तत्काल प्रभाव से निस्तारण कराया गया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक अखिलेश कुमार, लेखपाल प्रवीन शुक्ला, राघवेंद्र सिंह, रामराज, शिवम निगम, ब्रम्ह कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अब राजकीय स्कूलों में भी बॉयोमैट्रिक हाजिरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बॉयोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली शुरू करने के निर्देश

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार ने सूबे की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कमर कस ली है। स्कूलों में शिक्षकों की लेट लतीफी और गैर हाजिरी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सरकार ने अब राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली शुरू करने के आदेश दिए हैं। राजकीय माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों व कर्मचारियों ने अगर अब बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं की तो उनका वेतन कटेगा।

माध्यमिक स्कूलों में अभी तक यह व्यवस्था लागू होने के बावजूद मनमाने ढंग से हाजिरी दर्ज की जा रही थी। उनका वेतन भी नहीं काटा जा रहा था, लेकिन अब सख्ती की जाएगी। उनका वेतन बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही बनाया जाएगा। परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के ऑनलाइन उपस्थिति के बहिष्कार के बीच अब माध्यमिक स्कूलों में सख्ती शुरू कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह शिक्षकों व कर्मचारियों का वेतन अब बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही बनाएं। प्रधानाचार्य हर महीने बायोमैट्रिक उपस्थिति का ब्योरा डीआईओएस कार्यालय भेजेंगे और उसी आधार पर वेतन बनेगा। अुपस्थिति का वेतन काट दिया जाएगा। 18 अगस्त वर्ष 2022 को यह व्यवस्था राजकीय माध्यमिक स्कूलों में लागू की गई थी, लेकिन शिक्षक व कर्मचारी इस आदेश का मनमाने ढंग से पालन कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप



ताजिया रूट का निरीक्षण करतीं एसडीएम, सीओ, ईओ व पूर्व चेयरमैन।

### जूलूस में मनमानी पर वीडियोग्राफी से होगी पहचान

**मंगलपुर।** मोहर्रम को लेकर एसडीएम व सीओ ने नगर पालिका परिषद झींझक में ताजिया जुलूस निकाले जाने वाले रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। शनिवार को कस्बा झींझक में एसडीएम डेरापुर भूमिका व सीओ शिव ठाकुर मोहर्रम को लेकर शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए जुलूस के रूट निरीक्षण करते हुए बड़ा व छोटा चौराहा होते हुए जामा मस्जिद पहुंचे। जहां उन्होंने मोहर्रम कमेटी के लोगों को आवश्यक निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था को दुरस्त रखने एवं सभी जगह वीडियोग्राफी कराने को कहा। सीओ ने कहा कि जुलूस में सभी एंगल से वीडियोग्राफी होनी चाहिए। ताकि कोई भी असामाजिक तत्व अपने मंसूबे में सफल न हो। जुलूस के दौरान गाइडलाइन की अनदेखी करने पर वीडियोग्राफी के माध्यम से पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका ईओ जेपी मौर्य, पूर्व चेयरमैन संतोष तिवारी, इंस्पेक्टर क्राइम रजनीश कुमार, चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### शिवली की जया ने शंघाई में पेश की रिसर्च रिपोर्ट

**शिवली।** कस्बे की रहने वाली जया अग्निहोत्री आईआईटी दिल्ली से गणित विषय में न्यूमेरिकल मैथड फॉर हाइपरबोलिक कंजरवेशन लॉ में पीएचडी की फाइनल की पढ़ाई कर रही हैं। जया ने चीन के शंघाई स्थित जिओ टोंग यूनिवर्सिटी में अप्लाइड मैथमेटिक्स पर आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस हॉइप 2024 में प्रतिभाग किया है। शंघाई की जिओ टोंग यूनिवर्सिटी में एक जुलाई से लेकर पांच जुलाई तक इंटरनेशनल कॉंफ्रेंस आयोजित किया गया। जया ने हाइपरबोलिक पार्सियल डिफरेंसेस इक्वेशन पर रिसर्च पेपर के माध्यम से विश्व के चुनिंदा प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं के सामने रखा। उन्होंने दिल्ली आईआईटी के प्रोफेसर हरीश कुमार को देखरेख में यह रिसर्च पेपर तैयार किया है। जिसमें गणित में आने वाली समस्याओं पर खोज और समाधान प्रस्तुत किया गया है। पिता योगेश अग्निहोत्री ने बताया कि जया शुरू से पढ़ाई में मेधावी रही है।



शंघाई यूनिसर्विटी में आयोजित कांफ्रेंस में प्रतिभाग करती शिवली कस्बे की जया।

### खुद ही अनजान तो कैसे खिलाड़ी बनाएंगे शिक्षक

**कानपुर देहात।** शासन से माध्यमिक स्कूलों में नए शिक्षा सत्र से स्कूल फॉर स्पोर्टस अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत सूची में नौ खेलों को शामिल करके अनिवार्य बनाया गया है। कुछ खेल तो ऐसे हैं, जिनका नाम विद्यार्थियों और खेल शिक्षकों ने कभी सुना नहीं। ऐसे में जब गुरुजी को ही इनका ज्ञान नहीं है तो वे कैसे विद्यार्थियों को महान खिलाड़ी बना सकेंगे। जिले में करीब 325 राजकीय, शासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में खेलों के नाम पर स्थिति काफी खराब है। अधिकांश स्कूलों में व्यामान शिक्षक तैनात नहीं है। विभाग के माध्यम से जब खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं तो उनमें गिने चुने खेल ही कराए जाते हैं। इस बार जो नए खेल शामिल किए गए हैं। उनमें गतका, कलारीपयट्टू, थांगता को शामिल किया गया है। यह खेल 37वें राष्ट्रीय खेलों में भी शामिल किए गए हैं। शासन की मंशा विद्यार्थियों में आत्मरक्षा की भावना विकसित करने के साथ ही इनके खिलाड़ी तैयार करना है। विद्यालयों में जो व्यायाम शिक्षक तैनात हैं। उनको गतका, कलारीपयट्टू, थांगता खेल के बारे में जानकारी ही नहीं है।

### विरोध से एक फीसदी भी नहीं ऑनलाइन हाजिरी

**कानपुर देहात।** तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी लगाने को तैयार नहीं हैं। शनिवार को जिले में अधिकारियों के सक्रिय होने के बावजूद एक फीसदी हाजिरी भी ऑनलाइन नहीं लग सकी। शिक्षकों के गतिरोध के चलते स्कूल शिक्षा महानिदेशालय बैकफुट पर आता दिख रहा है। महानिदेशालय ने बयान जारी कर कहा है कि जिन स्कूलों में ऑनलाइन एप के संचालन में तकनीकी दिक्कतें आ रहीं हैं। वहां स्कूल अवधि में किसी भी समय डिजिटाइज रजिस्टर एप का प्रयोग किया जा सकेगा। इस बीच शिक्षकों के विरोध ने शनिवार को नया मोड़ ले लिया है। कई जिलों में शिक्षकों ने शिक्षण कार्य के अलावा अपने अन्य अतिरिक्त प्रभारों से इस्तीफा देना शुरू कर दिया है। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग ने शनिवार से जिले स्तर पर अपने अधिकारियों को शिक्षकों को ऑनलाइन एप के प्रयोग के लिए लगाया है, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है।

### अतिक्रमण हटाने पर दुकानदार ने खुद को किया घायल

**पुखरायां।** एसडीएम के आदेश पर अवैध अतिक्रमण हटाने गई राजस्व व पुलिस टीम के सामने दुकानदार ने खुद पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर बड़े महादेवन मंदिर के सामने कार्तिक (18) दुकान लगाकर अतिक्रमण किए हुए था। एसडीएम सर्वेश कुमार के निर्देश पर शनिवार को राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान दुकानदार कार्तिक ने धारदार हथियार से स्वयं को घायल कर लिया। जिससे राजस्व व पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस आनन-फानन में घायल युवक को सीएचसी ले गई। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### डींघ गांव में सामान की चोरी, पुलिस मान रही संदिग्ध

**पुखरायां।** डींघ गांव में चोरों ने घर से हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। पुलिस ने घटना को संदिग्ध मानकर जांच शुरू की है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के डींघ गांव निवासी गुड्डू ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात चोरों उसके घर में घुस गए। इसके बाद कमरे में रखा रसोई गैस सिलिंडर, इन्वर्टर, बैट्रा, इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत हजारों रुपये का माल पार कर ले गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि चोरी का मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल छानबीन की जा रही है।

# बड़े भाई से झगड़ने के बाद बहन ने दी जान

संवाददाता, रूरा

- डेरापुर थाना क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग गांव का मामला
- पिता की मौत के बाद अपने बुआ के रहती थी गौरी

**अमृत विचार।** सरगांव बुजुर्ग गांव भाई से झगड़े के बाद बहन ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

डेरापुर थाना क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग के रहने वाले राजन ने पुलिस को बताया कि उसके साले दलेलपुर निवासी रामप्रकाश की मौत के बाद उनकी सोलह वर्षीय पुत्री गौरी उसके साथ रह रही थी। शनिवार की दोपहर गौरी का भाई अमित से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसके बाद गौरी ने कमरे के अंदर दुपट्टा के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।



गौरी।

मृतका की बुआ रचना ने बताया कि भाई की मौत के बाद भाभी ने दूसरी जगह शादी कर ली थी। जिसके बाद वह अपने तीन बच्चों के साथ गौरी का भी पालन-पोषण कर रही थी। गौरी का बड़ा भाई अमित अपने गांव दलेलपुर में बाबा-दादी के साथ रह रहा था और तीन दिन पहले ही सरगांव बुजुर्ग आया था। दरोगा चैनपाल सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# महिलाओं के साथ अपराध में त्वरित कार्रवाई करे पुलिसः डीआईजी

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** भोगनीपुर में डीआईजी ने थाना समाधान दिवस में पहुंच कर शिकायतकर्ताओं की फरियाद सुनने के बाद कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को भोगनीपुर कोतवाली के निरीक्षण के दौरान डीजाईजी जोगेंद्र कुमार ने एफआईआर व ड्यूटी रजिस्टर, शस्त्र गृह, भोजनालय एवं परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में समयबद्ध कार्रवाई, वांछितों की गिरफ़्तारी, जनता से मृदु व्यवहार व कोतवाली के सभी विवेचकों का अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए त्वरित व न्यायोचित निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि मुहर्रम व कांवड यात्रा के चलते सीओ पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाएं। इस दौरान सीओ संजय सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, आनंद यादव, देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक, अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार, पुखरायां चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



भोगनीपुर कोतवाली में अभिलेख जांचते डीआईजी जोगेंद्र कुमार।

**लापरवाही** | बरसात के पानी में सड़ रहा कूड़ा, संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा

# कूड़ा नहीं उठने से मंगलपुर में गंदगी का अंबार

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में सड़क किनारे कूड़े की नियमित उठान न होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बरसात के पानी में कचरा सड़ने से उठती दुर्गंध से लोग बेहाल हैं। साथ ही संक्रामक बीमारी फैलने की भी आशंका है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।



मंगलपुर कस्बे में कचरा नहीं उठने से सड़क पर लगा गंदगी का अंबार। अमृत विचार

जिले में मच्छर जनित व संचारी बीमारियों के रोकथाम के लिए एक जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें बीमारियों से बचाव करने के लिए विभिन्न विभागों को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग को जलभराव वाले स्थानों व नालियों में लार्वीसाइड, डीडीटी के छिड़काव व मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह पंचायती राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के साथ दूषित पानी देने वाले हैंडपंपों को चिह्नित करने, शिक्षा विभाग को बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन विकासखंड झींझक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंगलपुर में यह अभियान दम तोड़ता नजर आ रहा है।

यहां करीब बीस दिन पूर्व नाले की सफाई हुई थी। जिसमे सफाई के बाद नाले से निकला कूड़ा सड़क किनारे ही लगा दिया गया। बरसात में आधे से ज्यादा कूड़ा नाले में फिर से बह चुका है। ऐसे में अगली बारिश के पहले ही नाला चोक हो जाएगा। जिससे लोगों के घरों में पानी भरेगा।

वहीं सड़क किनारे पड़े कूड़े में बरसात के पानी से सड़न शुरू हो गई है। साथ ही उसे कूड़े से जहरीले कीड़े लोगों के घरों में घुसने की आशंका बनी रहती है। इस बावत मंगलपुर ग्राम प्रधान ने बताया कि नाला किसी ठेकेदार ने साफ कराया है। वहीं झींझक बीडीओ आशुतोष ने बताया कि नाला सिंचाई विभाग के अधीन है। उनके द्वारा ही सफाई कराई गई थी। कूड़ा सूखने के बाद हटाने की बात हुई थी। जल्द ही सिंचाई विभाग को कूड़ा हटाने के लिए अवगत कराया जाएगा

# अवैध कब्जेदार ने प्रधान के घर में चलाए ईंट-पत्थर

संवाददाता, संदलपुर

- मारपीट में ग्राम प्रधान घायल पांच के खिलाफ दी तहरीर
- तहसीलदार ने पैमाइश कर कब्जा हटाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** अवैध कब्जे की सूचना देने पर शुक्रवार की देर रात कब्जेदार के परिजनों ने प्रधान के घर पर ईंट पत्थर चला दिए। जिससे प्रधान समेत तीन लोग घायल हो गए।

संदलपुर ब्लाक क्षेत्र के फरीदपुर निर्टरा गांव निवासी प्रधान अश्वनी कुमार ने बताया कि उनके गांव निवासी उजागर लाल ग्राम पंचायत की भूमि पर जबरन अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करा रहे थे। इसकी सूचना तहसीलदार सिकंदरा को दी थी। इसी बात से नाराज़ होकर उजागर लाल के परिजनों ने उनके घर पर ईंट पत्थर चला दिए। जब विरोध किया तो उन्हें, उनके पिता नाथूराम व मां देवी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसकी तहरीर उन्होंने पांच लोगों के विरुद्ध थाना में दी है।



घायल ग्राम प्रधान।

डेरापुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। उन्हें डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। डाक्टरी रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। सिकंदरा तहसीलदार संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी है। लेखपाल को मौके पर जाकर पैमाइश कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

# बीएसएनएल में हर रोज पोर्ट हो रहे 170 नंबर

संवाददाता फतेहपुर

**12** दिन में 2045 उपभोक्ता जुड़े | **650** ग्राहकों ने सिम को कराया 4जी

अमृत विचार। बीएसएनएल में अपना फोन नंबर पोर्ट कराने वालों की संख्या बढ़ गई है। बीते 12 दिनों में 2045 उपभोक्ताओं ने अपना नंबर बीएसएनएल में पोर्ट कराया है। औसत देखा जाए तो हर रोज लगभग 170 लोग अपना नंबर बीएसएनएल में पोर्ट करा रहे हैं। इसे निजी दूरसंचार कंपनियों के टैरिफ में हुए बदलाव का असर कहें या कुछ और पर बीएसएनएल के अफसरों का भी मानना है कि इस माह पोर्ट कराने वालों की संख्या बढ़ी है। पोर्ट कराने वालों में खास तौर से युवाओं की संख्या अधिक है।

तीन जुलाई से निजी दूरसंचार कंपनियों के 5जी टैरिफ प्लान की कीमतें बढ़ गई है। हालांकि बीएसएनएल के पास अभी 5जी की सुविधा नहीं है। बीएसएनएल ने अभी हाल ही में 4जी सेवा शुरू की है। पोर्ट कराने वालों की संख्या से साफ है कि उपभोक्ताओं को बीएसएनएल का 4जी प्लान भी आकर्षित कर रहा है, इसके पीछे प्रमुख वजह इसका प्लान निजी दूरसंचार कंपनियों की अपेक्षा सस्ता होना माना जा रहा है।

एक से 12 जुलाई के बीच 2045 उपभोक्ताओं ने अपना नंबर बीएसएनएल में पोर्ट कराया है। इसी अवधि में बीएसएनएल के 650 ग्राहकों ने अपना सिम 4जी में अपग्रेड भी कराया है। बीएसएनएल के शादीपुर स्थित कार्यालय में हर रोज लोग अपना सिम पोर्ट कराने पहुंच रहे हैं। यहां पर थर्ड पार्टी एजेंसी के श्याम कुमार ने बताया कि पोर्ट कराने वालों में एक निजी दूरसंचार कंपनी के उपभोक्ताओं की संख्या ज्यादा है।

> हमने लगातार अपनी सेवा को बेहतर रखने का प्रयास किया है। 12 दिनों के भीतर बीएसएनएल को लेकर ग्राहकों का विश्वास पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है।
> –राहुल कुमार, सीडीई बीएसएनएल

## बुखार से पीड़ित बालिका की मौत

कानपुर देहात। संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह में बुखार का प्रकोप शुरू होने लगा है। गुरदई डेरा गांव में तीन दिन से बुखार पीड़िता की हालत बिगड़ गई।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के गुरदई डेरा गांवड निवासी मन्नू की आठ वर्षीय पुत्री खुशी को पिछले तीन दिनों से बुखार आ रहा था। इसके बाद साथ ही उसे तेज झटके भी आ रहे थे। गांव में इलाज कराने के बाद भी आराम न मिलने पर परिजन उसे सिकंदरा सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने बालिका को अकबरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# सात बार सर्पदंश से परेशान होकर विकास बोला, अब फिर डसेगा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


पीड़ित विकास

● पीड़ित बोला शनिवार और रविवार को ही डसता हैं सांप

अमृत विचार। जिले के मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा गांव के निवासी 24 वर्षीय विकास द्विवेदी ने एक बार फिर चौंकाने वाला खुलासा किया है। विकास का दावा है कि उन्हें पिछले महीने से अब तक सात बार सांप काट चुका है और अगला हमला अगले शनिवार को होने की संभावना है।

पीड़ित विकास ने बताया कि 2 जून को पहली बार उन्हें सांप ने काटा था। दूसरी बार जब वह बाथरूम में नहा रहे थे, तब एक काले रंग के सांप ने उन्हें फिर से काटा। उन्होंने सांप को पूंछ से पकड़कर बाहर निकाला। विकास का कहना है कि उनकी जान को खतरे में डाल दिया है। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ राजीव नयन गिरी ने डिप्टी सीएमओ, एडिशनल सीएमओ और फिजीशियन की एक टीम बनाई है, जो विकास की स्थिति की जांच करेगी। सीएमओ ने एक विशेष जांच टीम का गठन किया है जो इस असामान्य घटना के पीछे के कारणों का पता लगाएगी, अब सभी की निगाहें जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी हैं। लेकिन शनिवार को जांच टीम हरकत में आई तो पता चला कि पीड़ित का उसके परिजन बाला जी देव स्थान लेकर चले गए हैं। उसके बाद जांच पीड़ित का इलाज करने वाले डाक्टर से मिले जहां उन्होंने मामले की जानकारी हासिल की।

## एक नजर

### मारपीट का लगाया आरोप

बिन्दकी। कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव निवासी शिवदास पुत्र दिरपाल ने कोतवाली पहुंच पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में अपने घर के सामने वह वर्षो से अपने मवेशी बांधता आ रहा है। गांव के ही कुछ लोग दबंगई के बल पर कब्ज़ा कर रहे है। जब उनका विरोध किया तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### युवक को सर्प ने डसा, भर्ती

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के उरदौली गांव निवासी रामस्वरूप का पुत्र सुनील शनिवार सुबह खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### चोरों ने ताला तोड़ा

औंग। औंग कस्बा निवासी अरविन्द पाण्डेय के बन्द मकान का शुक्रवार की रात चोरों ने ताला तोड़ दिया। पड़ोसी राजकुमार गुप्ता को जब कुछ आहट हुई तो फोन करके उन्हें जानकारी दी। लेकिन बन्द मकान के दूसरी तरफ उसका लड़का सोया था जब तक वह जागता तब तक मचाया चोर भाग खड़े हुए। अरविन्द के बेटे राजा पाण्डेय ने 112 नंबर पर सूचना दी।

### बालिकाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 अभियान व ऑपरेशन जागृति चलाया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए 63,200 वाद

## निस्तारण कर 15.94 करोड़ रुपये वसूला गया अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान माता सरस्वती के चित्र पर माला पहनाते जिला न्यायाधीश।

● सुलह-समझौते के आधार पर मामले निपटारे को उमड़ी वादकारियों की भीड़

अमृत विचार। शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 630200 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं वादों का निस्तारण कर 15 करोड़ 94 लाख 87 हजार 894 रुपये अर्थदंड भी वसूला गया। सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों के निपटारे के लिए दीवानी परिसर में सुबह से वादकारियों की खासी भीड़ रही।

रणंजय कुमार वर्मा जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, ग्राम न्यायालय बिन्दकी, वाह्य न्यायालय बिन्दकी, तहसील सदर, खागा, बिन्दकी में किया गया। जिसका शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश ने विटनेश कक्ष दीवानी न्यायालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा एवं अजय सिंह-प्रथम, अपर जिला जज के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का संचालन किया गया। दीवानी न्यायालय परिसर फतेहपुर, खागा न्यायालय परिसर, ग्राम न्यायालय, बिन्दकी परिसर, कलेक्टेट परिसर, समस्त तहसील परिसर, समस्त नगर पालिका एवं समस्त नगर पंचायत परिसर, श्रम कार्यालय परिसर, समस्त विद्युत वितरण खण्ड परिसर, कार्यालय दूर संचार एवं संचालित समस्त बैंको द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

विभिन्न न्यायाधीशों ने वादों का निस्तारण करते हुए अर्थदंड वसूल किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 63200 वादों का निस्तारण कर 15 करोड़ 94 लाख 87 हजार 894 रुपये अर्थदंड वसूला गया। जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने समस्त न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारीगण, अधिवक्ताओं, जिला बार एसोसिएशन, के अध्यक्ष व सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि को लोक अदालत को सफल बनाने एव सहयोग करने के लिए अभार व्यक्त किया।

# अमौली सीएचसी में इलाज को भटकते रहते हैं मरीज

संवाददाता अमौली


सीएचसी में डॉक्टर की खाली पड़ी कुर्सी। अमृत विचार

अमृत विचार। अमौली विकास खण्ड मुख्यालय में स्थिति सीएचसी अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं राम भरोसे चल रही है। स्वास्थ्य अधीक्षक से लेकर डॉक्टर, कर्मचारी समय पर न पहुंचकर मनमानी ढंग से ड्यूटी कर रहे हैं। जब की खुलने का समय सुबह 8 बजे से 2 बजे तक निर्धारित है।

यहां इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध है। सीएचसी के तहत आने वाले गांवो से मरीज 5 से 10 किमी की दूरी तय करके गर्मियों के दिनों में धूप से बचने के लिए समय से इलाज के लिए पहुंचते है। मगर डाक्टरों का मरीज घंटो इंतजार करते हैं कुछ तो मायूश होकर निजी अस्पतालों का सहारा लेते है। शनिवार को सीएचसी की पड़ताल में अस्पताल में खामियां ही खामियां नजर आयी। अधीक्षक सहित सभी डॉक्टर सुबह 9 बजे तक नदारद रहे और मरीज इलाज के लिए इंतजार कर तड़पते दिखे। अस्पताल के अंदर गंदगी, बेड में बिछे गंदे चादर, प्रसूताओं के लिए सुविधाएं ध्वस्त, डिलेवरी के नाम पर अवैध उगाही, पीने के पानी के लिए वाटर फ्रीज धूल खाते दिखे। तीमारदारों को पीने के लिए स्वच्छ जल लिए मरीज भटकते रहे।

> जल्द ही सीएचसी का औचक निरीक्षण किया जायेगा खामियां पाये जाने पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।
> –डॉ. राजीव नयन, सीएमओ

कुछ मरीज़ो ने बताया की सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भटकना पड़ता है कोई भी डॉक्टर समय से नही बैठते जांच के नाम पर एक्सरे मशीन, पैथोलॉजी लैब की सुविधाएं होने के बावजूद बाहर से जांच कराते हैं। मानमनौवल के बाद डॉक्टर देखते भी है तो दवा सीएचसी के बाहर मेडिकल स्टोर में लेने का दबाव बनाते है। जिस कारण निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उन्ही के विभागीय अफसर से लेकर स्वास्थ्य कर्मी शासन की मंशा के अनुरूप काम न कर पानी फेर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### पुरानी रंजिश में सराफा कारोबारी को पीटा

फतेहपुर। पुरानी खुन्नस में सराफा कारोबारी को हमलावरों ने पीटकर मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने बलवा, मारपीट, तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है। ज्वालागंज निवासी रोहित सराफ कारोबारी हैं। बताया कि एक जुलाई की शाम उधारी लेने नउवाबाग गए थे। रुपये लेकर घर आते समय डाक बंगले के पास करीब आठ बजे सादीपुर के राघव ठाकुर ने साथियों खुशवक्तराय नगर के राजन, प्रशांत शुक्ला, नागराज बाजपेयी उर्फ गुड्डू पंडित व छह सात अन्य के साथ रोक लिया।ये लोग लाठी-डंडा, तमंचा लिए थे, गाली गलौज करने लगे। विरोध पर पीटकर घायल कर दिया। उसका फोन तोड़ दिया। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### ट्रक से चोरों ने मोबाइल चुराया

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बडौरी टोल प्लाजा में खड़े ट्रक से अज्ञात बाइक सवार चोरों ने मोबाइल पार कर दिया। वारदात के वक्त भुक्तभोगी ट्रक ड्राइवर व क्लीनर दोनों पास की होटल में नाश्ता करने गये थे। भुक्तभोगी ट्रक चालक महिपाल शुक्ला पुत्र रामजस निवासी बलीपुर थाना अमेठी की दी गई लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल व चोरों की सुरागरशी में जुट गई है।इस दौरान पुलिस ने चोरों की पहचान के लिए टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला है।

### डीजे बजाने से मना करने पर दबंगों ने की पिटाई

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के पथरी में जयकरण पुत्र पंचा अपने घर में डीजे बजा रहा था। पड़ोसी सुनील पुत्र रामजियावन की मां को हृदय रोग है। सुनील ने पड़ोसी को डीजे बजाने से मना किया तो पड़ोसियों को यह बात नगवार गुजरी। जिसके बाद नाराज होकर जयकरण, रामकरण, राजकरण रामचंद्र पुत्रगण पंचा ने सुनील की पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर बीज बचाव में आए सुनील के भाई हरिश्चंद्र को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। स्थानीय लोगों की माने तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने लड़ाई झगड़े में प्रयुक्त औजार बरामद कर लिए जबकि मारपीट करने वाले मौके से फरार हो गए। पीड़ित सुनील की तहरीर पर राजकरण, रामकरण जयकरन, रामचंद्र पुत्रगण पंचा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पीड़ित को विधिक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

### डीसीआर विधि से धान की सीधे बुवाई

असोथर। अब धान की नर्सरी डालना, फिर खेत में पानी भरना और धान रोपाई से मुक्ति पाई जा सकती है। डीसीआर विधि के माध्यम से धान के बीज सीधे खेत में बोया जा सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है। असोथर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से ग्राम जरौली में प्रगतिशील किसान दिनेश सिंह ने। इन्होंने लगभग 3 हेक्टेयर खेत में धान की बासमती 1718 प्रजाति का बीज बोया है। असोथर एफपीओ के जयदेव सिंह ने बताया कि धान की सीधी बुआई से श्रम की बचत, पानी की बचत, धान की नर्सरी नहीं डालना पड़ता, लागत में काफी कमी होने के साथ साथ धान रोपने के झंझट से बचा जा सकता है। प्रगतिशील किसान द्वारा शुरू की गई नई विधि से अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं।

### लेखनी के हुनरमंद बच्चों को निखारने का प्रयास

फतेहपुर। लेखनी में हुनर दिखाने वाले छात्र-छात्राओं का हुनर निखारने के लिए गोविंद प्रकाशन ने कदम बढ़ाया है। ममला फाउंडेशन के साथ मिलकर स्कूलों के बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता कराने का अभियान छेड़ रखा है। शनिवार को कई स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता के उत्कृष्ट बच्चों को संस्था द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। शहर के मुराइन टोला से संचालित राष्ट्र स्तरीय गीत गोविंद प्रकाशन तीन वर्ष से लेखकों एवं संपादकों की पुस्तक प्रकाशित करता आ रहा है। दोआबा में भी ऐसे कई लेखक होंगे जो लेखन क्षेत्र में रुचि रखते हैं अत: उनकी मदद एवं उनके हुनर को निखारने के लिए गीत गोविंद प्रकाशन ने ममता फाउंडेशन के साथ एक अभियान चलाया है। जिसमें वह जिले के सभी विद्यालयों में निशुल्क निबंध प्रतियोगिता कराते हुए बच्चों को सम्मानित करेंगे। जो विद्यार्थी सर्वश्रेष्ठ होंगे उन सभी लेखों की एक पुस्तक भी बनाई जाएगी जो हमारे फतेहपुर की शान को बढ़ाएगा। अभियान को मुख्य रूप से सावन गुप्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, हार्दिक अग्रहरी संचालक गीत गोविंद प्रकाशन एवं नीतेश श्रीवास्तव संचालक ममता फाउंडेशन चला रहे हैं। शनिवार को पक्का तालाब स्थित आरएस एक्सेल इंग्लिश एकेडमी ने विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 88 छात्र एवं छात्राओं ने नि:शुल्क हिस्सा लिया। इस मौके पर अध्यापिका आकांक्षा सिंह वैश, हार्दिक अग्रहरी, नितेश श्रीवास्तव, यश श्रीवास्तव, राधा देवी, हर्षित, रमन आदि मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार ने यमुनोत्री गौशाला का किया निरीक्षण

किशनपुर। विजयीपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मड़ौली में बनी यमुनोत्री गौशाला का शनिवार को नायब तहसीलदार ने निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं को जांचा परखा। इस दौरान उनके साथ डिप्टी सीवीओ, पशु चिकित्सक, समेत सचिव और लेखपाल भी मौजूद रहे। निरीक्षण पर गौशाला पहुंचे नायब तहसीलदार शशांक सिंह ने गौशाला की व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्होंने स्टाक रजिस्टर व जानवरों के खाने पीने की सामग्री भी जांच की। जांच के दौरान गौशाला में करीब चार सौ गोवंश बंद मिले। वहीं गौशाला की साफ सफाई देख नायब तहसीलदार ने सराहना की। गौशाला में एक भी जानवर बीमार नहीं मिला। वहीं गोवंशो के खाने के लिए पशु आहार भूसा आदि भी पर्याप्त मात्रा में पाया गया। इस दौरान उन्होंने ने जानवरों को हरा चारा खिलाने पर जोर दिया। गौशाला में मौजूद सभी पशुपालकों से नायब तहसीलदार ने जानवरों के चारा देने की तरीके की भी पूछताछ की। यमुनोत्री गौशाला में कुल चार सौ गोवंश बंद हैं। उनके देख रेख के लिए नौ पशुपालक भी लगाए गए हैं। जो समय समय पर गौशाला की साफ सफाई गोवंशो की खाने पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। वहीं निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीवीओ डाक्टर अविनाश कुमार, पशु चिकित्सक डाक्टर देवेन्द्र सिंह, सचिव बाबूलाल, राजस्व लेखपाल दिलीप कुमार श्रीवास्तव व प्रधान प्रतिनिधि शिवचंद्र निषाद भी मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में 24 शिकायतों का हुआ निस्तारण

फतेहपुर। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मलवां पर जनसमस्याओं को सुना गया। इसी तरह अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जाफरगंज पर जनसुनवाई की गयी। जहां समय से और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इसी तरह थाना समाधान दिवस पर क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थानों पर जनसमस्याओं को सुना गया औ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस में कुल 213 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 179 राजस्व से सम्बन्धित, 34 पुलिस से सम्बन्धित रहे। इनमे से राजस्व टीम के साथ आठ प्रार्थना पत्रों तथा पुलिस से सम्बधित 16 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। बताया कि शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संबंधितों द्वारा किया जा रहा है।

### तीन दिन से नहीं हुई बारिश फिर तपने लगा दोआबा

फतेहपुर। जुलाई माह में झमाझम बारिश न होने से मौसम में आई तल्खी से वातावरण में उमस बढ़ने से जनजीवन एक बार फिर अस्त-व्यस्त हो गया है। धूप के साथ हवा में आद्रता कम होने से जहां पसीने से लथपथ लोग बेहाल हो रहे हैं तो वहीं घबराहट और बेचैनी की भी समस्या लोगों में बढ़ रही है। शनिवार को पूर्वानुमान के बावजूद बारिश नहीं हुई। काले बादल भी आए लेकिन बिन बारिश के हवा में उड़ गए। बारिश के बाद निकल रही तेज धूप ने एक बार फिर लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शनिवार को सुबह से ही तेज धूप के साथ उमस बढ़ने से लोग पसीने से डूबे नजर आए।

# परिषदीय स्कूलों में 20 को रोपे जाएंगे 34 हजार पौधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● बेसिक शिक्षा विभाग को पौधरोपण का दिया गया लक्ष्य

अमृत विचार। प्रदेश में 20 जुलाई को पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान जिले का बेसिक शिक्षा महकमा 34 हजार पौधों का रोपण करेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष 36.46 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य दिया है। जिसके सापेक्ष वन विभाग ने पौधरोपण व उनके संरक्षण की तैयारी की है। इसी क्रम में पौधरोपण अभियान में सभी विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमे बेसिक शिक्षा विभाग को 15.43 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जनपद कानपुर देहात को 34 हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य है। इस बावत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है।

प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि वह प्रत्येक दशा में नर्सरी से पौधों का उठान समय में कर विद्यालय में सुरक्षित रखें। जिन्हें 20 जुलाई को विद्यालय परिसर में रोपित कराना है। तैयार गड्ढ़ों में कीटनाशक एवं गोबर खाद का उपयोग करें। इसके बाद ही पौधों को रोपित करेंगे। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के 20 जुलाई को पौधों का रोपण किया जाएगा।

## मंगलपुर इंस्पेक्टर निलंबित, 6 निरीक्षकों में फेरबदल

कानपुर देहात। कार्यों में लापरवाही पर एसपी ने मंगलपुर इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। छह निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया गया है। मंगलपुर थाने में दर्ज कई मामलों की अनदेखी पर प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह को एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने निलंबित कर दिया है। इसके अलावा रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह को रसूलाबाद थाना प्रभारी, रसूलाबाद थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी को रूरा थाना प्रभारी, वाचक पुलिस अधीक्षक कृष्णानंद राय को कोतवाल शिवली, कोतवाल शिवली संजय कुमार गुप्ता को थाना प्रभारी मंगलपुर, प्रभारी चुनाव सेल लालजी सिंह को वाचक पुलिस अधीक्षक व प्रभारी वीआईपी सेल शैलेंद्र कुमार मिश्र को अतिरिक्त चुनाव सेल किया।

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर के चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में शनिवार को 26वां स्थापना दिवस मनाया गया। परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों से बच्चों ने ऐसा धमाल मचाया कि मौजूद लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार व विशिष्ट अतिथियों प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर इंजीनियर प्राची श्रीवास्तव, सीपीएस की प्रधानाचार्य डा. पद्मालया दास चौधरी, रेखा श्रीवास्तव, अनुराधा श्रीवास्तव, नीलम सिंह, प्रखर सिंह, मयूर श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्जवलित कर व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने रोली से तिलक करके पुष्प गुच्छ भेंट किया। स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। डाक्युमेंट्री फिल्म आरंभ-अ-सागा पर आधारित मनमोहक, शानदार नृत्य व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उत्सव को सजाया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रमों की सराहना की। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही विद्यालय की स्थापना, उत्कृष्ट बोर्ड रिजल्ट, उन्नति, सफलता और विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्टेट व नेशनल स्तर पर विशेष पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए किए गए प्रयासों आदि की जानकारी प्रदान की। 95 प्रतिशत से अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विविध पुरस्कार दिए। हेड मिस्ट्रेस रीना शुक्ला ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार जताया।

**हुनर** | कक्षा 10 के छात्र की प्रतिभा के सभी हुए कायल, बाइक देखने के लिए उत्सकुता

# छात्र ने कबाड़ से 40 हजार रुपये में बनाई इलेक्ट्रिक बाइक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


खुद के द्वारा तैयार की गई इलेक्ट्रिक बाइक में सवार शौर्य। अमृत विचार

अमृत विचार। मन में सच्ची लगन और मेहनत करने वालों की मंजिल खुद ब खुद कदम चूमने को मजबूर होती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है शहर के प्लेवे इंग्लिश स्कूल के हाईस्कूल के छात्र शौर्य द्विवेदी ने। शौर्य ने कबाड़ से ही इलेक्ट्रिक बाइक बना कर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि अपने माता पिता का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। शनिवार को मेधा की प्रतिभा देखने के लिए उनके आवास में लोग जमा रहे।

गौतमनगर निवासी व जिला अस्पताल में कार्यरत मनीष द्विवेदी के पुत्र शौर्य द्विवेदी ने बताया कि पिता की बाइक का रोज़ रोज़ पेट्रोल खत्म होने व घर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अपने पिता के लिये इलेक्ट्रिक बाइक बनाने का विचार आया। कबाड़ से पुरानी बाइक की बॉडी चार हज़ार रुपए में खरीदने के बाद उसमें कुछ बदलाव करने के बाद इलेक्ट्रिक रिक्शा की मोटर व अधिक बैकअप देने के लिए लिथियम बैटरी लगा दिया। स्टार्ट व कंट्रोल पैनल ई-रिक्शा का लगाने के बाद इलेक्ट्रिक बाइक तैयार हो गई। इलेक्ट्रिक बाइक में तीन अलग अलग स्पीड मोड़ हैं। यह रिवर्स में भी चल सकती है।

### एक बार के चार्ज चलती 80 किमी

मेधा ने बताया कि बाइक को एक बार चार्ज करने के बाद 80 किमी की दूरी तय करेगी। शौर्य द्विवेदी के पिता मनीष द्विवेदी ने बताया कि बेटे की लगन देखकर उनके द्वारा उसके सभी प्रयोगों व कार्यो की सराहना कर बढ़ावा देने की कोशिश की जाती है। वहीं शौर्य ने बताया कि उसके मन में आने वाले वैज्ञानिक विचारों को घर के सभी सदस्यों द्वारा सराहा जाता है।

### आठ माह लग गए इलेक्ट्रिक बाइक बनाने में

मेधा ने बताया कि एक नामी गिरामी कम्पनी की डेढ़ लाख रुपये कीमत की इलेक्ट्रिक बाइक को देखकर उसके मन में अपने पिता के लिए बाइक बनाने का आइडिया आया। स्कूल की पढ़ाई के बीच बाइक को बनाने में उसे आठ महीने का समय लगा। इस दौरान विभिन्न पुर्जो के लिए अलग अलग कम्पनियों के पाट्र्स का सहारा लेना पड़ा और लगभग चालीस हजार रुपये में उसकी बाइक तैयार हो गई। शौर्य की बाइक चार सौ किलो तक का वजन ले जाने में भी सक्षम है।

### साधारण साइकिल को बना चुके इलेक्ट्रिक

शौर्य इससे पहले अपनी साधारण साइकिल को इलेक्ट्रिक साइकिल के तौर पर तैयार कर चुके हैं। जबकि उनके द्वारा थर्माकोल व अन्य नार्मल पुर्जों की मदद से फ्रिज व कूलर भी बनाया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर पिता मनीष द्विवेदी समेत मोहल्ले वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### स्कूल प्रबंधक-प्रधानाचार्य ने दी बधाई

प्लेवे इंग्लिश के प्रबंधक हुसैन अख्तर जाफरी व प्रधानाचार्य इरम जाफरी ने भी छात्र की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रबंधक ने बताया कि छात्रों में तमाम प्रतिभाएं छिपी रहती है। जरुरत होती है उनको निखारने की।

## दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

फ़तेहपुर। युवती के साथ दुष्कर्म व आत्महत्या का दबाव बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस पर आरोपी को संरक्षण देने का आरोप लगा था।

खखरेरू थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने वांछित अभियुक्त मोहम्मद तौहीद उर्फ फ़हद पुत्र मोहम्मद मुस्तफा निवासी विजय नगर कस्बा खखरेरू को गिरफ्तार किया है जो कि स्थानीय थाने से दलित नाबालिग किशोरी से जबरन दुराचार व आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में वांछित था। इसी क्रम में ललौली थाने के उपनिरीक्षक विद्या प्रकाश सिंह ने वांछित अभियुक्त रज्जन निषाद पुत्र चंदू निवासी नया डेरा मुत्तौर को मुत्तौर बाजार से गिरफ्तार किया है जो कि स्थानीय थाने से महिला से दुराचार मामले में वांछित था। गिरफ्तार किये गये दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया।

# वाहन चालकों पर लगाया 2.5 करोड़ का जुर्माना

संवाददाता फतेहपुर

- ट्रैफिक नियमों को तोड़ने पर हो रही कार्रवाई
- नहीं आई हादसों में कमी अभियान जारी

**अमृत विचार।** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए प्रदेश सरकार के आदेश पर ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान के साथ नियम तोड़ने पर वाहन चालकों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है। उसके बाद भी सड़क हादसों में कमी नहीं आई है।

यातायात पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चालकों को पम्पलेट के माध्यम से नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उसके बाद भी वाहन चालक नियम तोड़कर वाहन चलाते नजर आ रहे हैं। यातायात डीएसपी होरीलाल ने बताया कि जिले में अब तक करीब ढाई करोड़ रुपए का जुर्माना ट्रैफिक नियम तोड़ने पर ट्रक, बस, छोटे वाहन, बाइक सवार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शहर के ज्वालागंज चौराहा, पटेल नगर, वर्मा चौराहा, शांति नगर, लखनऊ बाईपास, सदर अस्पताल के पास लगातार ट्रैफिक पुलिस के जवान पम्पलेट के माध्यम से जागरूक करने का काम कर रहे हैं। उसके बाद भी कार सवार नशे में वाहन चलाते हैं और सीट बेल्ट तक नहीं लगाते हैं।


पंपलेट देकर जागरूक करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

बाइक पर तीन लोग चलते हैं और हेलमेट नहीं पहनते हैं। शहर में करीब सात हजार से अधिक ई-रिक्शा चलते हैं, जिसमें बहुत से ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन नहीं है और उनकी हालत सड़क पर चलने लायक नहीं है। ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभी इस में अब तक करीब चार सौ के ऊपर छोटे बड़े वाहन के साथ बाइक सवार पर जुर्माना लगाकर वसूली की गई है। डीएसपी ने अपील करते हुए कहा कि बाइक सवार हेलमेट जरूर पहने और कार चालक सीट बेल्ट लगाए और नशे में गाड़ी न चलाये क्योंकि घर पर कोई आपका इंतजार करता है।

## प्रेमी के साथ भागी महिला, पति ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बिन्दकी।** पिछले माह पति के घर से बाहर काम पर गया था। तभी पत्नी अपने प्रेमी के साथ चली गई। पति की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला 17 जून को किसी को बिना बताये घर से चली गई। जब महिला का पति काम से वापस घर पंहुचा तो पत्नी नहीं दिखी। काफी खोजबीन किया तो पता चला की डीघ गांव निवासी अंगद पुत्र मुखिया ने महिला को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# ब्यूटी पार्लर के खर्च को लेकर हुआ विवाद, दुल्हन ने लौटाई बारात

संवाददाता फतेहपुर

- वर और वधू पक्ष में हुआ विवाद, पुलिस पहुंची
- मलवां थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव का मामला

**अमृत विचार।** ब्यूटी पार्लर के खर्च को लेकर वर और वधू पक्ष के बीच विवाद हो गया। दूल्हे के अपशब्द बोलने पर नाराज दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया। दोनों पक्षों की सहमति के बाद बरात लौट गई।



बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मलवां थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव से जयसिंह की बारात पहुंची थी। बरातियों को नाश्ता कराया जा रहा था। दुल्हन भी ब्यूटी पार्लर से सजकर पहुंच गई। इस दौरान दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे के घरवालों से ब्यूटी पार्लर का खर्च मांगा, लेकिन उन लोगों ने खर्च देने से मना कर दिया। विवाद बढ़ने पर दूल्हे ने दुल्हन के घरवालों को अपशब्द बोलकर देख लेने की धमकी दी।

इससे दुल्हन नाराज हो गई और उसने तत्काल शादी करने से इन्कार कर दिया। पक्षों के बीच शुक्रवार शाम तक काफी प्रयास किया गया, लेकिन दुल्हन शादी के लिए राजी नहीं हुई। पुलिस के पहुंचने पर दोनों पक्ष में समझौता हुआ। लड़का पक्ष लड़की पक्ष को शादी का खर्चा देने के लिए तैयार हुआ। इसके बाद बारात बिना दुल्हन के लौट गई। जोनिहां चौकी इंचार्ज कालिका प्रताप सिंह ने बताया कि किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है। पक्षों के बीच समझौता हुआ है।

# स्टाफ की कमी से जूझ रहा मलेरिया विभाग

## 1 जुलाई से चलाया जा रहा विशेष संचारी रोग अभियान, सहायक मलेरिया अधिकारी का पद लंबे समय से खाली

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बारिश ने मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है। मच्छर जनित बीमारियों से रोकथाम को 1 जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि बीमारियों पर नियंत्रण पाने का जिम्मेदार मलेरिया विभाग खुद स्टॉफ और संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में मच्छर जनित बीमारियों पर अंकुश लगाना मुश्किल साबित होगा।

समय रहते वेक्टर जनित बीमारियों पर रोकथाम को स्वास्थ्य विभाग ने रणनीति तो बनाई मगर कर्मियों की कमी से योजना फेल होती नजर आ रही है। जिले में एक जुलाई से विशेष संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत संक्रमित जगहों पर एंटीलार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराना, संभावित मरीजों की पहचान करना मलेरिया विभाग की जिम्मेदारी है। वहीं स्टॉफ की कमी होने से मलेरिया विभाग अपनी जिम्मेदारी ठीक ढंग से पूरी नहीं कर पा रहा है। जानकारों मलेरिया विभाग में कीट संग्रहकर्ता का पद लंबे समय से रिक्त है। कीट संग्राहक ही मच्छरों की पहचान कर, आबादी वाले क्षेत्रों में मच्छरों के घनत्व की जांच करता है। कीट संग्राहक ही मच्छरों की ब्रीडिंग की जानकारी विभाग तक पहुंचाता है। जिसके बाद विभाग मच्छरों से निजात दिलाने के लिए अभियान चलाता है। ऐसे में पद सृजित होने के बाद भी तैनाती न होने का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं मच्छरों की रोकथाम के लिए जमीनी स्तर पर काम करने के लिए विभाग में नौ फील्ड वर्कर के पद सृजित हैं। इसके सापेक्ष महज दो वर्कर की ही तैनाती है जिसके जरिए विभाग अपनी गतिविधियों को संचालित करता है। सहायक मलेरिया अधिकारी का पद भी लंबे समय से रिक्त है। ऐसे में कर्मचारियों की कमी से वेक्टर जनित रोगों पर रोकथाम लगाना मुश्किल हो रहा है।


शहर के अलग-अलग स्थानों में गंदगी का अंबार। अमृत विचार

### वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक के चार पद, 1 की तैनाती

दवा और एंटीलार्वा का छिड़काव समेत कई काम मलेरिया निरीक्षक के जिम्मे होते हैं। लंबे समय से वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक के रिक्त पद पर एक तैनाती की गई है। बताते चलें कि मलेरिया विभाग में वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक के चार पद हैं। तीन पदों पर निरीक्षक तैनात हैं।

### 1 किट से 100 मरीजों की जांच

डेंगू जांच के लिए शासन ने दो एलाइजा किट मुहैया कराई हैं। इसके जरिए करीब दो सौ मरीजों की डेंगू जांच हो सकेगी। बताते चलें कि सबसे पहले रैपिड डॉयग्नोस्टिक टेस्ट के जरिए की जाती है।

शासन से कई बार रिक्त पदों पर कर्मियों की नियुक्ति की मांग की जा चुकी है। जल्द ही तैनाती की जाएगी। इससे मच्छरों की रोकथाम संबंधी अभियान चलाने में मदद मिल सकेगी।

-डॉ. इश्तियाक अहमद, एसीएमओ

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अलियाबाद में शनिवार की दोपहर घर के बाहर बने कमरे में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के चाचा ने गांव के ही चार लोगों पर दो दिन पूर्व मारने-पीटने का आरोप लगाया है। बिन्दकी कोतवाली के अलियाबाद गांव निवासी चंद्रभान का पुत्र विनय ने शनिवार दोपहर घर के बाहर बने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के दादा गुलबदन सिंह ने बताया कि गांव में दो माह पूर्व चोरी हुई थी। जिस पर झूठा आरोप लगाते हुए दस व 11 जुलाई को उसके भतीजे को बुरी तरह पीटकर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने गांव के ही एक युवक को उठाया था। पुलिस को जब सच्चाई पता चली तो उसे छोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने चारों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

## सार-संक्षेप

### नशे में धुत सिपाहियों ने दुकानदार से की बदसलूकी

**फतेहपुर।** पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाले पुलिस कर्मियों के वीडियो आयदिन वायरल होते रहते हैं। ऐसा ही एक वीडियो शनिवार को वायरल हुआ और पुलिस की खूब किरकिरी हुई। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। खागा कोतवाली के दो सिपाहियों ने पहले एक दुकान में बैठकर जबरन शराब पी और चखने का पैसा मांगने पर गाली-गलौज की। मामला खागा कस्बे का है, जहां शराब की एक दुकान के बगल में स्थित एक दुकान में बैठकर कोतवाली के दो सिपाहियों ने पहले शराब पी और बाद में दुकानदार द्वारा चखने का रुपये मांगने पर गाली गलौज की। बताया कि दोनों सिपाही आयदिन वर्दी की धौंस दिखाकर दुकान में जबरन बैठकर शराब पीते हैं और वहीं से चखना भी खाते हैं। चखने का रुपये मांगने पर गाली गलौज व बदसलूकी भी करते हैं। वहीं रोड से निकलने वाले लोगों से भी बदसलूकी करने का भी आरोप लगाया है। बताया कि शनिवार को एक सिपाही ने वर्दी उतारकर शराब पी और दूसरे ने वर्दी पहने हुए। वीडियो वायरल होते ही एसपी ने पूरे मामले की जांच खागा कोतवाली प्रभारी को सौंपी है।

### निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र के खलीलनगर में नए घर के निर्माण के दौरान शनिवार को दूसरी मंजिल से गिरकर एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मिश्रामऊ गांव निवासी राजमिस्त्री शंभू दयाल शहर के खलीलनगर निवासी निसार अहमद के घर का निर्माण कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह अपने साथ गांव के ही मजदूर शिवरतन पुत्र चंद्रभूषण को लेकर आया था। दिन में लगभग 11 बजे दूसरी मंजिल में काम करने के दौरान पैर फिसलने से शिवरतन नीचे गिरकर घायल हो गया। जिसे तत्काल सदर अस्पताल लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवक की पिटाई मामले में बयान लेने पहुंचे सीओ

**फतेहपुर।** बकेवर थाना व कस्बे में टेंट हाउस में काम करने वाले दलित युवक की पिछले दिन बेरहमी से हुई। पिटाई में गम्भीर रूप से घायल होने की घटना को लेकर पिटाई कर घायल करने वाले युवक के खिलाफ दर्ज की गई। मामले में शनिवार को सीओ बिंदकी व नायब तहसीलदार ने पीड़ित के घर जाकर उसके बयान दर्ज किए और घटनास्थल का मुआयना किया। शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक बिंदकी सुशील कुमार द्विवेदी सहित अधिकारियों ने पंचमपुरवा मजरे जगदीशपुर निवासी शिवम कोरी के घर जाकर बयान लिए और उसके परिजनों को कडी कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया। पीड़ित तीन दिन पूर्व अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर आया था। बता दें कि शिवम कोरी एक टेंट हाउस में काम करता है। 30 जून की रात बकेवर बुजुर्ग के रहने वाले कुछ युवकों ने किसी बात को लेकर उस समय पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। मामले में आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष कौशल वाल्मीकि के नेतृत्व में एक दल ने जिला अस्पताल जाकर देखा और जिलाधिकारी सी इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह को शिवम के पिता संतोष की ओर से एक प्रार्थना पत्र देकर घटना से वांछित आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। मामले में सीओ सुशील कुमार द्विवेदी का कहना है कि वादी और घायल युवक के बयान दर्ज किए गए हैं। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 10 साल से फरार रेप का आरोपी गिरफ्तार

**बिधनू:** अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में 10 साल से फरार आरोपी युवक को बिधनू पुलिस ने फतेहपुर से गिरफ्तार किया है। अदालत से जमानत मिलने के बाद से वह फरार चल रहा था, जिस पर अदालत ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। पुलिस ने उसके गांव में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2013 में क्षेत्र के एक किसान की 15 वर्षीय बेटी को फतेहपुर जनपद के खजुहा चौकी क्षेत्र के नंदापुर गांव निवासी शिवसेवक उर्फ शिवा अगवा कर ले गया था। आरोपी ने किशोरी के साथ कई दिनों तक दुष्कर्म किया था। तब पुलिस ने दबिश देकर किशोरी को बरामद कर लिया था और आरोपित को जेल भेज दिया था। करीब चार माह बाद आरोपित अदालत से जमानत मंजूर होने पर बाहर आ गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि अदालत से जमानत मिलने के बाद से आरोपित शिवा फरार चल रहा था। न्यायालय के कई बार बुलाने पर भी वह हाजिर नहीं हुआ। करीब 10 साल से फरार दुष्कर्म के आरोपित के खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया था।

# फिर हुई ट्रक चालक से लूट, पकड़ से दूर आरोपी

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में लगातार हो रही लूट, छिनैती, टप्पेबाजी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं। पुलिस अपराध नियंत्रण और खुलासे करने में विफल हो रही है।

एक माह के अंदर जिले में दर्जनों लूट छिनैती की वारदात हो चुकी हैं जबकि चोरियों की संख्या एक सैकड़ा के करीब भी हो सकती है। अधिकतर मामलों में खुलासे का प्रयास करने के बजाय मामले को दफन करने में थानेदारों का ध्यान अधिक रहता है।

जबकि घटनाओं के खुलासे में अधिक से अधिक रिकवरी करना, पीड़ित से अपराधी की पहचान कराने के बाद ही खुलासा करना उचित होता है। मगर थानेदार, खुलासों के मामले में मनमानी करते हैं। शनिवार को एक और घटना हो गई। दोपहर में भिटौरा बाईपास के पास एक ट्रक चालक किसी काम से ट्रक खड़ाकर वहीं खड़ा था। उसी दौरान बाइक सवार बदमाश पहुंचे और नगदी लूटकर भागने लगे। मामले की तत्काल जानकारी पर पुलिस ने पीछा किया तो एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

### पूर्व में भी हो चुकी हैं घटनाएं

बता दें कि शहर क्षेत्र में लूट, छिनैती की घटनाओं को रोकने में फेल सदर कोतवाल राजेंद्र सिंह ने वर्मा चौराहे में लाखों के जेवरात की टप्पेबाजी के मामले में फर्जी खुलासा कर चुके हैं। मामले में एक भी जेवरात बरामद किए बगैर महज 13 सौ रुपये की नगदी बरामद दिखाकर खागा में पकड़े गए लुटेरे रोहित को घटना में शामिल होना बताया गया है। सवाल उठता है कि अगर रोहित घटना में शामिल था तो पुलिस को उसके साथियों को पकड़कर जेवरात की बरामदगी कर पीड़ित महिला विमलेश त्रिपाठी से पहचान कराकर खुलासा करना चाहिए था।

# बढ़ता जा रहा शिक्षकों का ऑनलाइन हाजिरी का विरोध

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय शिक्षकों का डिजिटल हाजिरी का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। विभिन्न संगठनों का साथ मिलने से इस आंदोलन का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। छठवें दिन भी शिक्षकों ने डिजिटल हाजिरी नहीं लगाई। काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने अपने अपने विद्यालयों में काम किया। वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर तय किया कि विरोध चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। जब तक मांगे नहीं पूरी की जाती हैं तब तक विरोध जारी रहेगा। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण न होने तक जनपद के परिषदीय अध्यापक डिजिटल हाजिरी के विरोध में मोर्चा संभाले हैं। विभागीय अधिकारियों के मान-मन्नौवल के बाद भी शिक्षक आंदोलन से पीछे नहीं हैं। बोले चाहे उनका निलंबन हो जाए लेकिन पीछे नहीं हटेंगे। शनिवार सुबह शिक्षक संगठनों के कड़े प्रयास से डिजिटल हाजिरी के विरोध को सफल बनाया गया। शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचते ही डिजिटल हाजिरी के विरोध में काली पट्टी बांध ली इसके बाद अध्यापन कार्य किया।


विरोध को जारी रखने के लिए बैठक करते शिक्षक। अमृत विचार

### समर्थन में उतरे सांसद

शिक्षकों द्वारा किए जा रहे आनलाइन हाजिरी के विरोध में जिले के सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल ने भी समर्थन किया है। शनिवार को उन्होंने शिक्षकों की मांगों का हवाला देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को एक पत्र भेज कर शिक्षकों की मांगों को पूरा करने और आनलाइन हाजिरी व्यवस्था को स्थगित किए जाने की मांग की है।

### शिक्षकों को मनाने में अफसरों के छूट रहे पसीने

डिजिटल हाजिरी के विरोध को लेकर बीएसए समेत अन्य शिक्षाधिकारियों ने स्कूल-स्कूल जाकर शिक्षकों को मनाने का प्रयत्न कर रहे हैं लेकिन शिक्षक अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। सख्ती की बजाय शिक्षकों को मोटिवेट करने को उन्होंने खंड शिक्षाधिकारियों और डीसी को भी लगाया गया है। सूत्र बताते हैं कि शिक्षकों के आंदोलन को देखते हुये इस बार बेसिक शिक्षा विभाग भी ज्यादा सख्ती के मूड़ में नहीं है। क्योंकि डिजिटल हाजिरी का विरोध जिस तरह से जिले में हो रहा है उसमें यदि सख्ती की गयी तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### चरणबद्ध होगा विरोध

शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तो संचालन महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया। महामंत्री ने बताया कि आनलाइन हाजिरी लगाने में शिक्षकों को कोई परहेज नहीं है लेकिन पहले सरकार शिक्षकों की लम्बित पड़ी मांगों के साथ नई व्यवस्था में आने वाली खामियों को दूर करे। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश स्तरीय संगठन के पदाधिकारियों के निर्देश पर चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### कल बीएसए कार्यालय में होगा धरना-प्रदर्शन

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अदीप सिंह ने बताया कि 15 जुलाई को अपनी मांगों के समर्थन में आनलाइन हाजिरी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बीएसए कार्यालय परिसर में सभी शिक्षक उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को आनलाइन हाजिरी लगाने को बाध्य किया जा रहा है। शिक्षक इसके विरोध में नहीं हैं। लेकिन लम्बे समय से हम शिक्षकों की मांगों को शासन द्वारा पूरी किया जाए।

**मोहर्रम का छठा दिन** सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा इंतजाम रहा, पुलिस ने ड्रोन से की निगरानी

# निकले जुलूस, ताजियों का हुआ मिलाप

संवाददाता फतेहपुर

- या हुसैन, या हुसैन के लगाए गए नारे

**अमृत विचार।** मोहर्रम के 6वें दिन शहर के प्रमुख जगह पर ताजिया का मिलाप हुआ। ताजिया का मिलाप देखने के लिए बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की भीड़ रही। मोहर्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के किया है। पुलिसकर्मी ड्रोन कैमरे से निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे।

शहर के पीरनपुर और सैय्यदवाड़ा से उठने वाले ताजियों का जुलूस लाला बाजार पहुंचा। धीरे-धीरे जुलूस पीलू तले चौराहे की ओर बढ़ा और सभी ताजियों का मिलाप हुआ। इस दौरान ताजिया जुलूस में भारी तादाद में अकीदमंदों की भीड़ रही। अलम व अखाड़ा हाथों में लिए लोग या हुसैन, या हुसैन के नारे लगाते रहे। शिया समुदाय के लोगों ने मजलिसों का आयोजन किया। शहर के सैय्यदवाड़ा मुहल्ले से मुसद्दक हुसैन उर्फ मुच्छू, इसी मोहल्ले से अमीर उद्दीन,पनी मुहल्ले से हामिद अली,पीरनपुर से सुबराती व बुलाकी के ताजिये अपनी-अपनी इमाम चौक से ढोल-नगाड़ों के बीच उठाये गये थे। जो निर्धारित मार्गों पर गश्त करते रहे। सैय्यदवाड़ा मोहल्ले के दोनों ताजिये इमामबाड़े से उठकर लाला बाजार पुलिया पर काफी देर तक खड़े रहे। इसके अलावा हामिद अली का ताजिया मसवानी से चौगलिया लाला बाजार पहुंचा। जहां पर सुबराती व बुलाकी के ताजियों से मिलान किया।ताजियों के आगे लगभग दर्जन भर से अधिक अलम व अखाड़ादार अपने-अपने अलम हाथों में लिये या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते रहे। उधर शिया समुदाय के लोगों में मजलिसों का दौर जारी रहा। जिसके क्रम में सुबह सात बजे सज्जाद मरहूम मछली मार्केट में मजलिस की गई। इसके बाद आठ बजे अख्तर हुसैन निवासी कजियाना के मकान पर मजलिस की गई। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि मोहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किया गया है। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। जगह जगह पर पीएसी और पुलिस बल तैनात किया गया है।


बाकरगंज में हुआ ताजियों का मिलाप। अमृत विचार

# रास्ते को लेकर नयापुरवा में दो समुदायों में तनाव

संवाददाता जाफरगंज

**अमृत विचार।** मूर्ति विसर्जन वाले रास्ते से ताजिया निकालने को लेकर दो समुदाय के बीच एक सप्ताह से गहमागहमी का माहौल चल रहा है। मामले में एसडीएम और एएसपी ने पहुंच कर को समझाने का प्रयास किया। थाना क्षेत्र के नयापुरवा गांव में ताजियादार फैय्याज और नव रात्रि में मां दुर्गा पांडाल बिठाने वाले लखन लाल सोनकर के बीच ताजिया निकलने को लेकर एक सप्ताह से गहमागहमी चल रही थी। मामला शुक्रवार को गर्मा गया। सूचना पर पहुंची बिंदकी एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री, सीओ सुशील दुबे, थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने पूरे गांव में भ्रमण कर रास्ता देखा। जहां दोनों पक्षों ने उस रास्ते पर अपना अपना दावा ठोका । मूर्ति विसर्जन वालों ने बताया की पिछले साल दोनों के बीच आपसी समझौता हुआ था कि मुस्लिम की तरफ मूर्ति नहीं निकलेगी और हिंदू इलाके में ताजिया। यह समझौता थाने में बैठ दोनों समुदाय के बीच हुआ था। ताजियादारों ने बताया उस समझौते में ताजियादर फैय्याज के हस्ताक्षर नहीं है, दूसरे पक्ष ने फर्जी बना लिए गए है। समझौता नहीं होने पर तनाव की स्थिति बनी रही।


ग्रामीणों से बात करते अधिकारी। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# डीआईओएस को कॉलेज प्रबंधन ने किया गुमराह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● गर्मी से तीन छात्रों के बीमार होने का मामला गरमाया

**अमृत विचार।** तिर्वा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गर्मी के चलते 12 जुलाई को बीमार हुए तीन छात्रों का मामला गरमा गया है। कॉलेज प्रबंधन ने डीआईओएस को दी रिपोर्ट में एक छात्र के ही बीमार होने और उसे मिर्गी के दौरे की बात कही थी, जबकि हकीकत इससे इतर थी। डीआईओएस का कहना था कि प्रधानाचार्य ने उन्हें एक ही छात्र के बीमार होने की जानकारी दी थी।

विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पढ़ाई के दौरान कक्षा आठ के छात्र ओम प्रताप, विकास व शेर सिंह की तबियत बिगड़ गई थी। उन्हें राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। वहां पर बीमारी का कारण गर्मी बताया गया। इंदरगढ़ निवासी एक छात्र के अभिभावक जयचंद्र ने भी कहा था कि गर्मी से बच्चे को चक्कर आ गया है। अन्य छात्रों ने बताया कि तीनों छात्र पानी पीने गए थे, वहीं पर गश खाकर गिर पड़े। शनिवार को डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने कॉलेज पहुंचकर जानकारी की। डीआईओएस का कहना है कि कॉलेज की ओर से एक ही छात्र के बीमार होने की रिपोर्ट दी गई है। उसमें पहले से ही मिर्गी आने का जिक्र है। अस्पताल से बच्चे घर चले गए हैं। प्रबंधक अनिल मिश्रा ने बताया कि गर्मी में बच्चे बीमार हो सकते हैं यह कोई बड़ा मामला नहीं है। उधर, डीआईओएस ने बताया कि शाम को मामले के वीडियो मिल गए हैं। उसमें एक से अधिक छात्र दिख रहे हैं। जांच के लिए जीआईसी उमर्दा के प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है।

# उत्तर-पूर्वी हवा से मॉनसून कमजोर, बारिश ने बढ़ाई उमस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● मौसम की मार से बीमार हो रहे लोग, बढ़ रहीं त्वचा संबंधी बीमारियां

● तापमान पहुंचा 37 डिग्री दोपहर में धूप निकलने से बढ़ा गर्मी का प्रकोप

**अमृत विचार।** हवा की दिशा बदलने से दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून कमजोर पड़ गया है। उत्तर-पूर्व हवा के प्रभाव से हल्की बारिश हुई, लेकिन दोपहर में धूप निकलने से उमस बढ़ गई। इससे लोग व्याकुल हो गए। मौसम की मार से लोग बीमार होने लगे हैं और त्वचा संबंधी समस्याएं भी बढ़ने लगीं हैं। ऐसे में अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा बदल रही है।

शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम 25.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा में नमी की मात्रा 81 प्रतिशत से अधिक रही। दोपहर में जब कुछ देर के लिए बिजली चली गई तो लोग पसीने से तर-बतर हो गए। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हल्की बारिश होने के बाद जब धूप खिलती है तो वाष्पीकरण होने लगता है, जिससे वातावरण में नमी बढ़ जाती है। फलस्वरूप तापमान बढ़ने के साथ ही उमस भी बढ़ जाती है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में ओडिशा के तट के पास एक ट्रफ रेखा बनने से निम्न दबाव का क्षेत्र का ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से होकर गुजरेगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश में मॉनसून कमजोर हुआ है, जबकि इन राज्यों में भारी बारिश हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा बदल रही है।


बारिश के बाद शहर के तिर्वा रोड पर भरा पानी। अमृत विचार

> भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक अगले पांच दिन तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने की संभावना है। 13 से 17 जुलाई के मध्य मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। हवा की दिशा बदली तो 18 जुलाई को जिले में भारी वर्षा होगी। बताया कि शनिवार को 4 .5 मिमी. बारिश हुई।
>
> –डॉ. अमरेंद्र कुमार, मौसम वैज्ञानिक

## चेतावनी बिंदु से 34 सेमी दूर गंगा का जलस्तर

**124.970** मीटर पर है चेतावनी बिंदु

**125.970** मीटर पर है खतरे का निशान

**124.630** मीटर पर है वर्तमान जलस्तर


महादेवी घाट पर बढ़ने लगा जलस्तर।

**कन्नौज।** गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु छूने को बेताब है। अब 34 सेंटीमीटर पानी ही बिंदु से दूर है। नरौरा बांध से शनिवार को भी 37,515 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस वजह से जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है। दूसरी ओर गंगा व काली नदी का संगम हो जाने से एक हो गईं हैं। इत्रनगरी में गंगा के आसपास वाले गांव के निकट भी पानी बढ़ने लगा है। इससे ग्रामीणों की मुसीबतें व खेती के कार्य में दिक्कत आने लगी है। स्नानार्थियों से भी बोल दिया गया है कि महादेवी घाट की सीढ़ियों को छू रहे जल के आगे न जाएं। कुछ किसानों ने बताया कि उनकी फसलें डूबने लगीं हैं। हरी धनियां व सब्जियों को नुकसान होना शुरू हो गया है। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज नरौरा से हर रोज गंगा में पानी क्यूसेक में छोड़ा जा रहा है।

# अब छिबरामऊ में भी 40 शिक्षकों ने दिया पद से त्यागपत्र

## परिषदीय स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति को लेकर जिलेभर में शिक्षक कर रहे विरोध, कल फिर डीएम को दिया जाएगा मांगपत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलेभर के परिषदीय स्कूलों में शुरू हुई डिजिटल उपस्थिति के विरोध में शिक्षक एकजुट हैं। कन्नौज के बाद अब छिबरामऊ ब्लॉक क्षेत्र के भी करीब 40 संकुलों ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिए हैं। नियमों में तब्दीली होने को लेकर अध्यापक ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए राजी नहीं हैं।

डायट छिबरामऊ परिसर में स्थित बीआरसी में बीईओ आनंद द्विवेदी के फील्ड में होने की वजह से बाबू संजीव सिंह को शिक्षक संकुल ने त्यागपत्र सौंपा। इसमें कई संकुलों ने हस्ताक्षर भी किए हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी के नियमों में ढील न देने से ही त्याग पत्र दिए हैं। इस मौके पर अनूप मिश्रा, प्रभात दुबे, ओमकार यादव, राजेश पाठक, विनोद राठौर, परिभाषा शुक्ला, श्याम यादव, विनोद मिश्रा, श्यामवीर शुक्ला व मुनीश गुप्ता आदि शिक्षक मौजूद रहे। इस बाबत बीईओ छिबरामऊ ने बताया कि कार्यालय में जो त्याग पत्र दिया गया है उसमें सभी संकुलों के हस्ताक्षर नहीं हैं। हालांकि बातचीत की गई है। बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया जाएगा। दूसरी ओर शिक्षकों ने बताया कि सोमवार को डीएम को मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा।


छिबरामऊ बीईओ आनंद द्विवेदी के प्रतिनिधि व बाबू संजीव सिंह राठौर को संकुल पद से त्यागपत्र देते शिक्षक। अमृत विचार

### जिनको नहीं मिला टैबलेट वह भी डटे मैदान में

- जनपद में कुल 1459 परिषदीय स्कूल हैं। इसमें 1006 प्राथमिक और 194 कंपोजिट विद्यालयों में ही 2291 टैबलेट व सिमकार्ड मुहैया कराए गए हैं। कहीं एक तो कई स्कूलों में दो-दो टैबलेट दिए गए हैं। 259 जूनियर हाईस्कूलों में अब तक टैबलेट नहीं मिले हैं लेकिन आंदोलन में इनके भी अध्यापक साथ दे रहे हैं। उनका तर्क है कि आज नहीं तो कल यह व्यवस्था जूनियर में भी लागू हो जाएगी।

### यह हैं सबकी प्रमुख मांगें

- ऑनलाइन हाजिरी को अव्यवहारिक, सेवा शर्तों के खिलाफ बताकर निरस्त हो।
- परिषदीय शिक्षकों के लिए 30 ईएल, हाफ डे सीएल व प्रतिकर अवकाश दिया जाए। सप्ताह में अधिकतम पांच दिन 30 घंटे की ही पढ़ाई कराई जाए।
- शिक्षकों व कर्मियों की पुरानी पेंशन बहाल हो।
- सालों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूरी की जाए। सभी स्कूलों में प्रधानाध्यापकों के पद सृजित हों। ऐच्छिक जनपद में तबादला किया जाए।
- शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को नियमित किया जाए। प्रक्रिया पूरी होने तक समान कार्य व समान वेतन के तहत मानदेय दिया जाए। इनको भी ऐच्छिक जिले में भेजा जाए।
- परिषदीय अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से पूरी तरह मुक्त रखा जाए।
- प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों को सामूहिक बीमा व कैशलेस चिकित्सा की सुविधा मिले।

### शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा बनाया

**कन्नौज।** कई शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक संगठनों ने डिजिटलाइजेशन व्यवस्था का मिलकर विरोध करने के लिए शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा बना लिया है। दावा किया गया है कि मोर्चे में बीटीसी शिक्षक संघ, अनुदेशक संघ जिलाध्यक्ष विपिन देव, टीएससीटी जिलाध्यक्ष अंकित कटियार, उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र संघ जिलाध्यक्ष हृदेश दुबे, महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरया, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष शिव सिंह यादव, यूटा जिलाध्यक्ष पंकज भदौरिया, अटेवा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाठक, प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सुशील यादव व जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी एक हो गए हैं। शनिवार को बीआरसी कन्नौज में संयुक्त मोर्चा की बैठक भी हुई। इसमें ऑनलाइन हाजिरी के विरोध को लेकर रणनीति बनी। विज्ञप्ति जारी कर दावा किया गया है कि कुल 17 संगठनों के जिलाध्यक्ष व महामंत्री इसमें उपस्थित रहे हैं। बैठक में सात सूत्री मांगों पर चर्चा हुई। 15 जुलाई को डीएम शुभ्रान्त शुक्ल के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिक्षक समस्याओं को भेजेंगे।



पुनीत पांडेय का स्वागत करते खेल प्रेमी व पदाधिकारी। अमृत विचार

# यूपी एथलेटिक एसोसिएशन के सदस्य बने पुनीत पांडेय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक एसोसिएशन कन्नौज के सचिव पुनीत पांडेय को यूपी एथलेटिक एसोसिएशन के सदस्य बनाया गया है। पुनीत के यूपी एथलेटिक एसोसिएशन की समिति में शामिल होने की ख़बर मिलते ही जिले के खेल प्रेमियों में खुशी दौड़ गयी। देर शाम से ही उन्हें बधाई देने के लिये खेल प्रेमी उनके घर पहुंचने लगे। पुनीत ने बिना किसी भेदभाव के खेल प्रतिभाओं को आगे बढाने में मदद करने का वादा भी किया। इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक सुनील सिंह, अध्यक्ष कमल टंडन, कोषाध्यक्ष अमरनाथ समेत कई खेल प्रेमी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों ने भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी में वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिओं ने अपने-अपने विचारों के द्वारा सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शनिवार को शहर के सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी में भाषण प्रतियोगिता के माइनर वर्ग में तक्षशिला हाउस के देवांश सिंह ने प्रथम, उज्जैन हाउस की अग्रणी प्रजापति ने द्वितीय, उज्जैन हाउस की रोहन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में काशी हाउस के उज्वल शाक्य ने प्रथम, नालंदा हाउस की अनुष्का यादव ने द्वितीय, नालंदा हाउस के गर्वित भूषण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में तक्षशिला हाउस की नूर फातिमा ने प्रथम, काशी हाउस के भाष्कर ने द्वितीय, काशी हाउस की वैष्णवी राजपूत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में उज्जैन हाउस के प्रफुल्ल चतुर्वेदी ने प्रथम, तक्षशिला हाउस की अदिति सिंह ने द्वितीय, काशी हाउस के राज मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान, प्रशासिका सुधा प्रधान, सीईओ विश्वास प्रधान, मधु प्रधान, सलाहकार बीडी दीक्षित, शैक्षणिक प्रमुख प्रेमानंद नायक और समन्वयक राम यादव उपस्थित थे।



छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देतीं प्रशासिका सुधा प्रधान। अमृत विचार

# नाबालिग का चालान तो 25 साल की आयु में बनेगा डीएल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● निजी स्कूल में यातायात प्रभारी ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** दोपहिया या चार पहिया वाहन चलाते मिलने पर नाबालिग का चालान हो जाता है तो एक साल के लिये वाहन का रजिस्ट्रेशन रद हो जाएगा। इसके साथ ही संबंधित को ड्राइविंग लाइसेंस के लिये 25 साल की आयु पूर्ण करने का इंतजार करना पड़ेगा।

यह जानकारी यातायात प्रभारी आफाक खां ने एक पब्लिक स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी। बताया गया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199 क में नाबालिगों के वाहन चलाने पर अभिभावकों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना किया जाएगा। साथ ही एक वर्ष के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा। जिस नाबालिग का चालान होगा अब उसका ड्राइविंग लाइसेंस 18 की जगह 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद ही बनेगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 18 साल से कम उम्र के अपने बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। प्रभारी ने छात्र एवं छात्राओं से सवाल किए गए कि दो पहिया वाहन पर तीसरे व्यक्ति के बैठने पर चालान क्यों कर दिया जाता है? डोरिंग एक्सीडेंट क्या है इससे बचने की विधि क्या है? वह कौन सा वाहन है, जिसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता नहीं? एच एस आर पी लगवाना क्यों अनिवार्य है? गोल्डन आवर किसे कहते हैं? इनके जवाब ओम दुबे और प्रियांशी ने दिए । इनको यातायात प्रभारी ने मौके पर ही पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।

# सीटी स्कैन मशीन एक हफ्ते से खराब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● 22 से होगी चालू, बैकअप के लिये सीएमएस ने मंगाई बैट्री

● बिजली के बार-बार आने-जाने से क्रैश हुआ था सॉफ्टवेयर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन एक सप्ताह से सॉफ्टवेयर क्रेश होने से बंद हैं। बिजली के बार-बार आने जाने से दिक्कत आई। नियमित 10 से 12 मरीज सीटी स्कैन के लिये निजी सेंटरों पर जा रहे हैं। सीएमएस ने बैकअप बना रहे इसके लिये बैट्री का आर्डर दिया है। 22 जुलाई को मशीन काम करने लगेगी।

जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन का बीते शनिवार को सॉफ्टवेयर क्रेश हो गया था। इससे मशीन बंद है। यहां रोज 10 से 12 मरीज सीटी स्कैन के लिये भेजे जाते थे। मशीन बंद होने से या तो इस तरह के मरीजों को मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर किया जा रहा है या वह निजी सेंटरों पर जा रहे हैं।

इससे गरीब मरीजों को खासी दिक्कत हो रही है। जिला अस्पताल में फ्री में होने वाली इस सेवा पर तीन से चार हजार रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

इस समस्या को देखते हुए सीएमएस ने बैकअप हर समय बना रहे इस के लिये बैट्री का आर्डर दे दिया है। दो से तीन दिन में बैट्री आने पर लगा दी जायेंगी। सीटी स्कैन मशीन का साफ्टवेयर क्रेश हो जाने की मुख्य वजह बिजली समस्या रही। जिला अस्पताल की बिजली बार-बार जाने से मशीन बंद हो रही थी। बैट्री लग जाने से मशीन बिजली जाने पर बंद नहीं होगी। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने बताया कि 22 जुलाई तक बैट्री से लेकर साफ्टवेयर लोड कर दिया जायेगा। इस के बाद मशीन काम करने लगेगी।


जिला अस्पताल में बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन। अमृत विचार

**कवायद** 100 एकड़ भूमि पर बनाए गए 64 भूखंड, ऑनलाइन हो रहे आवेदन

# इत्र पार्क में पांच और इत्र कारोबारियों ने खरीदे प्लॉट

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● अब तक 29 भूखंड हो चुके आवंटित, बढ़ाईं जा रहीं अन्य सुविधाएं

**अमृत विचार।** जनपद में बन रहे विश्वस्तरीय इत्र पार्क में पांच और प्लॉट खरीद लिए गए हैं, जिससे अब भूखंड लेने वाले कारोबारियों की संख्या 29 हो गई है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के मुताबिक इस साल दिसंबर तक सभी 64 भूखंडों को आवंटित करने की योजना है। इत्र कारोबारियों और पर्यटकों के लिए यहां कई प्रकार की सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे ठठिया कस्बे के निकट यूपीसीडा द्वारा विश्वस्तरीय इत्र पार्क का निर्माण किया जा रहा है। करीब 100 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर इत्र निर्माण इकाइयों को प्रतिस्थापित किया जा रहा है, जिससे कि देश और विदेश से आने वाले पर्यटक इत्र निर्माण की विधियों को देख और खरीद सकें। इत्र उत्पादकों को निर्यात के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां रेस्टोरेंट, स्वीमिंग पूल, गेमिंग जोन, आर्ट गैलरी सहित अन्य कई सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इत्र पार्क में 64 प्लॉट हैं, जिनको ऑनलाइन आवंटित करने की प्रक्रिया चल रही है। जो भूखंड आवंटित हो जाते हैं, उनका बैनामा कर दिया जाता है।

जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त धनंजय सिंह ने बताया कि पिछले साल 24 भूखंडों का आवंटन किया गया था। अब पांच और इत्र कारोबारियों ने प्लॉट खरीदे लिए हैं।


इत्र पार्क की चहारदीवारी पर बनाई गईं मनमोहक कलाकृतियां। अमृत विचार

### पार्क को दी जाएगी 24 घंटे विद्युत आपूर्ति

- इत्र पार्क में 33 केवी विद्युत उपकेंद्र बनाया गया है, जिससे यहां इत्र उत्पादकों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाएगी। इसको 132 केवी उपकेंद्र मकरंदनगर से जोड़ा गया है, जहां इत्र पार्क नाम से एक स्वतंत्र फीडर बनाया गया है। इत्र कारोबारियों, निवेशकों और पर्यटकों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की गई है। परिसर में एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाईं गईं हैं, जिससे रात के समय यहां का नजारा बिल्कुल अलग होगा।

> इत्र पार्क में भूखंडों के आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। इस वर्ष अभी तक पांच इत्र कारोबारियों ने आवेदन किए थे, जिन्हें भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। अभी तक 29 भूखंडों का आवंटन कर कब्जा दिलाया गया है। दिसंबर तक सभी भूखंड आवंटित करने की योजना है।
>
> –मंसूर कटियार, क्षेत्रीय प्रबंधक (यूपीसीडा)



# बाढ़ से बचने को शरणालय सर्पदंश में इलाज जरूरी

● ब्लॉक सदर क्षेत्र के कन्नौज कछोहा में एडीएम ने लगाई चौपाल


ब्लॉक सदर क्षेत्र के कछोहा में चौपाल लगाए एडीएम आशीष सिंह, एसडीएम रामकेश व जिला आपदा विशेषज्ञ जय लक्ष्मी पांडेय।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ब्लॉक सदर क्षेत्र के कन्नौज कछोहा में बाढ़ राहत चौपाल लगी। इसमें बाढ़ से बचाव, सर्पदंश, वज्रपात/ आकाशीय बिजली एवं डूबने की घटना को रोकने के बारे में बताया गया।

शनिवार को एडीएम आशीष सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। लगातार नरौरा बांध से पानी छोड़ा जा रहा है ऐसे में बाढ़ की संभावना व्यक्त की जा रही है। एडीएम ने कहा कि बारिश के मौसम में पानी उबाल कर पिएं। अपने घरों के आस-पास सफाई रखें। रात में जब भी बाहर निकलें तो टार्च जरूर रखें। मोबाइल पर निर्भर न रहें। एसडीएम सदर रामकेश ने बताया कि शासन स्तर से बाढ़ शरणालय में पूरी व्यवस्था है। हालांकि सभी लोग सतर्क रहें। जिला आपदा विशेषज्ञ जय लक्ष्मी पांडेय ने बताया गया कि सर्पदंश और डूबने की घटनाओं में ज्यादातर छोटे बच्चे शामिल रहते हैं इनको रोकने के लिए अभिभावक पहल करें। उनका बच्चों पर ध्यान देना जरूरी है। यह भी बताया गया की सभी सांप जहरीले नहीं होते हैं इसलिए मृत्यु की संभावना भी कम है। भयवश और तत्काल उपचार न मिलने से मौत हो जाती है।

# गलत ऑपरेशन पर जेसी अस्पताल में तोड़फोड़-मारपीट

संवाददाता सौरिख,कन्नौज


परिवार के लोगों को समझाते हुए प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह।



जेसी अस्पताल, जहां का है मामला।

- **17 जून को किया गया था पथरी का ऑपरेशन, परिजनों ने की मुआवजे की मांग**
- **तीसरे दिन हालत बिगड़ने पर कानपुर ले गये थे परिजन**
- **महिला की मौत, संचालक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** गलत ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने से भड़के परिजनों ने जेसी अस्पताल का घेराव कर जमकर तोड़फोड़ की, कर्मियों के साथ मारपीट भी की। मुआवजे की मांग को लेकर अस्पताल का घेराव कर ग्रामीण हंगामा काट रहे थे। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने अस्पताल संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तिर्वा तहसील के हसेरन निवासी शिव कुमारी पत्नी जयपाल सिंह (50) को पथरी की शिकायत होने के कारण परिवार के लोग 16 जून को नगर के जेसी हॉस्पिटल ले गये। यहां 17 जून को ऑपरेशन किया गया और तीन दिन भर्ती रखा गया। तीसरे दिन तबीयत बिगड़ने पर उसे रेफर कर दिया गया। परिजन निजी अस्पताल कानपुर ले गए। वहां कुछ दिन इलाज चलने के बाद बताया गया कि गलत ऑपरेशन से इंफेक्शन फैल गया है, घर ले जाएं। परिजन उसे घर ले आए और शनिवार 13 जुलाई दोपहर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की तथा मौजूद कुछ कर्मियों के साथ हाथापाई कर दी।

परिजन इलाज के लिए मुआवजे की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और परिवार को महिला का सही जगह इलाज करने के लिए समझाया लेकिन वे लोग मुआवजे की मांग को लेकर अड़ गए। इस सबके बीच शाम को महिला की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी तो उप जिलाधिकारी छिबरामऊ, क्षेत्राधिकारी ओंकार नाथ शर्मा तहसीलदार एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

बाद में परिजनों की तहरीर पर अस्पताल के संचालक डॉ. विपिन कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार व अल्ट्रासाउंड संचालक शैलेंद्र सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# थाना समाधान दिवस पर आई 109 शिकायतें 57 निपटीं

संवाददाता,कन्नौज/छिबरामऊ


छिबरामऊ में थाना दिवस पर शिकायत सुनते एसपी अमित कुमार आनन्द।

**अमृत विचार।** जिले के सभी थाना कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एसपी ने छिबरामऊ कोतवाली में फरियादियों की शिकायते सुनीं। कुल 109 शिकायतें सभी थानों में आईं जिसमें से 57 का निस्तारण कर दिया गया।

जिले समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सभी थानों में थाना दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण के लिये चिन्हित किया गया। इसके लिए पूरे सप्ताह में थानों पर प्राप्त हुए विभिन्न भूमि विवाद सम्बन्धी शिकायतों को एकत्र किया गया। इसी तरह वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय से प्राप्त होने वाले भूमि विवाद सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों के अलावा बीट स्तर पर विभिन्न गांवों, मोहल्लों में भूमि विवादों को चिन्हित व यूपी-112 पर कॉल के माध्यम से प्राप्त हुई भूमि विवाद सम्बन्धी शिकायतों को को थाना दिवस पर निस्तारण हेतु सूची बनाकर रखा गया। सभी शिकायतकर्ताओं को एक दिन पहले थानों से फोन करके थाना दिवस पर आने के लिये बुलाया गया।

### भूमि विवाद को लेकर समाधान दिवस में पहुंचे फरियादी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाधान दिवस में राजस्व संबंधी कुल 10 समस्याएं आई। जबकि पुलिस संबंधी कोई भी मामला समाधान दिवस में नहीं आया। एसडीएम ने भूमि विवाद संबंधी दो समस्याओं में दोनों पक्षों से वार्ता कर मौके पर निस्तारण करा दिया। इस दौरान निरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, महिला उपनिरीक्षक नीलम सिंह, नीरज शर्मा, सुनील चौधरी, आशीष कुमार सिंह, सहित लेखपाल कौशल पांडेय, अमित मिश्रा, अश्वनी, रोहित यादव, अतुल प्रताप सिंह आदि पुलिस व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# लगाए आरोप-पुलिस-प्रशासन कराना चाहता है देवरिया कांड

## पुलिस डीजल-पेट्रोल के लिए मांगती रुपये, लेखपाल-कानूनगो को भी चाहिए नोटों की गड्डी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- **संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम के सामने लगाए रिश्वत लेने के आरोप**
- **कसावा से आए दंपति की आरोपी से नोकझोंक, जमीन पर कब्जे को परेशान**


एसडीएम अशोक कुमार के सामने कानूनगो पर आरोप लगाकर हंगामा करती फरियादी।

**अमृत विचार।** जिले में राजस्व व पुलिस विभाग की शिकायतें बढ़ती ही जा रहीं हैं। अब तक रुपये लेकर काम करने के आरोप लगते थे। अब मोटी रकम लेने के बाद भी काम न होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कहा है कि पुलिस-प्रशासन मिलकर देवरिया कांड कराना चाहते हैं। कई महीनों से उसे जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है जबकि इसके एवज में काफी रुपया लिया जा चुका है।

शनिवार को थाना ठठिया में एसडीएम अशोक कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस चल रहा था। इसी दौरान तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के कसावा निवासी करीब 50 वर्षीय विश्व प्रकाश दुबे पत्नी नूतन के साथ पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया है कि तिर्वा तहसील क्षेत्र के सांडा में ससुराल है। यहां चटियन गांव में करीब छह बीघा जमीन 2014 में खरीदी थी। उसका बैनामा व दाखिल खारिज भी उसी दौरान हो गया। करीब एक साल से जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसे हटाने के लिए वह पुलिस और अधिकारियों के कई चक्कर काट चुके हैं। लेखपाल व कानूनगो कब्जा दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये ले चुके हैं। पुलिस भी मौके पर जाने के लिए पेट्रोल-डीजल के रुपये ले चुकी है। इसके बाद भी टालमटोल किया जा रहा है। आरोप लगाया कि राजस्व विभाग के कर्मी काम कराने के लिए अधिकारियों के नाम पर रुपये लेते हैं। इसमें सबकी मिलीभगत होती है। एसडीएम के सामने ही थाने में कहा कि पुलिस व प्रशासन इस जनपद में भी देवरिया कांड कराना चाहते हैं। कहा कि वह अब खुद कब्जा ले लेगा अन्यथा वह आत्महत्या कर लेगा। दूसरी ओर इस घटनाक्रम के वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी खूब वायरल हुए। इससे जिला व पुलिस-प्रशासन की किरकिरी हुई। उधर, आरोपी कानूनगो ओमप्रकाश दुबे का कहना है कि फरियादी ने जो आरोप लगाए हैं वह गलत हैं। दबाव बनाने के लिए हंगामा किया गया है।

### कई लेखपाल भी कानूनगो के खिलाफ

तहसील तिर्वा के कई लेखपाल आरोपी कानूनगो ओमप्रकाश दुबे को हटाने की मांग कर चुके हैं। इसको लेकर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसडीएम अशोक कुमार को ज्ञापन भी दिया जा चुका है, लेकिन अफसर चुप्पी साधे हैं। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अभिषेक आदि ने कानूनगो की कार्यशैली से नाराज होकर लिखित में दिया है कि वह लोग उनके अधीन काम नहीं करेंगे। कानूनगोको हटता न देख लेखपालों ने शुक्रवार को फिर से ज्ञापन दिया था। अब कलम बंद कर कार्य बहिष्कार करने की धमकी दी गई है।

## तिर्वा तहसील चर्चा में, पर 'साहब' की 'कृपा' बरकरार

**तिर्वा।** तहसील तिर्वा इन दिनों चर्चा में है। यहां बड़ी-बड़ी गड़बड़ियां हो रहीं हैं लेकिन 'साहब' की 'कृपा' बरकरार है। इससे न तो अधिकारी हटाए जा रहे हैं और न ही कर्मचारियों पर कार्रवाई हो रही है। ठठिया के निकट ही जैनपुर मार्ग पर कोर्ट के स्थगनादेश के बाद भी निर्माण कार्य की अनुमति देने और शासन तक शिकायत होने के बाद उसे गिराने का केस सुर्खियों में रहा। खानपुर में 400 बीघा से अधिक जमीन गलत तरीके से दर्ज कर दी गई। इसमें दो लेखपालों को निलंबित किया गया। चर्चा है कि उनका निलंबन जल्द ही वापस हो गया। अब रिश्वत मांगने का भी आरोप चर्चा में है। ऑनलाइन आवेदनों में रिपोर्ट लगाने के नाम पर रुपये लेने के केस तो आए दिन चर्चा में रहते हैं। गलत तरीके से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का आवेदन निरस्त करने के आरोपी लेखपाल हृदेश पांडेय पर भी अब तक शिकंजा नहीं कसा गया है। इसमें तिर्वा से लेकर कन्नौज तक की 'कृपा' बरस रही है। इसका कारण है कि जब मामले की शिकायत आईजीआरएस पर की गई तो लेखपाल की रिपोर्ट के बाद तहसीलदार, एसडीएम ने निस्तारण कर दिया।

# वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- **एक अन्य हादसे में चालक पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक को परिजन मेडिकल कालेज ले आए। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक अन्य दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शनिवार की सुबह कानपुर देहात के झींझंक थाना क्षेत्र के गांव छतरसा निवासी महेंद्रपाल (45) पुत्र रामसेवक घर से किसी काम के लिए अपनी रिश्तेदारी में जाने की कहकर निकले थे। याकूबपुर गांव के सामने वाहन की टक्कर लगने से वह घायल हो गए। परिजन मेडिकल कालेज ले आए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे मामले में सदर कोतवाली के मवई रिहायक निवासी चंद्रेश सिंह पुत्र विनोद ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उसका भाई देवेश 26 जून को ठठिया से ऑटो पर तिर्वा जा रहा था। किसी काम से वह पल्टेपुर्वा पास उतर कर सडक किनारे खड़ा हो गया। उसी दौरान एक बाइक ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गयाजहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर मे 28 जून को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मार्ग दुर्घटनाओं में बाइक सवार सहित तीन घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। ग्राम बिरियन नगला निवासी ऋषि शुक्रवार की रात घर लौट रहा था। तभी गांव के सामने रोड पार करते समय वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया। उसे परिजनों ने एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। इसी प्रकार छिबरामऊ के जसुआमई निवासी मंथन दीक्षित शुक्रवार की शाम बाइक से घर लौट रहा था। तभी तालग्राम छिबरामऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे घायल हो गया। सीएचसी से मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। कस्बा के मोहल्ला नौसरा निवासी सुनील बाल्मीकि शनिवार की शाम बाइक से चौखटा चौराहा जा रहा था। तभी तेज गति से आ रही पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी। इससे गंभीर रूप से घायल हो गया।

## मुफ्त शराब न देने पर युवकों ने सेल्समैन को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मुफ्त शराब न देने पर युवकों ने सेल्समैन को पीटकर घायल कर दिया और दुकान में रखे पांच हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित सेल्समैन ने पुलिस से शिकायत की है, जिसके आधार पर घटना की जांच की जा रही है। मारपीट और लूटपाट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

उन्नाव जनपद के माखी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पावा निवासी चंद्रकांत पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह कस्बा सिकंदरपुर में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन है। शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे कुछ युवक दुकान पर आए और मुफ्त शराब मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और गोलक में रखे पांच हजार रुपये लूट लिए। पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। केवल मारपीट हुई है, लूटपाट का आरोप गलत है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवती की अश्लील फोटो वायरल करने वाला धरा

संवाददाता, कन्नौज


गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार।** फोटो व अश्लील भाषा का प्रयोग कर पीड़िता की समाज में छवि धूमिल करने के लिये व्हाट्सएप व फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे जेल भेजा है।

साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि थाना तालग्राम क्षेत्र की एक पीड़िता ने साइबर क्राइम थाना कन्नौज पर शिकायत दी थी। इसमें पीड़िता की फोटो एक व्हाट्सएप ग्रुप पर अश्लील भाषा का प्रयोग कर एवं मोबाइल नम्बर वायरल करने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। साइबर सेल ने जिस मोबाइल नंबर से पोस्ट की जा रही थी उसकी कैफ, कॉल डिटेल, लोकेशन व अन्य जानकारी प्राप्त कर आरोपी अंकित जाटव उर्फ अनूप मौर्या पुत्र रामरतन मौर्या निवासी धिंगपुर पोस्ट सिकन्दरपुर थाना तालग्राम को गिरफ्तार कर लिया।

## जालसाजी कर एटीएम ने निकाले रुपये

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौगाई निवासी कमलेश चंद्र पुत्र भैयालाल ने बताया कि वह जनता इंटर कॉलेज के पास स्थित आईसीआईसीआई एटीएम से पैसे निकालने गया, तो मशीन में कार्ड फंस गया। तभी एक युवक आया और हेल्पलाइन नंबर पर फोन करने को कहा। उस नंबर पर कॉल किया तो उसने बोला कि इंजीनियर आएगा और एटीएम मशीन खोल के आपका कार्ड दे देगा। कुछ देर बाद खाते से पैसे ट्रांजेक्शन होने के मैसेज अपने फोन पर आते देख पुनः एटीएम पर पहुंचा तो देखा कि कार्ड चोरी हो चुका था और खाते से 35 हजार 536 रुपये पार हो चुके थे।

# आग से अनाज व नकदी जलकर खाक

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज


नुकसान के बारे में जानकारी देता गृहस्वामी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम भोगपुर मौजा हमीरपुर निवासी किसान दंपति खेत में मजदूरी करने के लिए गए थे, तभी उनके घर में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिसमें मूंगफली व गेहूं के पैकेट सहित हजारों की नगदी जलकर खाक हो गई। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भोगपुर मौजा हमीरपुर निवासी रमन पुत्र कोतवाल सिंह अपने बच्चों को घर के बाहर खेलता छोड़ अपनी पत्नी अनीता के साथ शनिवार की सुबह एक खेत में मजदूरी करने के लिए गए थे। उसके बाद घर के अंदर हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। पड़ोसियों द्वारा सूचना मिलने पर घर पहुंचे दंपति ने ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। पीड़ित रमन ने बताया घर के अंदर रखे 20 पैकेट मूंगफली, पांच पैकेट गेहूं तथा पांच दिन पूर्व बेची गई भैंस की 40 हजार रुपए की नगदी के अलावा 20 हज़ार रुपए का लाया गया बिसात खाने का सामान सहित गृहस्थी का अन्य सामान जलकर राख हो गया और आग बुझने व सामान बचाने की प्रयास में उसके हाथ भी झुलस गए।

## सार-संक्षेप

### युवक को चाकू मार कर किया घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला बनवारी नगर निवासी मनीष सिंह राजावत पुत्र शिवपूजन सिंह ने बताया कि शनिवार को फर्रुखाबाद जाने के लिए वह अपनी कार निकल रहे थे, वहीं सामने खड़ी साइकिल को हटाने के लिए कहा तो एक व्यक्ति आया और कहने लगा बहुत जल्दी है, जब राशन ले लेंगे, तभी साइकिल हटाएंगे। इस बात को लेकर वह विवाद करने लगा और जेब से चाकू निकाल कर हमला बोल दिया। चाकू लगने से मनीष के चेहरे व आंख के पास गंभीर चोटें आईं हैं। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच कस्बा चौकी प्रभारी राममनोज द्विवेदी को दी गई है। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### धान के खेत में पानी लगाते समय जहरीले कीड़े ने काटा

**कन्नौज।** तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव माधौनगर निवासी श्यामू (28)पुत्र बाबू राम शनिवार को अपने धान की फसल में पानी लगा रहा था। इसी दौरान उसे जहरीले कीड़े ने तीन बार काट लिया। इससे उसकी हालत खराब होने लगी। उसने परिजनों को आवाज देकर बुलाया। मौके पर पहुंचे परिजन उसे आधा घंटे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया।

### संचारी रोग नियंत्रण के लिए किया जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिमांशु, मोनू, निखिल, फैजान, इजहार, रीतेश, अंकुश, नेहा, वर्षा, तौहीद, सूरज, संजीव, राजीव आदि ने संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर चित्र बनाकर जागरूकता संदेश दिया। प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने बैक्टिरिया रोगों, जल जनित रोगों व दिमागी बुखार से बचाव की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।

### नहीं पहुंची कायाकल्प टीम, बैठे रहे डॉक्टर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल में शनिवार को कायाकल्प योजना के तहत लखनऊ की टीम द्वारा पीयर असेसमेंट किया जाना था, लेकिन किसी कारणवश टीम अस्पताल नही पहुंची। टीम के इंतजार में डॉक्टर व कर्मचारी बैठे रहे। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से सौ शैय्या अस्पताल के सीएमएस डॉ. सुनील कुमार सिंह अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओटी, औषधि कक्ष सहित पूरे अस्पताल का निरीक्षण कर बिगड़ी व्यवस्थाओं को सुधारने में की कवायद में लगे रहे। शनिवार को अस्पताल का कायाकल्प अवार्ड के लिए पीयर असेसमेंट किया जाना था। किसी कारण टीम नहीं पहुंची। सीएमएस ने बताया कि टीम ने न आने की जानकारी दे दी थी। अब दूसरी तिथि निर्धारित की जाएगी।

### आज निकलेगा अलम का जुलूस

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में आज सातवीं मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा और शरबत का वितरण किया जाएगा। मातमी धुन के साथ निर्धारित रास्तों से होते हुए जुलूस मोहल्ला बिरतिया, जेरकिला, कस्सावान, सराय होता हुआ बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित भोंदू शाह की मजार तक जाता है और यहां से जुलूस करबला जाकर समाप्त हो जाता है।

### जहरीले कीड़े के काटने से महिला गंभीर

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम उमरपुर निवासी बादाम सिंह की पतनी अनीता शुक्रवार की शाम घर का काम कर रही थी। तभी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन परिजनों ने तालग्राम सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया। जहां महिला का उपचार चल रहा है।

**जागरूकता** ग्राम बल्लूपुर्वा में प्रकृति व पोषण सुरक्षा को अपनाएं मोटे अनाज विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

# प्रकृति के साथी व पोषक तत्वों का पावर हाउस हैं मिलेट्स

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज


महिलाओं को जागरूक करतीं वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह। अमृत विचार

- **बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन से थाली से लुप्त हो गए मोटे अनाज**

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के द्वारा ब्लाक गुगरापुर के ग्राम बल्लूपुर्वा में प्रकृति व पोषण सुरक्षा को अपनाएं मोटे अनाज विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह ने बताया कि मोटे अनाज प्रकृति के साथी व पोषक तत्वों का पावर हाउस हैं।

वैज्ञानिक ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के बीच थाली से लुप्त हुए मोटे अनाज खाद्य सुरक्षा और पोषण के लक्ष्य को हासिल करने में बड़ा योगदान दे सकते हैं। इसलिए मोटे अनाज के उत्पादन व उपभोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहा जाता है। इनमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन व मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बाजरा लौह लवण से भरपूर होता है। यह शरीर में खून की कमी को दूर करने में सहायक है। ज्वार शरीर की हड्डियों के लिए अच्छी मात्रा में कैल्शियम, खून के लिए फॉलिक एसिड प्रदान करता है। रागी एकमात्र ऐसा मोटा अनाज है। जिसमें कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाई जाती है। दूध से एलर्जी वालों में भी रागी के सेवन से कैल्शियम की कमी नहीं होती है। सांवा में फाइबर व आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है व कंगनी डिटोक्सी- फिकेशन में मदद करती है। सभी मोटे अनाजों में प्रोटीन लगभग उतनी ही मात्रा (7-12 ग्राम) में पाया जाता है।

### दिन में 100-200 ग्राम मोटा अनाज पर्याप्त

- **जलालाबाद।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स रिसर्च (आईआईएमआर) के अनुसार, दिनभर में 100-200 ग्राम मोटा अनाज शरीर के लिए पर्याप्त होता है। इनका सेवन लड्डू, हलुआ, खीर, दलीय, खिचड़ी, पुए, कचौड़ी, बिस्कुट, चपाती व शिशु आहार के रूप में किया जा सकता है। हड्डियों की मजबूती, कैल्शियम की कमी से बचाव, पाचन दूरुस्त करने में मदद, वजन को कंट्रोल रखने में सहायक, एनीमिया का खतरा कम होता है, डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी, शरीर को रखता है गर्म, कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में उपयोगी।

### क्या हैं मोटे अनाज

- मोटे अनाज को 'मिलेट्स' या 'श्रीअन्न' के नाम से भी जाना जाता है। आकार के आधार पर इनको दो कैटेगरी में रखा जाता है। छोटे दाने वालों में कोदो, चीना, कंगनी, रागी, सांवा, कुटकी आदि शामिल हैं। मोटे दाने वाले ज्वार, बाजरा हैं। मोटे अनाज की खेती के लिए जल की मांग कम (300-400 मि.मी.) है। इनका वृद्धि काल 60-90 दिनों का होता है जो अन्य के मुकाबले कम है। यह कम उपजाऊ भूमि में अच्छी खेती हो जाती है।

## बैंक में झोला काटकर पार किए 50 हजार

**गुरसहायगंज।** टप्पेबाज ने नगर की एसबीआई शाखा में युवक का झोला काटकर हजारों की नकदी पार दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मुहल्ला सुभाष नगर निवासी संतोष चौरसिया ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 05 जुलाई की दोपहर लगभग 03.30 बजे नगर के तिर्वा रोड स्थित एसबीआई बैंक शाखा में रुपये निकालने गया था। उसने 50 हजार रुपये की नकदी अपने खाते से निकाली और झोला में रख दी। तभी टप्पेबाज ने झोला काट कर पूरे रुपये पार कर दिए। बाहर निकलने पर जब उसने देखा तो उसके होश उड़ गए। मामले की जानकारी शाखा प्रबंधक सहित कर्मियों दी। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर है।

# उफान पर रामगंगा, 2 दर्जन गांवों में बाढ़

## खतरे के निशान से मात्र 30 सेंटी मीटर दूर रामगंगा, एडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर जायजा लिया

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण रामगंगा उफान पर है। शनिवार को रामगंगा में खो, हरेली, रामनगर बैराज से 6396 क्यूसेक छोड़ा गया। इससे जलस्तर 20 सेमी बढ़कर 136.90 सेमी पहुंच गया। इस समय रामगंगा का पानी चेतावनी बिंदु से महत 30 सेंटी मीटर दूर है। खतरे का निशान 137.10 है। रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से इसकी जद के दो दर्जन से ज्यादा गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है। शनिवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एडीएम ने निरीक्षण कर मातहतों को दिशा निर्देश दिए। इधर नरौरा बांध से गंगा में 37515 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गंगा का जलस्तर 20 सेमी घटकर 135.15 मीटर रह गया है।

तहसील अमृतपुर क्षेत्र में रामगंगा ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के दो दर्जन गांव का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। शनिवार दोपहर अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे। अपर जिला अधिकारी ने अमैयापुर पुलिया पर बेरिकेडिंग करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रास्ता बंद करने व पुलिस तैनात करने का आदेश दिया। एडीएम गुलरिया भावन में पहुंच कर ग्रामीणों से बातचीत की। उन्हे ऊंचे स्थानों पर जाने को कहा। कुछ ग्रामीण ने अपने निचले मकान को खाली कर ऊपर जगह पर चले गए हैं। बच्चे भी नहाते मिलें, जिनको समझा बूझाकर घर वापस भेजा। परिजनों को समझाया।


बाढ़ के पानी में घुस कर जाते पुलिस के जवान व अन्य। अमृत विचार


जायजा लेते एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति व अन्य। अमृत विचार

### बाढ़ से पीड़ित गांवों की रिपोर्ट बनाएं

एडीएम ने लेखपालों को निर्देश दिए कि बाढ़ से पीड़ित गांवों की रिपोर्ट बनाए। जिन किसानों की मक्का, मूंगफली आदि फसलें बाढ़ के पानी से नष्ट हुई है। तत्काल रिपोर्ट दें ताकि बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद की जा सके।

### बाढ़ की चपेट में ये गांव

इस समय रामगंगा नदी की बाढ़ की चपेट में हीरानगर गुडेरा, भावन, अमैयापुर, चपरा, गैलाहर बड़ा गांव, परतापुर, खाखिन वजीरपुर, रुलापुर, गुलरिया, सहित दो दर्जन गांव चपेट में आ गए हैं। रुलापुर के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण योगेंद्र पाल, मनीराम, मनोज, अजीत, ओम, देव, नन्नूकू, प्रदीप, कल्लू आदि ने बताया कि नीचे वाले चपरा में अमानक पुलिया का निर्माण किया गया। इसके कारण पानी पास नहीं होता है, जिसके कारण गांव में जल भराव की समस्या बन रही है। अगर पानी नहीं निकाला गया तो पूरा गांव डूब जाएगा। अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी। एडीएम ने बताया की बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। सभी व्यवस्था पूर्ण की जा रही हैं।

## बिना परमिट दौड़ रहीं दर्जनों निजी बसें

**फर्रुखाबाद।** शहर क्षेत्र से विभिन्न ट्रेवल्स एजेंसियों की दर्जनों निजी बसों के अड्डे शहर के कई स्थानों से संचालित हो रहे हैं। कभी परिवहन विभाग अथवा स्थानीय पुलिस ने इन बसों के रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस और परमिट की जांच तक नहीं की। इन अवैध डग्गामार बसों के संचालन से लाखों रुपये के राजस्व का प्रतिमाह परिवहन विभाग को चूना लग रहा है। मालूम हो कि फर्रुखाबाद शहर के प्रमुख मार्ग कायमगंज-फर्रुखाबाद, बेवर-फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित कई निजी बस सर्विस नाम की ट्रेवल्स एजेंसियों का बाकायदा बुकिंग कार्यालय अरसे से संचालित हैं। जहां से प्रतिदिन करीब एक दर्जन से अधिक निजी बसें दिल्ली, जयपुर, सोनीपत, चंडीगढ़, हरियाणा, लुधियाना, अमृतसर के लिए रवाना होती हैं। यातायात प्रभारी रजनेश कुमार ने बताया कि जहां पर अवैध रूप से निजी बस की ट्रेवल्स एजेंसियां चल रही हैं। उन एजेंसियों की जांच करके उन बसों का रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस व परमिट की जांच की जांच जाएगी। अवैध डग्गामार बसों का चालान करेंगे।


अतिक्रमण हटाती जेसीबी। अमृत विचार

## कर्बला की जमीन से हटाया अतिक्रमण

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** टिलिया रोड पर कर्बला की जमीन पर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीवी से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान ग्रामीणों में हडकंप मचा रहा। एसडीएम ने आंबेडकर पार्क की भी जगह खाली करने के निर्देश दिए है। एसडीएम रविंद्र सिंह, सीओ जय सिंह परिहार, राजस्व टीम व भारी पुलिस फोर्स के साथ टिलिया स्थित करवला पहुंचे। जहां आसपास के ग्रामीणों से कहा गया कि अभी तक अतिक्रमण क्यो नहीं हटाया गया। इस पर कोई नहीं बोला। इसके बाद पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीवी मशीन से उपले आदि हटवाए गए और जमीन खाली की गई। प्रशासन की कार्रवाई देख आसपास के ग्रामीण हडकंप मच गया। लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीण दूर से ही पुलिस प्रशासन की कार्रवाई देखते रहे। एसडीएम ने बताया कि 158 नंबर करवला के नाम जमीन दर्ज है। जो करीब पौने पांच बीघा है। यहां कुछ लोगो ने अतिक्रमण कर रखा था। कुछ दिन पहले उन्हे अतिक्रमण करने वालो को नोटिस भी दिए गए थे। लेकिन संबंधित ने जगह खली नहीं की। जिसके तहत अतिक्रमण हटाया गया।

## जहरखुरानी गिरोह ने बस में नशीला पदार्थ सुंघाकर यात्री को लूटा

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** रोडवेज बस में जहरखुरानी गिरोह ने यात्री को नशीला पदार्थ सुंघाकर नकदी समेत सामान पार कर दिया। बस चालक, परिचालक ने उसे रुटौल गांव के पास एक पेट्रोल पम्प के पास लावारिस हालत में सड़क के किनारे छोड़ कर चले गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। उसकी जेब में रखे 15 हजार रुपये, मोबाइल व बैग पार कर ले गए।

जनपद एटा के थाना धुमरी के गांव टिकासर निवासी देवेन्द्र कश्यप दिल्ली में रहकर मजदूरी का कार्य करता है। शुक्रवार की देर शाम वह दिल्ली से बस से अपनी सुसराल जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर जा रहा था। तभी रास्तें में जहरखुरानी गिरोह का शिकार हो गया। गैंग के सदस्यों ने उसे नशीला पाउडर सुंघा कर बेहोश कर दिया। मानवीय संवेदनाओं से शून्य रोडवेज बस के चालक व परिचालक ने उसे लावारिस हालत में अलीगंज कायमगंज मार्ग स्थित ग्राम रुटौल के पास एक पेट्रोल पम्प के पास लावारिस छोड़ दिया।

## कच्ची दीवार गिरी, दबने से बालिका की मौत, मौके पर पहुंचे अफसर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जहानगंज क्षेत्र में हो रही बरसात का असर दिखाई पड़ने लगा। बरसात की वजह से गिरी दीवार के नीचे दबने से बालिका की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर में मकान की कच्ची दीवार गिरने से बालिका मलबे में दब गई। ग्रामीणों ने आननफानन में मलबा हटाया तबतक बालिका की मौत हो गई। हादसा गांव रतनपुर थाना जहानगंज में हुआ। यहां के निवासी ब्रजेश कुमार जाटव की 10 साल की बालिका गुड़िया इसमें दब गई। सदर तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर परिवार को सांत्वना दी।


रोते-बिलखते मृतक बालिका के परिजन। अमृत विचार

### खाई में गिरी बाइक, 3 लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के तीन युवक बाइक खाई में गिरने से घायल हो गए। थाना कलान के गांव मोहनपुर निवासी वर्देशराज ( 45 ) पुत्र सेवाराम, जंगबहादुर ( 22 ) पुत्र गुलफान, मोनू ( 32 ) पुत्र रामनाथ तीनों शराब के नशे में बाइक से कलान की तरफ जा रहे थे। गांव सरपरा के पास अनियंत्रित बाइक खेत में लगे कटीले तारों के ऊपर जा गिरी। जिसमें देशराज, जंगबहादुर और मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में 6 घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** मार्ग दुर्घटनाओं में कंपिल क्षेत्र के गांव सिद्धमणी निवासी वृद्ध श्रीकृष्ण, मेरापुर क्षेत्र के गांव भटा मुरलीधर निवासी फूलमती व दिनेश, मैनपुरी के शिवपुर निवासी अर्जुन, कंपिल के गांव अहिवरन नगला निवासी रजनेश व विकास, सिकंदरपुर निवासी लालकेश घायल हो गए।

## अतिक्रमण की आईं शिकायतें, जांच के निर्देश

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी ने भी सुनीं पीड़ितों की फरियादें

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस में जमीन पर कब्जे की शिकायतों पर एसडीएम गंभीर दिखे और जांच के निर्देश दिए। शनिवार को कोतवाली में उपजिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया। फरियादियों में क्षेत्र के गांव पैथान खुर्द बुजुर्ग निवासी अरब सिंह ने फरियाद में कहा कि उसने गांव में ही जमीन खरीदी है जिसपर गांव के ही दबंग कब्जा किए हुए है। भटासा निवासी कैलाश चन्द्र ने कहा कि वह दिल्ली रहकर मजदूरी करता है उसकी भटासा गांव में जमीन व घर है। घर की गैलरी के उसने जगह छोड रखी थी। जिस पर गांव के आरोपित नींव खोद रहे है। विरोध करने पर आरोपित मारपीट को आमादा हो जाते है व जान से मारने की धमकी देते है। क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी निवासी जसबन्त सिंह ने फरियाद में कहा कि उसने जगह खरीदी थी जब वह नींव खोदने के लिए गया तो आरोपितों ने उसके साथ गाली गलौज कर दी और नीव खोदने का सामान साथ ले गए। नगर के मोहल्ला कूंचा निवासी उषा कौशल ने कहा कि उसकी जमीन की पैमाइश कराई जाए। नबाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कुतुबुद्दीनपुर निवासी शीशपाल ने फरियाद में कहा कि उसके निजी नलकूप की विद्युत लाइन के पोल को दंबगों द्वारा उखाड दिया गया। पोल दोबार लगवाए जाए। इस दौरान एसडीएम ने शिकायतों को सुनने को बाद निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की टीम को भेजा। इस दौरान नायब तहसीलदार सृजन कुमार, कोतवाली प्रभारी राम अवतार, इंस्पेक्टर क्राइम राजेश कुमार, कस्बा चौकी विघा सागर तिवारी, मण्डी चौकी प्रभारी केके कश्यप, एसआई नितिन कुमार, एसआई सुनील मौजूद थे।


फरियाद सुनते उपजिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी जयसिंह।

## चिता से उठा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता फर्रुखाबाद

- शरीर पर चोट के निशान देखकर साले ने पुलिस बुलाई

**अमृत विचार।** दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुरालीजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अंतिम संस्कार स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोप है कि शरीर पर चोटों के निशान थे जिससे हत्या होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव रानीपुर निवासी धनपाल सिंह ( 40 ) जो दिल्ली के नोएडा में सिक्योरिटी गार्ड था। बताया गया कि धनपाल पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था। जिसका दिल्ली में इलाज भी चल रहा था। इलाज के बावजूद ठीक नहीं होने पर उसे उपचार के लिए फर्रुखाबाद ले जाया जा रहा था। रास्ते में उसकी मौत हो गई। शनिवार को शव ढाई घाट गंगा तट पर शमशाबाद ले जाया गया। अंतिम संस्कार के लिए शव चिता पर रखा गया। उसी दौरान साले सुरेंद्र सिंह ने शरीर पर चोटों के निशान देखे। तो उन्होंने मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार रुकवा दिया। मृतक के साले सुरेंद्र सिंह तथा भांजे के बीच गाली-गलौज हो गई। धनपाल के साले की सूचना पर पुलिस पहुंची।

सम्मान समारोह | सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी बोले : कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान पर आंच नहीं आने दी जाएगी

# कांग्रेस ने संविधान की हत्या करने का कार्य किया : सांसद

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सांसद मुकेश राजपूत ने कहा राज्य में तीसरी बार सरकार बनी है, अब विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश करना होगा। कांग्रेस ने संविधान की हत्या करने का कार्य किया है। 1975 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लगाया था। विपक्ष ने संविधान और आरक्षण के नाम पर जनता को भ्रमित करने का काम किया। यह बात सांसद ने आवास विकास स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर शनिवार को आयोजित सदर विधानसभा कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में कही। वहीं सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा की कार्यकर्ता भाजपा संगठन और सरकार के लिए प्राथमिकता के तौर पर हमेशा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान पर आंच नहीं आने दी जाएगी।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के बनने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका भाजपा के कार्यकर्ताओं ने निभाई थी। चुनाव में समूचे विपक्ष ने जनता को भ्रमित करने के लिए संविधान और आरक्षण जैसे मुद्दों को उठाया। बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 10 वर्ष की सरकार में संविधान और आरक्षण के साथ किसी भी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संविधान को मजबूत करने वाली पहली ऐसी सरकार है जिसने लोकतंत्र के स्तंभों को मजबूत करने का कार्य किया। कांग्रेस ने संविधान की हत्या करने का कार्य किया। 1975 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लगाया था। आगे आने वाले वर्षों में पंचायत एवं 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है कार्यकर्ता अभी से जनता के बीच सरकार की नीतियों एवं कि जा रहे कार्यों की जानकारी प्रचारित करें।


कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

### विपक्ष ने भ्रम फैला कर लाभ लिया

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा लोकसभा के चुनाव में विपक्ष के द्वारा जाति संविधान और आरक्षण के नाम पर जनता के बीच जो भ्रम फैलाया गया उसका विपक्ष को कुछ लाभ जरूर मिला लेकिन जनता ने मोदी सरकार की नीतियों पर मोहर लगाई। कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान पर किसी भी प्रकार से कोई आंच नहीं आएगी कार्यकर्ता भाजपा संगठन एवं सरकार के लिए प्राथमिकता के तौर पर रहेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा भाजपा संगठन के पास कार्यकर्ताओं का सबसे बड़ा समूह है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला महामंत्री डीएस राठौर, सदर विधानसभा संयोजक आदित्य मिश्रा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक अभिषेक त्रिवेदी, जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत आदि मौजूद थे।

## नगला भूड़ में करंट से बालिका की मौत

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** नगला भूड़ गांव में करंट से बालिका की मौत हो गई। परिजनों ने पड़ोसी पर चोरी से चलाई जा रही बिजली के तार से करंट लगने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के गांव जिराऊ के मजरा नगला भूड़ निवासी मदनपाल की 5 वर्षीय पुत्री संध्या घर साथ खेल रही थी। जहां उसे बिजली के तार से जोरदार करंट लगा। इससे वह अचेत हो गई। उसकी दादी जलेश्री ने देख लिया और वह चीख पड़ी। आसपास लोगो की भीड़ जमा हो गई। परिजन संध्या को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर जितेंद्र बहादुर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर कस्बा चौकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी, एसआई नितिन यादव, महिला दरोगा नीरज त्यागी अस्पताल पहुंचीं।

## सार-संक्षेप


पौधरोपण करते सांसद मुकेश राजपूत व राजपूताना ग्रुप के चेयरमैन वीरेंद्र सिंह राठौर।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज रोड बघार स्थित राजपूताना पब्लिक स्कूल में वार्षिक पौधारोपण दिवस का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 12 तक के सैकड़ो छात्र छात्राओं ने अपने नाम से पौधे लगाए। विशेष अतिथि जिला सांसद मुकेश राजपूत विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, प्रबंधक संदीप सिंह और प्रधानाचार्य हिरदेश कुमार ने स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के कई पेड़ लगाए। छात्रों के पौधा रोपण की प्रक्रिया अभी कई दिनों तक जारी रहेगी ।संसद मुकेश राजपूत ने सभी छात्रों को पर्यावरण को बचाने के लिए और अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। प्रधानाचार्य हिरदेश कुमार ने पौधे लेकर आए सभी छात्रों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सांसद मुकेश राजपूत ने एसओएफ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड गणित में 11वीं रैंक लाने वाली कक्षा 2 की छात्रा को व अन्य प्रतिभाशाली छात्रों को भी मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किया।

### राजकीय पॉलिटेक्निक में काउंसिलिंग आज

**फर्रुखाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए पहले चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग 14 जुलाई को होगी। आवेदन के दौरान विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार कॉलेज व ट्रेड चुन सकते हैं। 15 जुलाई को सीट आवंटन होगी। 16 से 20 जुलाई तक विद्यार्थी आवंटित कॉलेज में फीस जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। इस दौरान विद्यार्थी को अगर कोई कॉलेज पसंद न आए तो वह 21 जुलाई को अपनी सीट विड्रा ( छोड़ ) कर सकता है। सीट विड्रा करने वाला विद्यार्थी अगले चरण की काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकता है। काउंसिलिंग के दूसरे चरण के प्रवेश 22 से 24 जुलाई है। सीट आवंटन 25 जुलाई को होगा। 26 से 30 जुलाई को फीस जमा होगी। एक अगस्त को सीट विड्रा कर सकते हैं। तीसरे चरण के रजिस्ट्रेशन दो अगस्त से चार अगस्त तक होंगे। सीट आवंटन पांच अगस्त व छह से आठ अगस्त तक होगा। दस अगस्त को सीट विड्रा कर सकते है। अगर किसी तरह सीट विड्रा नहीं हो पाई तो 10 से 12 अगस्त तक एक से तीसरे चरण के अभ्यर्थी सीट विड्रा कर सकते हैं। 21 अगस्त से कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य दयाचंद ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश की काउंसिलिंग का शिड्यूल जारी कर दिया गया है।

### जिलाधिकारी का आदेश ताक पर

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद परिषदीय विद्यालयों में चिकित्सा परीक्षण शिविर नहीं लगाया गया है। 15 दिन पूर्व जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए थे कि ब्लॉकवार चिकित्सा परीक्षण शिविर लगाकर परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं का परीक्षण करें। इसके साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र दें। तीन दिन में चिकित्सीय टीम की सूची बेसिक शिक्षा विभाग में दें। एक जुलाई से 31 अगस्त तक कैंप लगाए जाने हैं। मगर अभी तक किसी भी ब्लॉक में मेडिकल एसेसमेंट कैंप नहीं लगाया गया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि जिलाधिकारी ने 1 जुलाई से 31 अगस्त तक मेडिकल एसेसमेंट कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। मगर अभी तक स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सीय टीम की सूची नहीं मिली है। किसी भी ब्लॉक में अभी कैंप नहीं लगाए गए हैं। गौरतलब है कि जनपद के 1576 परिषदीय विद्यालयों में 2400 दिव्यांग बच्चे पंजीकृत हैं।

### जल्द कराएं प्रबंध समिति का चुनाव

**फर्रुखाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को भेजे गए पत्र में कहा कि जिन एडेड कॉलेजों की प्रबंध कार्यकारिणी हाल ही में समाप्त होने वाली है, उन कॉलेजों में नोटिस भेजकर प्रबंध समिति का चुनाव जल्द से जल्द कराया जाए। जिन कॉलेजों में प्रबंध समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और वहां समयातंर्गत चुनाव नहीं कराए गए। ऐसे कॉलेजों में जिला विद्यालय निरीक्षक की संस्तुति पर कार्रवाई करें। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि एडेड कॉलेजों में प्रबंध समिति का चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन गंभीर रूप से घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शमसाबाद क्षेत्र में बाइकों की भिड़ंत में तीन सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनो को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव सत्तार नगर निवासी विपिन कुमार फैजबाग स्थित नगला सेठ में अपनी बहन के यहां आ रहे थे। ढाईघाट के पास सामने आ रहे जनपद कासगंज के थाना दरियावगंज के मुड़िया नगला निवासी नेमकुमार की बाइक से भिड़ंत हो गई जिसमें नेमकुमार व उसका साथी रोहित निवासी मूसेपुर व दूसरी बाइक पर सवार विपिन घायल हो गया।

### किसान व उसके पुत्र के साथ मारपीट

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** गांव रानीपुर गौर में किसान व उसके पुत्र के साथ चार आरोपितों नें मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र का गांव रानीपुर गौर निवासी सन्तराम ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में कहा कि शुक्रवार की दोपहर वह अपने मक्के के खेत की रखवाली कर रहा था। तभी गांव के ही शैलेन्द्र ,सुधीर, आलोक व उसका पुत्र शीलू आ गए। उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी आरोपित एकजुट होकर मारपीट करने लगे। चीखपुकार करने पर उसका पुत्र संदीप बीच वचाव करने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट कर दी।

### नाबालिग चला रहे थे बाइक, किया चालान

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नाबालिगों को बाइक चलाते देख सीओ हैरान हो गए और उनकी बाइक का चालान कर दिया। सीओ ने बाइक चला रहे नाबालिगों की बाइक का चालान कर दिया और उन्हे हिदायत दी कि बालिग होने पर हैलमेट के साथ बाइक चलाएं। नवांगतुक सीओ जयसिंह परिहार व प्रभारी निरीक्षक रामअवतार नगर से निकले तो उनकी नजर बाइक पर आ रहे नावालिग छात्रों पर पड़ी। उन्होंने बाइक रुकवाई और उनसे उम्र पूछी तो वह बच्चे सकपका गए। नावालिग होने पर पुलिस ने उनकी बाइक का चालान कर दिया।

### चालान करने को लेकर बिफरे लेखपाल, थाने में किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद।** तहसील सदर के लेखपाल संजय व विकास त्रिवेदी शाम को कादरीगेट थाने पहुंचे। उन्होंने अपनी बाइकें थाना परिसर में खड़ी की। पहरा ड्यूटी पर तैनात सिपाही ने बाइक साइड में खड़ी करने को कहा। इसी पर कुछ कहासुनी हुई। थाना प्रभारी ने बाइक का चालान करने का निर्देश दिया। इसी पर विवाद बढ़ गया। पता चलने पर लेखपाल संघ के पदाधिकारी भी आ गये और उनकी थाना प्रभारी अवध नारायन पांडेय से नोकझोक हो गई। इस पर लेखपाल थाने के गेट पर धरना देकर बैठ गये। लेखपाल संजय ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी ने उन्हें जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया है। सीओ सिटी प्रदीप कुमार के अनुरोध पर लेखपाल बातचीत करने थाना प्रभारी के कक्ष में पहुंचे। बाद में समझौता हो गया है।

### ई-रिक्सा पलटने से छह लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी 35 वर्षीय रीना देवी पत्नी अनार सिंह ई-रिक्शा पर बैठकर कस्बा नवाबगंज जा रही थी। ई-रिक्शा पलट गया इससे ई रिक्शा सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को सीएससी नवाबगंज में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए रीना को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर किया।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में 36 और शिक्षकों ने दिया इस्तीफा

**फर्रुखाबाद।** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षको का इस्तीफा देने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। शुक्रवार को राजेपुर ब्लॉक व मोहम्मदाबाद ब्लॉक के 90 शिक्षक संकुलों ने इस्तीफा दिया था। इससे पहले शमसाबाद ब्लॉक के शिक्षक संकुल इस्तीफा दे चुके हैं। शनिवार को मोहम्मदाबाद ब्लॉक क्षेत्र के ही 36 शिक्षक संकुलों ने सामूहिक रूप से बीईओ भारती शाक्य को त्याग पत्र सौंपा। इस्तीफा देने वालों में अनिरुद्ध सिंह, इकरार अहमद, मनोज कुमार सिंह, कुलदीप कुमार, शिव कुमार, अजीत सिंह, आलोक पाल, भूपेंद्र तिवारी, उत्तम प्रताप सिंह, दलवीर सिंह, उदय प्रकाश, उपेंद्र सिंह, रविकांत तिवारी, रामशरण यादव, हरिओम पांडेय, राजेश कुमार, अनुरुद्ध, ब्रजेश, आदित्य, राजेश, संगीत कुमार, सचिन कुमार, अजय कुमार, अशोक कुमार, राजीव कुमार, आलोक कुमार, राकेश, देवेंद्र सिंह, कश्मीर सिंह, तनुजा तिवारी, नवीन पांडेय, आनंद यादव, जयदीप सिंह राकेश कुमार यादव व शिक्षक संकुल अभिषेक शामिल हैं।

# प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अंयत्र नहीं मिलता।

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीन काल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है,लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रियबोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी' कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है कि, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।"

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।" इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है।

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं,लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी,लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 6) में लिखा है, "ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।" यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है कि, "उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे। वे आध्यात्मिक और पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे" विंसेंट स्मिथ (1843-1920) ने 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नाम का ग्रंथ लिखा। स्मिथ भी ईमानदार नहीं रहे।

ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं। संप्रति विदेशी सभ्यता और संस्कृति को आधुनिकता बताकर तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारा वर्तमान हमारे भूत का विस्तार है और हमारे आज के श्रमतप भविष्य का भारत रच रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर विदेशी संस्कृति का आवाहन और हिन्दू संस्कृति की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। भारत की आधुनिकता भारत की परंपरा का ही विकास होनी चाहिए।

# मार्क्सवाद

> मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

कार्ल मार्क्स का मतलब क्या है? उनका लक्ष्य क्या था? हमारे बीच में अनेक लोग हैं,जो उनको अर्थशास्त्री, विचारक आदि कहकर पुकारते हैं। इसी आधार पर अनेक मार्क्सवादी अपने को मार्क्सवादी अर्थशास्त्री होने, मार्क्सवादी आलोचक होने का दावा भी करते हैं। ऐसे ही लोगों को ध्यान में रखकर एंगेल्स ने जो कहा उसका महत्व है। एंगेल्स ने लिखा- "कुछ भी होने के पहले मार्क्स सबसे पहले क्रांतिकारी है।" मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?

भारत में साहित्य से लेकर अर्थशास्त्र तक ऐसे मार्क्सवादी हैं,जो बार-बार "थ्योरी" की अप्रासंगिकता का बखान करते रहते हैं। इस तरह ये लोग मार्क्सवाद का विकृतिकरण कर रहे हैं। साहित्य में इसके आदर्श हैं नामवर सिंह। वे कई बार "थ्योरी" सिद्धांततः खारिज कर चुके हैं। वे नहीं जानते कि इस तरह वे किसकी सेवा कर रहे हैं। "थ्योरी" के रूप में मार्क्सवाद पहले भी प्रासंगिक था और आज भी है। इसके आधार पर अनेक महत्वपूर्ण काम मार्क्सवादियों ने किए हैं।

हिन्दी में नामवर सिंह से लेकर रामविलास शर्मा आदि तकरीबन अधिकांश मार्क्सवादी आलोचकों ने थ्योरी को अस्वीकार करते हुए, आलोचना पर जोर दिया, ये लोग निरंतर आलोचना लिखते रहे, आलोचना बोलते रहे, लेकिन इस क्रम में यह भूल गए कि थ्योरी के बिना आलोचना ठूंठ होती, निर्जीव होती है। उसमें निज के विकास की क्षमता नहीं होती। यही वजह है आज हमारे बीच में नामवर सिंह हैं, उनकी आलोचक भक्तमंडली है, लेकिन हिन्दी आलोचना गायब है। नामवर सिंह के रहते आलोचना गायब क्यों हो गई? यह सवाल तो बनता है। उसी तरह यह भी सवाल बनता है कि जो प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी अर्थशास्त्री हैं, उनके रहते हुए मार्क्सवाद हमारे देश में हाशिए पर कैसे पहुंच गया? ध्यान रहे यथार्थ के छोटे-छोटे विवरण और ब्यौरे या आख्यान को मार्क्सवाद नहीं कहते। मार्क्सवाद को बिना थ्योरी के समृद्ध नहीं किया जा सकता।

मार्क्सवाद का लक्ष्य है शोषणमुक्त समाज की स्थापना करना। यानी व्यक्ति के द्वारा व्यक्ति के शोषण का खात्मा करना। भारत के संदर्भ में यह बात कैसे लागू करें, इसे अपने समाज की संरचनाओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तय करें। इसके लिए पहली शर्त है मार्क्सवाद की शिक्षा, मार्क्सवाद की शिक्षा के बिना कोई भी चीज न तो सही नजरिए से देख सकते हैं और न विश्लेषित कर सकते हैं।

मार्क्सवादी होने का मतलब कम्युनिस्ट पार्टी का मेंबर होना नहीं है,मार्क्सवाद कोई कोट नहीं है जिसे हेंगर से उतारा और पहन लिया और मार्क्सवादी बन गए। हो सकता है आप पार्टी मेंबर हों, लेकिन मार्क्सवाद शून्य हों,हमारे देश में बहुत बड़ी संख्या में पार्टी मेंबरों को मार्क्सवाद का न तो ज्ञान है और न वे ज्ञान पाना चाहते हैं। वे इंकलाब जिंदाबाद से अधिक कुछ नहीं जानते या पार्टी ने जो कहा है उसको यांत्रिक तौर पर दोहराते रहते हैं। इन सबको मार्क्सवाद की केटेगरी में नहीं रखा जा सकता। ये वे लोग हैं,जो अर्थवाद, अवसरवाद या मित्रता के नाते कम्युनिस्ट दल से जुड़े हैं। इस तरह के मार्क्सवादियों से तो खुद मार्क्सवाद को खतरा है। यह तो नीम-हकीम खतरा ये जान वाला मामला है।

# चेतना की उत्पत्ति पर विज्ञान की आंशिक यात्रा


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया,जिससे समुद्र अस्तित्व में आए।

यह तो स्पष्ट है कि पदार्थ के एक खास समुच्चय से ही चेतना की उत्पत्ति होती है,किंतु वह कौन सा निर्णायक बिंदु है जिस पर यह चमत्कार संपन्न होता है? और उस बिंदु पर ठीक-ठीक क्या घटित होता है,जो चेतन प्राणी को अचेतन जगत से भिन्न कैटेगरी का बना देता है। इस कदर कि चेतना है तो हम हैं, विश्व है। चेतना नहीं तो सब कुछ "होते" हुए भी कुछ नहीं। चेतना ने ही स्व का बोध किया और स्व से पृथक नानारूप विश्व का बोध किया। इस रहस्य को भेदने की दिशा में विज्ञान की यात्रा "आंशिक" है (और क्या पता, आंशिक ही रहने वाली हो)। इतना तो निश्चित है कि पृथ्वी को छोड़कर हमारे और किसी अन्य सौरमंडल के किसी भी ग्रह पर चेतन प्राणी के अस्तित्व का "वैज्ञानिक प्रमाण" अभी तक नहीं मिला है। पृथ्वी पर भी असंख्य जीवों में से मनुष्य एक है। वे सब कैसे अस्तित्व में आए? उन सबसे मनुष्य का क्या संबंध है?

चेतन प्राणी की जो प्रकृति है उससे स्पष्ट है कि उसमें कार्बन के अणु बहुतायत में हैं। 1923 में रूसी जैव-रसायनज्ञ ए.आई ऑपरिन (बायोकेमिस्ट, ओपरिन) ने जीवन की उत्पत्ति के संबंध में जैव-रासायनिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया। 1928 में बरतानिया के विकासवादी जीव-वैज्ञानिक जे बी एस हाल्डेन ने उसकी पुष्टि की। इसके अनुसार जीवन की उत्पत्ति सरल कार्बनयुक्त अणुओं से हुई है। लगभग 4.5 अरब (बिलियन) साल पहले जब एक सौर्य बादल (नेबुला) के फटने से हमारा सूर्य और पृथ्वी समेत सौरमंडल के ग्रह बने, पृथ्वी धधकती हुई आग का गोला थी। इसमें ऊर्जा के अनेक स्रोत मौजूद थे-ब्रह्मांडीय किरणें, विकिरण, बिजली चमकने से होने वाले विद्युत विसर्जन और ज्वालामुखियों से निःसृत ऊष्मा। उस अवस्था में पृथ्वी निरंतर, प्रतिदिन हजारों यौगिक निर्मित करने वाले कारखाने की तरह काम कर रही थी। इस आत्यंतिक स्थिति में पृथ्वी के दहन से उत्पन्न ऑक्सीजन शुद्ध ऑक्सीजन नहीं रह सकती थी। उसी ऑक्सीजन से जल और कार्बन के यौगिक चूना-पत्थर उत्पन्न हुए। उसी से हाइड्रोजन की यौगिक मीथेन उत्पन्न हुई और हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन के मिलने से अमोनिया बन गई। इस तरह बनने वाले सभी यौगिक जैविक थे। समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया, जिससे समुद्र अस्तित्व में आए। पुरानी ऊष्मा के चलते समुद्र का पानी गर्म था। उसमें अनेक प्रकार के जैविक अणु बहुतायत में घुले हुए थे,जिससे उसकी प्रकृति सूप-जैसी थी। गर्म जल में इन यौगिकों की अंतःप्रक्रिया से कई अन्य यौगिक बने। उनमें से कई में अमीनो अम्ल के घटक शामिल थे,जो कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन से बना एक यौगिक था। ये अमीनो अम्ल बड़ी मात्रा मे आपस में जुड़कर प्रोटीन बन गए और प्रोटीन ही जीवन-सौध के निर्माण में ईंटों का काम करते हैं। मस्तिष्क की कोशिकाएं भी प्रोटीन की ही देन हैं, किंतु प्रोटीन-जैसे स्थूल तत्व से चेतना-जैसे सूक्ष्म तत्व की निर्मिति में बहुत फासला है तो चेतना की उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिकों का अभी तक अनिश्चित अनुमान-जैसा ही है। यह तो शुद्ध अनुमान है कि यह चमत्कार लगभग 3.5 अरब साल पहले हुआ होगा, यानी पृथ्वी के जन्म से लगभाग एक अरब साल बाद। उस अनुमान को वैज्ञानिक शब्दावली में मिलर-यूरे प्रयोग (मिलर-यूरे इक्सपेरिमंट) के नाम से जाना जाता है।

1952 में दो अमेरिकी जीव रसानयज्ञ, स्टैनली मिलर और हैरॉल्ड यूरे,ने मिलकर प्रयोगशाला में छोटे स्तर पर ठीक वही स्थितियां उत्पन्न करने की कोशिश कीं जो (अनुमानतः) 3.5 अरब साल पहले पृथ्वी पर रही होंगी। उन्होंने मीथेन, अमोनिया, पानी की भाप और हाइड्रोजन के मिश्रण को एक बंद परखनली में रखकर, एक हफ्ते तक 80 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर विद्युत स्फुलिंग से आवेशित किया। एक हफ्ते बाद जब परखनली के पदार्थों को जांचा गया,उसके पेंदे में अमीनो अम्ल के विभिन्न रूप मिले जो,जैसा कि ऊपर कहा गया, प्रोटीन के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इससे उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी के शुरुआती वातावरण का अनुकरण कर, बहुत सारे जैविक यौगिकों का निर्माण किया जा सकता है। यह ऑपरिन और हाल्डेन के जैव-रासायनिक प्रमेय की पुष्टि थी। वैज्ञानिकों ने इसे प्रयोगशाला में जीवन के तत्वों के निर्माण के रूप में लिया और अमेरिकी भौतिकशास्त्री रिचर्ड फेयनमैन ने तो इस उपलब्धि को पृथ्वी पर जीवन के उत्पत्ति विषयक मानव-ज्ञान की सफलता मानते हुए इस पर एक कविता लिखकर जश्न तक मना डाला।

मिलर महोदय 2007 में अपनी मृत्यु तक इस दिशा में शोधरत रहे। वे अनेक प्रकार के अमीनो अम्लों और जैविक एवं गैर-जैविक यौगिकों के निर्माण में सफल हुए जो कोशिकीय संरचना और संश्लेषण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जैविक कोशिकाओं में भोजन के चयापचय में अंतरण का भी उन्होंने अध्ययन किया,लेकिन कोशिका के निर्माण और चेतना का प्रादुर्भाव करने से हम अभी कितनी दूर हैं, कुछ पता नहीं। तब से हमने क्लोन तो बना लिया, लेकिन डिम्ब और शुक्राणु बना पाने का अभी तक कोई आसार नहीं है। यह बात अलग है कि क्वांटम भौतिकी के अनुसार सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्तर पर हम (ब्रह्मांड के जड़, चेतन और खाली आकाश भी) एकरूप और परस्पर उलझे हुए विद्युतावेशित इलेक्ट्रॉन और क्वार्क के तरंगित क्वांटा क्षेत्र हैं। ठीक कहा है, जितना जानिए, उतना ही यह एहसास बढ़ता जाता है कि हम कितना कम जानते हैं।

# अतीत की स्मृतियों का महत्व


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है।

भारत के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में वृक्षों का विशेष रूप से पीपल, बरगद, कदंब एवं नीम का बहुत महत्व रहा है। पौराणिक आख्यानों में इनका संबंध शायद विष्णु, शिव, कृष्ण और मां काली से है। पता नहीं, राम से संबंधित कोई वृक्ष है कि नहीं! मेरे बचपन में पीपल वृक्ष भूत, प्रेत, जिन्न आदि का स्थाई निवास स्थान था। भूत-प्रेत अब बिल्कुल ही गायब हो चुके हैं। वृक्षों के संबंध में अतीत की स्मृतियों का अपना महत्व है। हमने दो वृक्षों का रोपण ने हाई स्कूल के दिनों में 1970 के आसपास किया था, इनकी उम्र कोई 54 वर्ष के करीब है। दोनों वृक्षों के बीच मुख्य सड़क से उत्तर एक डेढ़ किलोमीटर दूर मेरे गांव जाती सड़क। कच्ची सड़क अब राजपथ है, पीपल के वृक्षों का स्थान बस पड़ाव है और दोनों वृक्षों की छाया में सड़क किनारे यात्री शेड बने हैं।

सड़क से सौ मीटर दक्षिण एक बड़े बांध के बाद सरयू का कोई नौ किलोमीटर चौड़ा और पचासों किलोमीटर की लंबाई में फैला विशाल दियारा प्रक्षेत्र है। दियारा प्रक्षेत्र विगत वर्षों में सूअर, नीलगाय, आवारा गाएं और साड़ों का चारागाह क्षेत्र बना हुआ है। नीलगाएं गांव के करीब भी दिखीं। गांव के बिल्कुल मध्य में एक विशाल बरगद का वृक्ष था, जिसकी छाया में राम कथा और महाभारत कथा हुआ करती तथा नाटकों का मंचन होता। कथा और नाटक दोनों अतीत की बात हो चुके हैं। पश्चिम में एक इतना ही विशाल बरगद वृक्ष था, जिसके नीचे 'सती देवानी' का स्थान था तथा बगल में ही छठ स्थल। सती देवानी का पुराना महत्व नहीं हैं, पर छठ पूजा व्यापक रूप धारण कर चुकी है। अगर अपने बचपन की सोचूं तो तुलनात्मक रूप से आज का मेरा गांव बहुत ही ज्यादा समृद्ध है। हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है। गांव का करीब पचास प्रतिशत दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ, जमशेदपुर, वाराणसी आदि शहरों में जा बसा है।

# शानदार शॉपिंग


दीपक मिश्र
अध्यक्ष बौद्धिक सभा

देश, राष्ट्र, समाजवाद जैसे शब्द आकाश से उतरे हुए शब्द नहीं हैं, इसी धरा के शब्द हैं और इसी धरा की बेहतरी के लिए महान पूर्वजों द्वारा शिल्पित शब्द हैं। हम बहुत छोटे-छोटे कार्यों तीनों को साध सकते हैं। जैसे मैंने बरसात के बाद देखा कि एक बुजुर्ग साइकिल पर रेगुलर इस्तेमाल की चीजें सजाकर बेच रहे थे। उनकी कमीज खुली अलमारी की तरह थी। पूरा बदन पसीने और बरसात की पानी से भीगा हुआ था। देखने में लग रहा था, सलीके का भोजन लिए हुए उन्हें महीनों हुआ होगा। मेरे मन में आया कि उनसे कुछ खरीदूं, पर उनके पास जो चीजें तीन, उनकी मुझे जरूरत नहीं थी, फिर देश और समाजवाद को सशक्त करने के लिए इस गरीब से खरीदारी। बेवजह की खरीदारी को वे भी समझ गए, लगभग सात सौ की खरीदारी के बाद बोले कि बाबू जी अब बस करिए, इतने में हमारा परिवार पूरे हफ्ते अच्छा खाना खाएगा। हम इन गरीब व्यापारियों से खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था को समग्रतः मजबूत करते हैं। क्रयशक्ति गरीब के घर जाएगी तो गरीबी घटेगी, राष्ट्र सशक्त होगा। बड़े-बड़े मॉल में खरीदारी का खरीदारियों के हम विरोधी नहीं, पर वहां की खरीदारी का मतलब समंदर पर मूसलाधार बरसात करना है। जम के सागर पे बरसते रहे बादल बंधु और एक बूंद को तरसते रहे मरुधर बंधु इसलिए बंधुओं खरीदारी जहां करते हैं, करते रहें, पर ठेला या साइकिल या सर पर सामान बेचने वालों से जरूर खरीदारी करें।

# बाढ़ की चपेट में शहर


अनूप शुक्ल
कानपुर



उत्तर प्रदेश का शहर शाहजहांपुर आजकल बाढ़ की चपेट में है। शहर गर्रा और खन्नौत नदियों के बीच बसा है। इन नदियों ने शहर को अपने आलिंगन में समेट रखा है। शहर इनसे बाहर निकलने की कोशिश करता है तो नदियां गुस्से से उफनकर दबोच लेती हैं उसको। शहर को अपनी औकात पता चलती है। वह नदियों के आगोश में सहम-सिकुड़ जाता है। नदियां फिर उसको प्यार से समेट लेती हैं।

कुछ दिनों पहले शाहजहांपुर गए थे तो पता चला खन्नौत की तरफ के इलाके पानी में डूबे हैं। लोदीपुर की तरफ का रास्ता बंद है। पानी से भरा है। केरूगंज की तरफ से शहर में घुसे, जिस जगह हम रहे वहां पानी नहीं भरा था। न बारिश हो रही थी। अंदाज नहीं था कि जिनके घर पानी में डूबे हैं उनके हाल कैसे होंगे। पता चला और हमने बाद में पुल से देखा भी कि इमारतों में पानी भरा है। घर आधे-आधे डूबे है पानी में। लोगों ने नदियों के किनारे घर बनाए हैं। कई साल पानी नहीं आता होगा उस इलाके में तो उसको सुरक्षित मानकर वहां घर बना लिए,लेकिन जब दस-बीस साल बाद नदी में पानी बढ़ता है तो उस जमीन पर फिर से कब्जा करता है। डूबो देता है जमीन को। नदियों किनारे बने नीचे इलाके में बने घर ऐसे होते हैं,जैसे किसी ट्रेन की कोई रिजर्व बोगी में अनारक्षित यात्री आकर बैठ जाए और कि पूरी यात्रा आराम कटेगी,लेकिन चार-छह स्टेशन बाद वह यात्री आए,जिसके नाम बर्थ रिजर्व है और ट्रेन में आराम से लेटे यात्री को उठाकर कहे - 'भाई साहब, यह बर्थ मेरी है। खाली कर दीजिए।' यात्री बेचारा दुखी होकर खुद को और सामान को भी समेटकर सीट छोड़ देता होगा।

नदियां भी इसी तरह अपनी जमीन पर कब्जा कायम करने को वापस लौटती हैं। लोगों को अपनी जमीन पर घर बसाए देखकर भन्ना जाती होंगी। बेदखल कर देती हैं लोगों को,लेकिन यह पानी यहां की बरसात का नहीं है। बांध से छोड़ा पानी है। कहीं और बरसा होगा पानी। बांध में आया होगा। बांध का पेट भरा है। उसने पानी इधर उलट दिया। बरसा कहीं,भरा कहीं कहावत है न : एक गांव में आग लगी, एक गांव में धुंआ।

एक दिन बाद खन्नौत की तरफ पानी कम हुआ तो गर्रा की तरफ बढ़ गया। नदी किनारे तमाम इलाके पानी में डूब गए। शहर के अस्पताल के सामने घुटनों, कमर तक के पानी में लोग भागते दिखे,जो बीमार हैं उनका क्या हाल होगा। लोग अपने घरों को छोड़कर दूसरे इलाके में भाग रहे हैं। सामान निकालना समस्या है। सामान ढोने वाली सवारियों के भाव बढ़े हैं। वो भी निकाल कहां पा रही हैं? लोग अपना सामान घर में ही छोड़कर सुरक्षित इलाकों में जा रहे हैं। बाढ़ के पानी ने रास्ते बदल दिए हैं। हमको 30 किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में जाना था। बरेली मोड़ पर पानी भरा होने के चलते दूसरे रास्ते जाना पड़ा। 30 किलोमीटर की दूरी 90 किलोमीटर में बदल गई। रास्ते में जाम। 90 किलोमीटर की दूरी छह घंटे में तय कर पाए।

शहर कई तरफ से पानी से घिरा है। जगह-जगह नदियों का पानी 'जनता दर्शन' के लिए मौजूद है। लोग फोटो-वीडियो बनाने में जुट रहे हैं। अनगिनत फोटो-वीडियो इधर-उधर टहल रहे हैं। लोगों के मोबाइल डिजिटल बाढ़ में डूब रहे हैं। दो दिन शाहजहांपुर रहने के बाद वापस लौट आए। खन्नौत की तरफ का पानी कम हो गया था। जाते समय जिधर से रास्ता पानी में डूबा था वह साफ हो गया था। उधर से ही आए। प्रेम-स्नेह की बारिश और बाढ़ में भीगे-डूबे। यह स्नेह/प्रेम की बारिश और बाढ़ ऐसी है,जिसमें हमेशा भीगने और डूबे रहने का मन करता है।

# संविधान हत्या दिवस


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केंद्र सरकार ने 25 जून की तारीख को प्रतिवर्ष 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा की है। चूंकि वर्ष 1975 में इसी तिथि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से देश में आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी की उद्घोषणा करवाई थी। इस कालखंड में कुछ शासन और कुछ प्रशासन तंत्र द्वारा प्रावधानों के बेजा उपयोग के कारण लोगों को कष्ट हुए थे। इसे संविधान हत्या दिवस घोषित करने पर एक नई बहस छिड़ गई है। आरोपों प्रत्यारोपों का दौर जारी है।

आम जनता तो 49 साल पहले की बात काफी कुछ भूल चुकी है, नई पीढ़ी तो इसे जानती भी नहीं,किंतु प्रबुद्ध लोग इस अति पुरानी घटना को नए दिवस के रूप में मनाने पर चकित हैं और वे बुद्धि और लेखनी चलाने लगे हैं। वे कहते हैं कि संविधान में इमरजेंसी लगाने का तो प्रावधान है और यह उसी के अंतर्गत लगाई गई थी,फिर संविधान की हत्या कैसी? संविधान का अनुच्छेद 352 आपातिक स्थिति लगाने की व्यवस्था करता है,जो आज भी मौजूद है। दस वर्ष से तो भाजपा की सरकार केंद्र में सत्तारूढ़ है। न तो उसे संविधान हत्या की याद आई और न उक्त अनुच्छेद निरस्त करने का कोई प्रयास किया। दरअसल यदि 25 जून,1975 को संविधान की हत्या हो गई थी,तो इमरजेंसी के ठीक बाद हुए चुनावों के परिणामस्वरूप मोरारजी देसाई की सरकार कैसे बनी,जिसमें भाजपा की पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी मंत्री थे? क्या यह सरकार असंवैधानिक थी? क्योंकि संविधान तो मर चुका था। हत्या किया हुआ व्यक्ति तो जीवित हो ही नहीं सकता। दूसरा संविधान कब बना? यह केंद्र को स्पष्ट करना होगा। इमरजेंसी लगाने की सलाह जरूर इंदिरा गाधी कैबिनेट ने दी थी, किंतु तब तो कैबिनेट की सलाह मानने के लिए राष्ट्रपति बाध्य भी नहीं थे। वे न हस्ताक्षर करते, तो इमरजेंसी कैसे लगती? बाध्य होने वाला 44 वां संविधान संशोधन तो 1976 में हुआ है।

यदि ऐसा कोई दिवस मनाना जरूरी था, तो मोरारजी देसाई की 27 महीने चली और अटल बिहारी वाजपेयी की छह साल चली विपक्षी सरकारों ने इसे जरूरी क्यों नहीं समझा और मोदी को भी दस साल बाद ही क्यों याद आई? शायद अपनी पार्टी के गिरते और कांग्रेस के उठते ग्राफ से हतप्रभ हुए भाजपाई हताशा में अपनी स्थिति पुनर्स्थापित करने के लिए हाथ पैर मार रहे हैं,जिनका जनता पर प्रभाव न के बराबर होगा। अच्छा होता कि यह मिलीजुली सरकार कुछ ठोस सकारात्मक मुद्दे लेकर आगे बढ़ती।

# 13 बाढ़ चौकियां बनाई गईं अधिकारी कर रहे निरीक्षण

## बाढ़ की आशंका पर प्रशासन सतर्क, लोगों को जागरूक किया जा रहा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अभी बरसात ज्यादा नहीं हुई है लेकिन अधिक बरसात में बाढ़ की आशंका को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। यदि बाढ़ जैसी कोई आपदा आए तो उससे निपटने के लिए तैयारी कर ली गई है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार संभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है।

बरसात शुरू होने के साथ ही बाढ़ की आशंका भी बढ़ती जाती है। इसे लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है और काफी पहले से ही तैयारी शुरू कर ली गई है। यहां यमुना चंबल के आसपास चकरनगर क्षेत्र तथा इटावा सदर तहसील के कुछ गांव बाढ़ से प्रभावित होते रहे हैं। इसलिए इन क्षेत्रों में जिला प्रशासन की खासी नजर है। इसे ध्यान में रखते हुए यमुना चंबल क्षेत्र में 13 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है अधिकारियों व कर्मचारियों को सजग कर दिया गया है। सबसे ज्यादा तहसील चकरनगर के गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं।

प्रशासन की ओर से चकरनगर क्षेत्र में ही 13 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। यह बाढ़ चौकियां कंधेसीधार, बहादुरपुर धार, ब्लॉक कार्यालय, भरेह, गढ़ा कासदा, कचहरी, अनेठा, बंसरी, बिडोरी, सिंडौस, बिंडवा खुर्द मर्दानपुर शामिल है। जहां बाढ़ चौकियां बनाई गईं उस क्षेत्र के लोगों को भी जरूरी जानकारी देकर सतर्क कर दिया गया है ताकि बाढ़ जैसी कोई आपदा आने पर सुरक्षित रह सकें। इन लोगों को दूसरे स्थान पर ले जाने की तैयारी कर रखी गई है।

### ये गांव बाढ़ में हो जाते हैं अलग-थलग

**इटावा।** क्षेत्र में करीब एक दर्जन गांव ऐसे हैं जिनमें बाढ़ आने के बाद रास्तों में पानी भर जाने के बाद यह लोग तहसील ब्लाक और अस्पताल तक नहीं पहुंच सकते और अलग-थलग पड़ जाते हैं। इनमें ख्यालीपुरा, नगरापुरा, गणेशपुरा, अचरोली अमजापुर, नीमाडाडा, इमलिया, महुआ सूड़ा जैसे गांव शामिल हैं।

### ये गांव बाढ़ से घिर जाते हैं

- हरोली बहादुरपुर, भरेह, चकरपुर, गढ़ा कासदा, पूरा मल्लाहान, गोहानी, कंधेशी धार, कचहरी, शेरगढ़ तथा भजनपुरा जैसे गांव शामिल हैं जो बाढ़ से घिर जाते हैं और इनके बाशिंदों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# मैनपुरी अंडरपास में दो घंटे फंसी रही रोडवेज बस

- बस में सांप देख कर यात्रियों में मची चीख पुकार
- अंडरपास में 5 फुट से अधिक पानी भरा

कार्यालय संवाददाता, इटावा


मैनपुरी फाटक रेलवे अंडरपास में फंसी रोडवेज बस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश में शनिवार कों जेसीबी से यात्रियों से भरी रोड़वेज बस को मैनपुरी फाटक रेलवे अंडर ब्रिज से रेस्क्यू किया गया। महज आधा घंटे की बारिश में मैनपुरी फाटक रेलवे अंडरब्रिज नदी में तब्दील हो गया। ब्रिज में भरे पानी में यात्रियों से भरी रोडवेज बस फंसी रही। दो घंटे तक यात्री फंसे रहे।

बस में उस समय चीख पुकार मचने लगी जब यात्रियों ने बस में भरे पानी में सांप देखे। 2 घंटे पानी में फंसे रहने के बाद पालिका प्रशासन की रेस्क्यू टीम पहुंची और जेसीबी से बस को रेस्क्यू करके बाहर निकाला गया।

इस अंडर पास में बारिश का पानी निकालने के नाम पर लाखों का बजट नगर पालिका खर्च करती है। उसके बावजूद यह समस्या जस की तस बनी हुई है। आए दिन यहां वाहन पानी में फंस जाते है।

अंडरपास ब्रिज में बस फंसने से यात्री हाल बेहाल दिखाई दिए और प्रशासन को इस समस्या का जिम्मेदार ठहराया। बस इटावा डिपो से आगरा के लिए जा रही थी। शनिवार को दोपहर में हुई बारिश के चलते मैनपुरी रेलवे अंडर ब्रिज में करीब पांच फीट से अधिक बारिश का पानी भर गया। इसमें रोडवेज की डेढ़ दर्जन यात्रियों से भरी बस करीब दो घंटे तक मदद के अभाव में पानी में डूबी रही।

नगरपालिका की रेस्क्यू करने वाली जेसीबी दो घंटे बाद वहां पहुंची और बस को रस्सी से जेसीबी में बांधकर बाहर खींचा गया। बस पानी से बाहर आते ही यात्रियों ने राहत की सांस ली और प्रशासन को इसका जिम्मेदार बताया।

जल भराव में दो बाइक सवारों की बाइक भी जलमग्न होने के कारण खराब हो गई।

जलभराव होते ही नगर पालिका कर्मी मौके पर पहुंचकर वाहन चालकों को पानी में ना जाने के लिए रोकते रहे लेकिन कई बाइक सवार पानी से गुजर के अपने गंतव्य पर जल्दी पहुंचने के चलते पानी से निकलने का प्रयास करते नजर आए जिससे उनकी बाइक पानी में ही बंद हो गई।

## सार-संक्षेप

### उर्वरक, बीज विक्रेता ऑनलाइन पंजीकरण कराएं

**इटावा।** उत्तर प्रदेश शासन ने उर्वरक, बीज और कीटनाशी रसायनों का व्यापार करने के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करने में पारदर्शिता को दृष्टिगत रखते हुए ऑन लाइन पोर्टल व्यवस्था शुरू की है। इसके अनुपालन के आदेश निर्गत किए गए हैं। कृषि निवेशों की अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के इच्छुक विक्रेता एवं व्यक्ति सभी प्रपत्रों सहित अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। पात्र पाए जाने पर शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदक को उर्वरक, बीज एवं कृषि रक्षा रासायन अनुज्ञप्ति प्राप्त हो सकेगा।

### सभासद ने निजी निधि से कराया जर्जर पुलिया का निर्माण

**भरथना।** भरथना नगर पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू के निर्देश पर भरथना के मोहल्ला बृजराज नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार और लार्ड कृष्णा विद्यालय के फाउंडर राधा मोहन यादव के आवास के सामने जर्जर व टूटी पड़ी पुलिया का निर्माण वार्ड सभासद प्रतिनिधि शिवराम सिंह यादव ने अपने निजी खर्चे से कराया है। पालिकाध्यक्ष ने कहा है कि भरथना नगर के विकास को लेकर पालिका प्रशासन गंभीर है। शासन से बजट आते ही नगर की तमाम समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### मगध एक्सप्रेस की चपेट में आए युवक की मौत

**भरथना।** दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन पर थाना क्षेत्र में गांव नगला आशाराम में रहने वाले दीवान सिंह का 21 वर्षीय बेटा राहुल शनिवार की सुबह करीब सवा 10 बजे कानपुर से दिल्ली की तरफ जा रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से काल के गाल में समा गया। मृतक के भाई पूरन ने बताया कि राहुल मंदबुद्धि था जो घर से बिना बताए कहीं चला गया था। एसआई इद्दूहसन फोर्स के साथ पहुंचे और मौके पर जांच-पड़ताल की।



सांसद जितेंद्र दोहरे का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### जितेंद्र दोहरे का महेवा आगमन पर किया स्वागत

**महेवा।** इटावा लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद जितेंद्र दोहरे का सांसद बनने के बाद कस्बा महेवा में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। पूर्व प्रधान महेवा संजय पाल के आवास पर उन्हें सपा नेता मिथुन पांडेय, अन्नू पाल, रामजी तिवारी आदि ने चांदी का मुकुट पहनाकर तथा माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। मंचासीन राजकुमार गौतम, सहकारी समिति अहेरीपुर के अध्यक्ष गंभीर सिंह, सरिता यादव, शिव शंकर यादव, संजय पाल सहित पत्रकार बंधुओ का भी माल्यार्पण कर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार गौतम ने की। इस अवसर पर लाल जी तिवारी, रोहित जाटव, सतीश दीक्षित, आनंद सविता, अजय पाल, सुनील दोहरे, मोहन यादव, सुनील यादव, सुनील पाल आदि मौजूद रहे।

### ऑटो सवार महिला के पर्स से जेवर गायब

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर निवासी विमलेश कुमार मिश्रा पत्नी संतोष कुमार मिश्रा अपने मायके गई थी। शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे वह इटावा आने के लिए ऑटो में सवार हो गई। ऑटो में पहले से दो अन्य महिलाएं भी सवार थीं। विमलेश अपने हाथ में बैग लिए थी। बैग में वह अपने जेवर रखे थीं। तभी रास्ते में किसी ने उनके बैग से जेवर पार कर दिए। जब वह अपने घर पहुंचीं और बैग देखा तो जेवर गायब थे। उन्होंने बताया कि उनके बैग में चार सोने की चूड़ी, सात अंगूठी, एक जंजीर, एक मंगलसूत्र, दो झुमकी के अलावा 48 सौ रूपया नकद थे। उन्होंने फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### मरीजों को फल बांटे

**बकेवर।** शनिवार को भारत विकास परिषद देवेंद्र मणि द्विवेदी शाखा बकेवर के पदाधिकारी रिटायर्ड प्रवक्ता कृपा शंकर तिवारी, रामस्वरूप ऋषीश्वर, दिनेश चतुर्वेदी, सत्य प्रकाश उपाध्याय, दीपू दुबे, शिवम दिक्षित के साथ अस्पताल पहुंचे। सीएमएस डॉक्टर वीरेंद्र भारती व वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. संदीप गुलाटी के साथ भारत विकास परिषद की तरफ से अस्पताल में मौजूद भर्ती मरीजों को फल व बिस्कुट वितरण किया। चिकित्सक डॉ. रविंद्र साहू, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक स्वर्णकार, लैब सहायक विकास कुमार मौजूद रहे।



बैठक में भाग लेते बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता। अमृत विचार

# गर्भवती महिलाओं के भरण पोषण से संबंधित योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता चकरनगर, इटावा

**अमृत विचार।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर मातृत्व लाभ सप्ताह के अंतर्गत संचालित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर ब्लाक मुख्यालय पर शनिवार को बैठक हुई। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देश पर पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली तथा वहां दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए भरण-पोषण और प्रसव से पहले एवं बाद में पर्याप्त आराम एवं सावधानियों, टीकाकरण आदि के साथ प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना के साथ ही चाइल्ड लाइन की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। महिला हेल्पलाइन नंबर 112, 181, 1090, 1098 के बारे में जानकारी दी। बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जागरूक किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनीष कुमार चौरसिया, आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा खान, वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर खुशबू शाक्या व मल्टीपरपज हेल्पर दीपमाला आदि उपस्थित रहे।

# डीबीए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

- प्रशासनिक जज इटावा शमीम अहमद ने बार और बेंच में सामंजस्य पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, इटावा



शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति शमीम अहमद एवं डीबीए अध्यक्ष का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार


समारोह में मौजूद अधिवक्तागण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन में नव निर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। समारोह इंदिरा गांधी पार्क में हुआ। मुख्य अतिथि न्याय मूर्ति व प्रशासनिक जज इटावा शमीम अहमद रहे। उन्होंने बार और बेंच के सामंजस्य पर जोर दिया और कहा कि जूनियर अधिवक्ताओं की बात भी सुनी जाए।

कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल कुमार गौर एडवोकेट, महामंत्री देवेंद्र पाल को मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने शपथ दिलाई। इसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र कुशवाह, कोषाध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष शशि बाला चतुर्वेदी, मनोज कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शिवम सेंगर, गजेंद्र चौधरी को बार काउंसिल अध्यक्ष ने शपथ दिलाई।

सयुक्त मंत्री सुभाष राजपूत, अनिल कुमार, संदीप अग्रवाल को जिला जज ने शपथ दिलाई। समारोह में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, सदस्य बार काउंसिल पूर्व अध्यक्ष प्रदीप, जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश, पूर्व अपर महाधिवक्ता राज बहादुर यादव, एल्डर्स कमेटी के सदस्य शांति स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र दुबे, रमाशंकर चौधरी रहे। पूर्व अध्यक्ष चंद्र शेखर प्रसाद सिंह गौर ने की। संचालन विद्या राम भारती व रूपेंद्र चौहान ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इटावा के न्यायिक अधिकारी अधिवक्ताओं की बात सुनें और जल्द मुकदमों का डिस्पोजल करें। जूनियर अधिवक्ता भी कचहरी में बड़ी उम्मीद के साथ आता है कि हम भी बड़े वकील बनेंगे। जूनियर अधिवक्ताओं की बात सुनें और उनका जो भी मुकदमों से संबंधित कार्य हो वह जल्द करें। वरिष्ठ अधिवक्ता व्रजेंद्र बहादुर सिंह, सिविल अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महामंत्री राजेश राजपूत, मनोज गौर, राहुल शाक्य, जीएस राठौर, वैद प्रकाश शर्मा, मैराज अली खान, जुवैर तैमूरी, शिवम गौर, हैपी ठाकुर, मोहित भदौरिया, अभिनेद्र चौहान, राम सरन यादव, कृष्ण प्रताप सिंह, कशिफा नाज़, हंस मुखी, प्रीति चौहान, निधि पाल आदि मौजूद रहे।

# चौकी से ट्रक लेकर फुर्र हुआ मालिक चढ़ा पुलिस के हत्थे

- चालक की तलाश, ट्रक सहित 25 लाख की दाल बरामद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** दो महीने पहले चालान होने पर पुलिस चौकी में दाखिल कराया गया ट्रक गायब हो गया। मामले में मूंग की दाल से लोड ट्रक सहित मालिक को पकड़ लिया गया। मूंग की दाल तथा ट्रक की 25 लाख रुपये कीमत आंकी गई है। नामजद ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि 10 अप्रैल को परिवहन विभाग के पीटीओ ने ट्रक का चालान करके ट्रक थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में नवीन मंडी पुलिस चौकी में दाखिल कराया था। रात में ट्रक चौकी परिसर से गायब हो गया।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी बलराम मिश्र, एसओजी तथा सर्विलांस टीमों के प्रभारी इसकी तलाश में लगाए गए। सीसीटीवी कैमरों को चेक किए गए लगातार इसकी खोजबीन की जा रही थी। इसके तहत ट्रक मालिक अलीगढ़ के थाना गोंडा क्षेत्र में बंजार नगर में रहने वाले अंशुल कुमार को मूंग की दाल से लोड ट्रक सहित पकड़ लिया। ट्रक के वांछित चालक दीपक उर्फ पेगा की तलाश जारी है।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

- प्रथम टीम में एसओजी टीम प्रभारी जय प्रकाश सिंह, सर्विलांस टीम प्रभारी नागेंद्र चौधरी टीमों के साथ दूसरी टीम में थाना प्रभारी बलराम मिश्र, एसआई नितिन कुमार, अरविंद, सिपाही शनि, रविदेव तथा संसार शामिल थे।

# बुजुर्ग ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ऊसराहार, इटावा।** मानसिक रूप से परेशान एक वृद्ध का शव घर के पास ही आम के पेड़ पर फांसी के फंदे लटका मिला।

ऊसराहार थाना क्षेत्र में किशनी बिधूना मार्ग पर टिपटिया गांव में रहने वाले आजाद सिंह (65) शनिवार सुबह चार बजे घर से निकले थे। सुबह छह बजे 300 मीटर दूर खड़े आम के पेड़ पर लुंगी से फंदा लगा शव लटका मिला। मृतक के बेटे जितेंद्र कुमार ने बताया कि मानसिक रूप से परेशान रहते थे। तीन बार पहले आत्महत्या का प्रयास कर चुके थे। थाना प्रभारी ऊसराहार मंसूर अहमद ने बताया कि वृद्ध मानसिक रूप से तनाव में रहता था। मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात की मौत

**इकदिल।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर शनिवार दोपहर में थाना क्षेत्र में गांव रामपुर नावली के पास ट्रेन के चपेट में आने से अज्ञात 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। इस पर पुलिस ने पहचान कराने के लिए आगामी 72 घंटे के लिए शव मोर्चरी में रखवाया है।

# बस ने लोडर में मारी टक्कर, दो घायल

**जसवंतनगर।** शनिवार को दोपहर बाद यहां हो रही तेज बारिश के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर सुरक्षा की दृष्टि से चालकों ने वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुरसेना के पास कानपुर से आ रहे एक लोडर चालक को बारिश के कारण उसने ब्रेक लगाए वैसे ही पीछे से आ रही स्कूली बस में टक्कर हो गई। जिसमें लोडर चालक रौनक वर्मा निवासी साइड 5 मोहिनी, थाना गोविंद नगर कानपुर घायल हो गया व एक अन्य व्यक्ति राहुल कुमार निवासी टिकरी, थाना सिरसा कलार जालौन का मामूली चोटें आईं।


संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देते स्वास्थ्य कार्यकर्ता। अमृत विचार

### घर-घर जाकर दी संचारी रोगों से बचाव की जानकारी

**महेवा, इटावा।** संचारी रोग नियंत्रण माह में दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने शनिवार को ब्लाक क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए। घरों के आसपास साफ-सफाई रखने, नालियों में गंदा पानी जमा न होने देने, ताजा भोजन ग्रहण करने, स्वच्छ पानी पीने आदि के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ पशु पालन, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा भी संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान में सहयोग दिया जा रहा है। शनिवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी की देखरेख तथा बीपीएम डॉ. दिलीप अग्रहरि के निर्देशन में लुधियानी, उरैंग, बस्ती महेवा, बिजौली, महेवा आदि गांवों में आशा कार्यकत्रियों द्वारा एएनएम व आगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से घर-घर जाकर रोगों से बचने के उपाय बताए गए। ग्राम पंचायत नौधना के नगला बरेला में एएनएम निधि, आशा कार्यकत्री सर्वेश कुमारी, गुड्डी, अर्चना के साथ ग्रामीणों को मच्छर जनित बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया।


सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

# 18 साल से कम उम्र के बच्चों को न दें वाहन

**इटावा।** आलमपुर हौज स्थित संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में 18 साल से कम उम्र के बच्चों को लेकर बनाए गए नए नियमों को लेकर इटावा एसएसपी संजय कुमार के निर्देशन में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर सूबेदार सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताया कि कोई भी बच्चा 18 साल से पहले वाहन नहीं चलाएगा। ट्रैफिक पुलिस की और से मोटर अधिनियम धारा 199 क के मुताबिक अश्रितों को जेल या फिर 25 हजार का जुर्माना भरना पड़ेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से भी अपील की कि वो 18 साल से कम उम्र के अपने बच्चो को दो पहिया या चार पहिया वाहन न दें।

प्रधानाचार्य डॉ. आनंद ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चे जिनके ड्राइविंग लाइसेंस न बने हों वे मोटर वाहन से स्कूल नहीं आएं। स्कूल आने के लिए स्कूल बस या किसी अन्य वाहन का प्रयोग करे अन्यथा आपके घर नोटिस भेजा जाएग। डॉ. आनंद ने बताया कि जिले में सड़क सुरक्षा माह को लेकर तरह-तरह के कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

आयोजन — जगह-जगह लोगों ने मन्नतें मांगीं, वितरित किया गया प्रसाद

# बारिश के बीच निकला सजैरी का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, इटावा


सजैरी का जुलूस निकालते शिया समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिया समुदाय का परंपरागत सजैरी का जुलूस मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा के नेतृत्व और आयोजक राहत अक़ील शक्कन की देखरेख में मोहल्ला शाह गदाली स्थित नईम उद्दीन के मकान से झमाझम बारिश में मातमी नोहा ख़्वानी के साथ उठा और शहर का भ्रमण किया।

मोहल्ला शाह गदाली से उठा सजैरी का जुलूस चौहट्टा, कोतवाली चौराहा, आलमपुरा, शीश महल, तिकोनिया, पक्की सराये स्थित बड़ा इमामबाड़ा, नगर पालिका चौराहा, तहसील चौराहा, शरीफ मंजिल सैदबाड़ा, साबितगंज, नया शहर, उर्दू मोहल्ला, इस्लामिया कालेज, नोरंगबाद होकर इमामबाड़ा घटिया अज़मत अली पर संपंन हुआ। तनवीर हसन, राहिल सगीर, कैफ वारसी, अहमद जाफर ने मुख्य चौराहों, इमाम बारगाहों और घरों पर नोहा ख्वानी की। शरीफ मंजिल सैदबाड़ा के पास मौलाना गुलज़ार हैदर छोलसी ने बेहतरीन अंदाज में तकरीर करते हुए इमाम हुसैन की उपब्धियों को बताया। इस दौरान शाह गदाली पर उर्फी हिशाम, हयान नईम, सैय्यद हसन तौकीर, अयाज अहमद, हसन जावेद, शरीफ मंजिल में राहत अक़ील, उर्दू मोहल्ला में अलीका गारमेंट्स पर साजिद रज़ा ने जुलूस का स्वागत कर लोगों को प्रसाद वितरित किया। सजैरी के जुलूस में राहत अक़ील, शब्बर अक़ील जुल्फिकार व अलम के साथ आगे चल रहे थे, दो चौकियां और झंडे भी जुलूस के साथ थे। शहर में सैकड़ों लोगों ने अलम व चौकियों की जियारत कर मन्नतें मांगी। सजैरी के जुलूस में मौलाना मोहम्मद जॉन, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, शावेज़ नक़वी, खुर्शीद जाफरी, सईद नक़वी, आरिफ हैदर, तस्लीम रज़ा, सलीम रज़ा, राहत हुसैन रिज़वी, जहूर नक़वी, जफर हुसैन बाबू, तहसीन रज़ा, राजा, इबाद रिज़वी, मुशीर हैदर, समर अब्बास, आतिफ एड., तहसीन रज़ा, शानू, मून, सैफू, शादाब, हम्माद, अयाज हुसैन, शहजादे, अदनान, सहित बड़ी संख्या में यूवाओं व बच्चों ने भाग लिया। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम बेहतर रहे।


पौधारोपण करते डायरेक्टर अनिल पटेल, विनय सिंह व कैलाश यादव। अमृत विचार

### पर्यावरण छात्र संसद ने सफारी में लगाए पौधे

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण अभियान के तहत पर्यावरण छात्र संसद की ओर से सफारी प्रबंधन के साथ मिलकर हरीशंकरी लगाई गई। सफारी में एक स्थान को गोद लेकर उस क्षेत्र को विकसित करने के लिए पर्यावरण छात्र संसद की ओर से पौधारोपण किया गया। उनके द्वारा इसकी निरंतर देखभाल भी की जाएगी। पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए। इसके साथ ही वन विभाग के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक आरएस भदौरिया तथा वरिष्ठ कोषाधिकारी डोंगरा शक्ति ने भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की बहुत बड़ी जरूरत है। पौधों के माध्यम से ही पर्यावरण संरक्षण का काम किया जा सकता है। पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक कैलाश यादव व संजय सक्सेना ने कहा कि हमारी संस्था की ओर से पौधारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण का कार्य लगातार किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। सफारी पार्क के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय सिंह, बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश शुक्ला, शशांक पटेल व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।


अवैध मकानों और दुकानों पर चलते बुलडोजर। अमृत विचार


पक्के मकानों को ढहाता बुलडोजर।


कार्रवाई का विरोध करते व्यापारी महेश जैन। अमृत विचार


शव के पास बैठी गमगीन महिलाएं। अमृत विचार

# दिबियापुर नहर बाजार में पक्के मकान जमींदोज

## 45 दुकानों पर चला बुलडोजर, सामान हटाने को कुछ और दिन की मोहलत मांगते रहे दुकानदार पर नहीं रुकी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कई वर्षों से चल रही दिबियापुर नहर बाजार में अतिक्रमण हटाने की कवायद शनिवार को पूरी हो गई। सुबह नौ बजे से नहर पुल के दक्षिणी ओर बने पक्के मकान और दुकानें जेसीबी की मदद से ढहा दी गईं। कई पीड़ितों ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से सामान निकालने को कुछ दिनों की मोहलत मांगी लेकिन बुलडोजरों की गड़गड़ाहट में उनकी आवाज दब गई।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपर जिला अधिकारी एमपी सिंह दिबियापुर थाने पहुंचे जिन्होंने सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए नहर बाजार में मुख्य मार्ग के पूर्वी ओर अतिक्रमण हटाने को कहा। इसके बाद सिंचाई खंड कार्यालय नहर कोठी से अधिशाषी अभियंता पीएस पटेल की अगुवाई में सिंचाई विभाग का दल करीब आधा दर्जन जेसीबी मशीनों को लेकर नहर पुल पर पहुंचा।

जहां उन्होंने पुल के दक्षिणी ओर किशन साइकिल स्टोर से अतिक्रमण ढहाने की शुरुआत की। इसके बाद एक-एक करके अन्य मशीनें भी केनरा बैंक तिराहे तक बने पक्के मकान और दुकानों को ढहाने लगीं। इस बीच पूर्व चेयरमैन पति सुखलाल गुप्ता के भाई भाजपा नेता कन्हैयालाल गुप्ता ने सामान निकालने को कुछ समय की मोहलत मांगी जिस पर अधिकारियों ने कहा सामान जल्दी निकलवाओ। इसके बाद पन चक्की मोड़ पर महेश जैन सड़क पर लेट गए और कार्यवाही का विरोध करने लगे। बाद में थानाध्यक्ष मुकेश चौहान ने उन्हें पुत्र समेत सरकारी कार में बैठाते हुए थाने भिजवा दिया।

भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की सख्ती की वजह से अतिक्रमणकारियों की एक न चली और देखते ही देखते दो मंजिला और तीन मंजिला इमारतें ताश के पत्तों की तरह बिखरती नजर आई। दोपहर बाद करीब ढेड़ बजे अभियान नहर पुल के उत्तरी ओर चलाया गया जहां सबसे पहले सहायल तिराहा पर कमारा नाला के ऊपर बनी कुलदीप पोरवाल की दूकान गिरा दी गईं। इसके बाद अभियान नहर पुल की ओर बढ़ा। अतिक्रमण हटाओ अभियान दल में सिंचाई खंड एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के अलावा एसडीएम सदर राकेश कुमार सिंह, सीओ सिटी महेन्द्र प्रताप सिंह, तहसीलदार औरैया, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार के अलावा दिबियापुर समेत जिले के कई थानों का पुलिस बल भी मौजूद रहा। इसके अलावा राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विद्युत विभाग के कर्मी भी निगरानी में लगे रहे। आपात स्थित से निपटने के लिए प्रशासन ने दो एंबुलेंस भी मौके पर मगाईं। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रदीप पटेल ने बताया कि कुछ मकान व दुकानों का अतिक्रमण हटने को रह गया जो कि रविवार को हटाया जाएगा।


अतिक्रमण हटवाते सिंचाई विभाग व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी। अमृत विचार


दुकान से सामान निकालते व्यापारी। अमृत विचार


मकान टूटने के गम में गुमसुम बैठा विकलांग।

● **अधिशाषी अभियंता बोले-आज भी चलाया जाएगा अभियान**

### अभियान शुरू होते ही काट दी बिजली

**औरैया।** शनिवार को सुबह नौ बजे से अतिक्रमण अभियान शुरू होते ही विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बिना किसी सूचना के दिबियापुर नगर के तीन फीडर भगवती गंज, ककराही बाजार और सैनिक नगर की आपूर्ति बंद कर दी। पूरे नगर की लगभग डेढ़ लाख आबादी गर्मी से बेहाल रही। वहीं सभी घरों के इनवर्टर भी बैठ गए और एसी,कूलर पूरे दिन चलने को तरसते रहे। आपूर्ति शाम साढ़े छह बजे बहाल हो सकी। विद्युत विभाग के अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।



बैरीकेडिंग लगाकर भीड़ को रोकती पुलिस। अमृत विचार

### मजदूरों और लोडरों का रहा टोटा

- बिलरायां पनवाड़ी राजमार्ग स्थित नहर बाजार में शनिवार को सिंचाई विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटाये गये। इस दौरान कई मकानों और दुकानों में काफी सामान रखा हुआ था जिसको निकालने के लिए कब्जेदारों को जल्दी से सामान निकालने के लिये मजदूर और ढुलाई के लिए लोडर की सख्त ज़रूरत दिखी। मजदूर और लोडर, ईरिक्शा आदि वाहनों की कमी रही। इसके चलते लोडर चालकों और मजदूरों ने दोगुने से लेकर चौगुने तक दाम मांगें। प्रभावित लोगों ने मजबूरन मुंह मांगे दाम दिए।

# मकान गिरने की खबर से महिला ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को दोपहर बाद सिंचाई विभाग ने नहर बाजार में अपनी भूमि पर कब्जा हटाने को लेकर मुनादी कराई थी। इस संबंध में मुख्य मार्ग के पूर्व में बने सभी 45 कब्जेदारों के मकानों और दुकानों पर नोटिस चस्पा करते हुए,उन्हें शनिवार सुबह 9 बजे तक मलबा हटाने की चेतावनी दी थी। बताया जाता है कि स्थानीय पन चक्की के पास रहने वाली सियादुलारी (63) को जब यह पता चला तो उन्हें बेघर होने की चिंता सताने लगी और वह अचेत हो गईं। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहां दिखाया तो डॉक्टर ने बताया कि हार्टअटैक से उनकी मृत्यु हो गई है।

मृतका का मकान सिंचाई विभाग की जगह में पन चक्की के पास बना हुआ है। उनके पति राधेश्याम पोरवाल नहर बाजार में ही फुटपाथ पर फलों की ठेली लगाते हैं। नहर बाजार में महिला की मौत की जानकारी होने पर थाना पुलिस भी चौकसी बरतती नजर आई। रात से लेकर अंतिम संस्कार होने तक थाना प्रभारी मुकेश चौहान मृतका के घर के आसपास आते-जाते रहे। स्थानीय सभासद कृष्ण कुमार ने प्रशासन से बेघर हुए लोगों के रहने और रोजगार के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग की है।

### भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस का छूटा पसीना

नहर बाजार दिबियापुर में अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर तमाशबीनों की भीड़ जमा रही। इससे पैदल राहगीरों को निकलने में भी परेशानी हुई। वहीं पुलिस बल को भी भीड़ नियंत्रित करने में मशक्कत करनी पड़ी। ज्यादातर लोगों में जेसीबी से मकान तोड़ने की तस्वीर अपने मोबाइल में कैद करने की होड़ दिखी। इ इससे कई बार अफरा-तफरी की स्थित देखी गई। हांलाकि भारी पुलिस बल तैनात होने से तमाशबीन ज्यादा देर तक टिक नहीं सके।


सड़क पर रखी गृहस्थी को हटातीं महिलाएं। अमृत विचार

# खड्ड में गिरी बाइक, जीजा की मौत, साला घायल

संवाददाता अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सेंगनपुर-जुहीखा मार्ग पर शुक्रवार रात को सिद्धनाथ बाबा मंदिर के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। इससे बाइक सवार बहनोई की मौत हो गई। जबकि साला गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी अयाना में भर्ती करवाया गया।

फर्रुखाबाद के मोहम्दाबाद थाना क्षेत्र के ज्योता निवासी महेश पुत्र कृपाल सिंह शुक्रवार को अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के सहायपुर स्थित ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। वहां से साले अनिल के साथ बाइक के जुहीखा की ओर जा रहे थे। सेंगनपुर-जुहीखा मार्ग पर सेंगनपुर से दो किलोमीटर दूर सिद्धनाथ बाबा मंदिर के पास बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। इससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी अयाना में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने महेश को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


खड्ड में गिरी बाइक।

# ब्रेक शू जाम होने से 20 मिनट खड़ी रही मालगाड़ी

**कंचौसी, औरैया।** शनिवार दोपहर करीब 1 बजे रेलवे फ्रंट कॉरिडोर (डीएफसी) रेलवे ट्रैक पर इटावा से कानपुर आ रही मालगाड़ी के एक वैगन के ब्रेक-शू जाम होते ही लोको पायलट ने मालगाड़ी को कंचौसी रेलवे स्टेशन से पहले रोक दिया। 20 मिनट तक चली मरम्मत के बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया। स्टेशन अधीक्षक नवाना वांचे ने बताया कि ब्रेक शू जाम होने से मालगाड़ी खड़ी रही।


स्टेशन के पहले खड़ी मालगाड़ी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 19390 वाद निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय, प्रयागराज / प्रशासनिक न्यायमूर्ति सत्र संभाग, औरैया मनीष कुमार निगम के निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश, औरैया ग्रीश कुमार वैश्य के नेतृत्व में जनपद न्यायालय एवं बाह्य न्यायालय बिधूना तथा जनपद के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 19202 वादों का निस्तारण हुआ।

राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश ग्रीश कुमार वैश्य, मनराज सिंह, विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो तथा समस्त न्यायिक अधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जनपद न्यायाधीश ने समस्त न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को निस्तारित कर लोक अदालत को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया।


उद्घाटन करते जिला न्यायाधीश ग्रीश कुमार वैश्य।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वाति चन्द्रा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 19202 वादों का निस्तारण हुआ। इसमें कुल ऋण की वसूली 3,17,43,310 रुपये व न्यायालयों द्वारा अधिरोपित अर्थदंड 2,40,550 रुपये की वसूली की गई। 1,93,20,148/- रुपये का प्रतिकर प्रदान किया गया।

रजनी सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, औरैया ने कुल 59 वाद तय कराए। रजनीश कुमार, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण औरैया ने एमएसीटी के कुल 98 क्लेम तय कर पीड़ितों को 1,88,67,800 /- रुपये का प्रतिकर एवार्ड दिया। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष इन्द्रदेव दुबे ने 18 वाद निस्तारित किए। जगन्नाथ मिश्रा अध्यक्ष, उपभोक्ता फोरम ने 03 वाद निस्तारित कर कुल 4,49,848 रुपये का प्रतिकर प्रदान किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मनराज सिंह ने 03, अपर जिला जज प्रथम विकास गोस्वामी ने विद्युत अधिनियम के 153, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने 06, संजय कुमार सिंह, अपर जिला जज द्वितीय ने 04, अतीकुददीन अपर जिला जज एफटीसी प्रथम ने 01, जीवक कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्टेंट, औरैया ने 1451 वाद, निधि सिसौदिया, सिविल जज ने 438, तारकेश्वरी प्रसाद सिंह, सिविल जज सीडि एफटीसी औरैया ने 334 वाद, प्रवीण सिंह, सिविल जज जूडि बिधूना ने 314, शालिनी त्यागी, सिविल जज जूवि ने 533, निशा न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 754, प्रीती भारकर, सिविल जज जूडि एफटीसी द्वारा 233, बाह्य न्यायालय, बिधूना में तैनात शमशुल हसन अपर सिविल जज जूडि बिधूना ने 406 वाद निस्तारित किए। इसके अलावा राजस्व विभाग द्वारा 6986, परिवहन विभाग द्वारा 2712, सब रजिस्टार औरैया द्वारा 4120 वादों का निस्तारण किया गया। बैंकों द्वारा 382 वादों का निस्तारण कर 3,16,49,393 रुपये की बैंक ऋण वसूली की गई। भारत संचार निगम द्वारा 189 मामले निस्तारित कर 93,917 रुपये की वसूली की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 05 प्री लिटिगेशन पारिवारिक वाद भी निस्तारित हुए। जनपद में 10, 11, 12 जुलाई को आयोजित विशेष लोक अदालत तथा शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 19390 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक वादों का निस्तारण कर रिकार्ड तोड़ा। ऐसा अभूतपूर्व प्रदर्शन माननीय व्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम, प्रशासनिक न्यायाधीश सत्र संभाग औरैया के निर्देशन में संभव हो पाया।

● **बैंकों ने 382 वाद निस्तारित कर 3,16,49,393 रुपये के बैंक ऋण की वसूली की**

**थाना समाधान दिवस** | अजीतमल में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने सुनीं जनशिकायतें

# सात में एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को कोतवाली अजीतमल में तहसीलदार जितेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में पहुंचीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान आईं कुद 7 शिकायतो में से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित कराएं। वहीं पुलिस कप्तान ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। थाना दिवस में पहुंची वादी जय देवी पत्नी राम प्रकाश निवासी मोहरी ने प्रह्लाद पुत्र दीन दयाल निवासी मोहरी के खिलाफ कृषि भूमि को तोड़ फोड़ करने की शिकायत की। वहीं श्रीकांत त्रिपाठी पुत्र प्रेम चंद्र निवासी हविलिया ने कुलदीप पुत्र इद्र नाथ निवासी हविलिया पर आरोप लगाया है कि खेत की नाली तोड़ कर मेड़ भी काट डाली है। राजेंद्र प्रसाद पुत्र मोहन लाल निवासी लालपुर ने पंकज कुमार पुत्र ब्रह्म महेश निवासी सूरजनपुर के खिलाफ तहरीर दी है। इस प्रकार आई कुल सात शिकायतो में किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।


जनशिकायतें सुनतीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम।

टीम बनाकर मौके पर निस्तारण के लिए भेजा गया है। थाना दिवस के बाद अधिकारियों द्वारा थाने में नवनिर्माण हुए विवेचना कक्ष, बैरक व मैश का निरीक्षण करते हुए संबंधित को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कराते हुए संचालन सुव्यवस्थित रूप से करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान तहसीलदार जितेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी अजीतमल श्री राममोहन शर्मा समेत, कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह सहित समस्त कोतवाली के सभी कर्मचारी व तहसील के कर्मचारी आदि मौजूद रहे। बिधूना संवाददाता के अनुसार शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान थाना दिवस लेखपालों की हड़ताल के चलते फीके रहे। इस दौरान बिधूना में निरीक्षक महेंद्र सिंह की मौजूदगी में आयोजित संपूर्ण समाधान थाना दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित मात्र दो शिकायती प्रार्थना पत्र आए। जबकि ऐरवाकटरा में थाना प्रभारी संत प्रकाश सिंह पटेल की मौजूदगी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस में पांच शिकायती प्रार्थना पत्र आए। इस अवसर पर लेखपालों की चल रही हड़ताल के चलते क्षेत्रीय लेखपाल नहीं पहुंच सके जबकि चकबंदी विभाग के लेखपाल, कानून गो आदि कर्मचारी मौजूद रहे। बेला में भी कुल आई चार शिकायतों में किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

# तहसीलदार से वार्ता के बाद धरना खत्म

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ बिधूना का लेखपालों की विभिन्न समस्यायों को लेकर शुरू हुआ धरना-प्रदर्शन तहसीलदार रणवीर सिंह से सार्थक वार्ता के बाद शनिवार को छठवें दिन समाप्त हो गया। लेखपाल संघ ने तहसीलदार रणवीर सिंह को समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन देकर अतिशीघ्र समाधान का अनुरोध किया। तहसीलदार रणवीर सिंह ने लेखपालों को उनकी समस्यायों के यथासंभव निराकरण कराये जाने का भरोसा दिलाया।

ज्ञापन में लेखपाल सतेन्द्र भादव, आदेश यादव, अनमोल यादव, सौरभ भारती, शिवानी यादव, राजबहादुर शाक्य, चन्द्रपाल राजपूत, रोहित पाठक आदि लेखपालों के एरियर व अन्य लंबित भुगतान शीघ्र कराए जाने की मांग की गई। लेखपाल शैलेंद्र कुमार, अवनीन्द्र यादव, भूपेन्द्र यादव आदि के ऊपर चल रही विभागीय कार्यवाही समाप्त कराये जाने, कुआं बोरिंग की सूचना नलकूप विभाग से लिए जाने फार्मर राजिस्ट्री योजना में शासनादेश के अनुसार लेखपालों से कार्य कराये जाने, लेखपाल सुनील यादव, चन्द्रकुमार के साथ हुई घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र से दूसरे क्षेत्रों में स्थानांतरण करने आदि मांगें रखी गईं। संघ के अध्यक्ष योगेश कुमार शाक्य महामंत्री रविकांत दीक्षित ने कहा कि उच्च अधिकारियों ने उन्हें समस्यायों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। पूर्व महामंत्री प्रतिमा लक्ष्मी जादौन, प्रियंका राठौर, अवनींद्र यादव, अवनीश कुमार सचिन यादव धर्मेंद्र दीपक यादव आदि के अलावा राजस्व निरीक्षक जगदेव यादव, सुधीर यादव, सत्येन्द्र आदि मौजूद थे।


तहसीलदार रणवीर सिंह को ज्ञापन देते लेखपाल संघ के पदाधिकारी अमृत विचार

● **लेखपाल संघ ने ज्ञापन देकर की समस्याओं के समधान की मांग**

# लोक अदालत में 1,15000 वादों का निस्तारण, 20 जोड़े विदा किए गए

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने ने किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, इटावा



लोक अदालत में वादों का निस्तारण करते न्यायाधीश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** न्यायालय परिसर में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 115822 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें बैंकों से संबंधित मामले भी शामिल हैं। साथ ही 66 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया और कुल 20 जोड़ों की एक साथ विदाई कराई गई।

शनिवार को सुबह इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने दीप प्रज्वलित करके इस लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस लोक अदालत में जिला जज चवनप्रकाश, अपर जिला जज प्रथम एहसान हुसैन अपर जिला जज संजय कुमार , अपर जिला जज नवम अंकुर शर्मा, अपर जिला जज अजय कुमार आदि ने कुल 7 वादों का निस्तारण किया। इस लोक अदालत में वैवाहिक विवादों का निस्तारण भी किया गया। इसमें प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आनंद प्रकाश द्वितीय तथा अतिरिक्त न्यायाधीश परिवार न्यायालय कल्पना द्वितीय ने कुल मिलाकर 66 वैवाहिक प्रकरण का निस्तारण किया इसके बाद लोक अदालत से 20 जोड़ों की साथ-साथ विदाई कराई गई।

इसी लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण श्रीमती बृजेश सिंह ने 49 वादों का निस्तारण किया। विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट संजय कुमार ने 364 विद्युत अधिनियम

- बैंकों से संबंधित फ्री लिटिगेशन के 106902 वाद निस्तारित

के वादों का निस्तारण किया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुशवाहा व सभी मजिस्ट्रेट न्यायालय ने वादों का निस्तारण किया। अपर जनपद न्यायाधीश व विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों की अतिरिक्त विभिन्न विभागों तथा बैंकों से संबंधित फ्री लिटिगेशन की 106902 वाद निस्तारित किए गए जिनमें 44 करोड़ 67 लाख 6000 वसूल किए गए। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गोर व महामंत्री देवेंद्र पाल तथा सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता व महामंत्री राजेश कुमार मौजूद रहे।

# भाजपा नेता भास्कर को बाइक सवार बदमाश ने मारी गोली

कार्यालय संवाददाता उरई

- स्कूटी से पत्नी के साथ बाजार से लौट रहे थे घर

**अमृत विचार।** बीती देर शाम भाजपा नेता और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं लक्ष्मी नारायण हुब्बलाल महा विद्यालय के मालिक भास्कर अवस्थी को बाइक सवार बदमाशों ने घर के पास गोली मार दी। इससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से पत्नी ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज रजा फोर्स के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें गठित कर दी। घटना शहर के आंबेडकर चौराहे से बंबी रोड जाने वाले जल निगम पानी की टंकी के पास की है। उरई शहर के मोहल्ला राजेंद्र नगर के रहने वाले भाजपा नेता अवस्थी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर व विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष भास्कर अवस्थी आज शाम अपनी पत्नी साधना अवस्थी के साथ स्कूटी से बाजार से घर लौट रहे थे।

वह अपने घर से चंद कदम दूर जल निगम के कार्यालय के पास पहुंचे तभी बाइक सवार अज्ञात बदमाश उनके सामने आ गया और उसने तमंचा निकालकर सीधे भास्कर अवस्थी को गोली मार दी। जो उनके कंधे पर लगी, जबकि पत्नी बाल बाल बच गई। वारदात के बाद बाइक सवार बदमाश भाग निकला। गंभीर हालत में मोहल्ले के लोग घायल भास्कर अवस्थी को मेडिकल कॉलेज लेकर गए,जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालात देखते हुए प्रथम उपचार करने के बाद उन्हें कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



मॉडल के साथ खड़े छात्र एवं शिक्षक। अमृत विचार

### बेकार चीजों से बच्चों ने बनाईं नई वस्तुएं

**बिधूना, औरैया।** कस्बे के ज्ञान स्थली एकेडमी में शनिवार को कक्षा एक से 12 तक के छात्र-छात्राओं की बेकार चीजों से नई वस्तुओं का निर्माण करने एवं वस्तुओं को सजाने की प्रतियोगिता संपन्न हुई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने खराब वस्तुओं से नई वस्तुओं का निर्माण किया और अपनी कलाकृतियों के द्वारा सजाया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों ने वृक्षों की पत्तियों एवं पुष्पों से कलाकृति का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने हाथ से बने पंखे, कार्टून, फूल, फोटो फ्रेम, फोटों एलबम आदि का निर्माण किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी पाने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य सजीमोन जासेफ द्वारा मेडल, शील्ड, प्रमाण पत्र आदि से सम्मानित किया गया।



पौधा रोपण करते प्रबंधक सद्गुरु शरण अवस्थी। अमृत विचार

### पौधरोपण से जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

**औरैया।** श्री केवलानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नवीमोहन बेल्हूपुर में शनिवार को विद्यालय के प्रबंधक सद्गुरु शरण अवस्थी ने विद्यालय प्रबंध समिति के मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य राजेश कुमार अग्निहोत्री के साथ पौधरोपण किया। इसके उपरांत समस्त शिक्षक स्टॉप की बैठक कर सभी का हाल-चाल जाना।



मच्छरदानी वितरित करते प्रधान अमरेश पांडेय। अमृत विचार

### प्रधान ने गर्भवती महिलाओं को वितरित की मच्छरदानी

**फफूंद,औरैया।** गर्भावस्था के दौरान प्रत्येक महिला को स्वास्थ्य के प्रति बहुत ही सजग रहने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य की समय से जांच कराएं, समय से टीकाकरण कराएं। मच्छरदानी का प्रयोग करें ताकि मच्छर से संबंधित बीमारी से बचा जा सके। यह बात गर्भवती महिलाओं को ग्राम प्रधान द्वारा मच्छरदानी वितरण करते समय सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल ने कही। जन आरोग्य मंदिर कोठीपुर में 11 गर्भवती महिलाओ को ग्राम प्रधान अमरेश पांडे ने मच्छरदानी वितरित की। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राजपूत, सहायक अध्यापिका वंदना पोरवाल, आशा किरन कठेरिया आदि मौजूद रहीं।



बैठक करते उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### बैठक में बीएसए को ज्ञापन देने का लिया निर्णय

**फफूंद, औरैया।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ औरैया की बैठक शनिवार को हृदय वाटिका फफूंद में जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमे ऑनलाइन उपस्थिति के संबंध में चर्चा हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय पर धरना होगा। 14 जुलाई को 2 से शाम 3 बजे तक ट्वीटर अभियान चलेगा। जिला मंत्री अरविंद राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील यादव, निर्मल पांडे संजय सेंगर, नारायण राजपूत, ओम कुमार, अनिल यादव, उमेंद्र चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष कटरा वीरपाल यादव, जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध यादव, ब्लॉक अध्यक्ष ओरैया अरविंद दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल दीपक दुबे, ब्लॉक संयोजक शहर पंकज कठेरिया, ब्लॉक संयोजक चंदा गिरीश यादव, बुद्ध पाल यादव, ओमनारायण पाल, संजीव सविता, पंकज तिवारी, विष्णुकांत मिश्रा, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### आश्वासन के बाद भी नहीं लगी पानी की टोंटी

**कंचौसी, औरैया।** मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना हर घर नल, हर घर जल के तहत औरैया जिले के कई गांवों में पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत हर घर तक पानी की पाइप लाइन बिछाने व हर घर नल व हर घर जल के अनुरूप पानी की टोंटी लगाकर कार्य किया जा रहा है। परन्तु औरैया रोड के समीप दुकानदारों व सब्जी मंडी व आंबेडकर कॉलोनी में रहने वाले लोगों का कहना है कि अभी तक यहां किसी भी घर में टोंटी नहीं लगाई गई है। दो सप्ताह पहले कई लोगों ने मामले की शिकायत की थी। समाचार पत्रों में इस बाबत ये खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने पर मामला संज्ञान में आने के बाद हेतवी कंपनी के कुछ आला अधिकारियों ने सब्जी मंडी में पहुंचकर ग्राम प्रधान व सभ्रांत लोगों, व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के अंतर हर घर पर टोंटी लगा दी जाएगी, परन्तु 20 दिन बीत जाने के बाद भी आज तक टोंटी नहीं लगाई गई।

## एक नजर

### आज साढ़े सात घंटे बंद रहेगी बिजली

**इटावा।** 14 जुलाई को 33/11 केवी उपकेंद्र काली वाहन के फीडर करनपुरा के अंतर्गत आरडीएसएस के तहत लाइन संबंधी अनुरक्षण कार्य होने के कारण साढ़े 7 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इसके चलते मोहल्ला करनपुरा दुसरे पीपल तथा इन्जिनारिंग कालेज से सम्बन्धित प्रोफेसर कालोनी की बिजली सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक बंद रहेगी।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की गई जान

**इटावा।** बढपुरा थाना क्षेत्र के उदी मोड़ निवासी वेद प्रकाश (68) पुत्र राजा राम एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उन्हें पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन पर छात्र को दी बधाई

**औरैया।** अजीतमल कस्बा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चांदपुर विरुहनी संकुल के कक्षा पांच के छात्र ईशू पाल पुत्र दीप सिंह का जवाहर नवोदय विद्यालय सहित पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय में सत्र 2024-2025 में कक्षा 6 के लिए चयन हुआ है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी भारद्वाज , शिक्षक मोहित कुमार, शिक्षा मित्र कमलेश राजपूत, मंजुला देवी ने छात्र सहित माता-पिता को सम्मानित किया,और साथ ही छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ग्राम प्रधान सहित ग्रामवासियों ने छात्र सहित विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी है।

### अमित जैन को सीए में मिली सफलता

**जसवंतनगर।** नगर के होनहार युवा अमित जैन ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की सीए परीक्षा उत्तीर्ण की है। विनोद जैन एवं ममता जैन के पुत्र अमित ने तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। अमित ने बताया कि उन्होंने 11वीं कक्षा से ही सीए बनने का सपना देखा था। परिवार की आर्थिक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं थी तो उनके दोनों भाई अर्पित जैन व मोहित जैन ने खुद परिश्रम कर उन्हें आगे बढ़ाया।



अमित जैन।

# जल निकासी के इंतजामों की खुली पोल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- नगर की सड़कें बनी तालाब दुकानों घरों में घुसा बारिशी पानी



गलियों में भरे पानी से होकर निकलते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश ने शनिवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र के जल निकासी के इंतजामों की पोल खोल दी। करीब एक घंटे की झमाझम बारिश के कारण नगर के चौराहे और सड़कें जलमग्न हो गए। बिजली व्यवस्था पर भी बारिश का असर देखने को मिल रहा है। सफाई व्यवस्था और पानी निकासी को लेकर बड़े-बड़े वादे किए गए हैं। सभी वादे ढाक के पात साबित हुए और बाजार और मोहल्ले की सड़क सरोवर बन गई।

बड़ी परेशानी उन लोगों को हुई जहां पानी निकासी का इंतजाम नहीं थे। नदी के पुल के आगे कुछ दुकानों में पानी घुस गया। नाली की गंदगी सड़कों और घरों के अलावा दुकानों तक पहुंच गई। लगभग शहर के सभी वार्ड झमाझम बारिश के पानी से जलमग्न हो गए कारण बदइंतजामी के चलते पानी की निकासी सही ना होना।

लबालब बारिश के पानी से भरी शहर की सड़कों से मजबूरन निकलने वाले आम जनमानस और स्कूल के विद्यार्थियों को परेशानी उठानी पड़ी। कमोबेश यही स्थिति ग्रामीण अंचलों में रही जहां तालाबों की सही ढंग से सफाई न होने के कारण पक्की सड़कों पर पानी भर गया और कच्ची सड़के दलदल में तब्दील नजर आई। शहर में हुए जल भराव के संबंध में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बरन सरोज का कहना है कि पानी की निकासी के लिए नगर में पहले से ही नाले बने हुए है, जबकि नगर का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है और नई कालोनियां बन रही हैं। इस वजह से तेज बारिश होने पर नगर में कई स्थानों पर पानी भर जाता है। बारिश थमने के बाद पानी निकलने में थोड़ा समय लगता है।

### बाढ़ प्रभावित गांव में पशुओं का टीकाकरण

**चकरनगर।** संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों में प्राथमिकता के आधार पर पशुओं को गलाघोंटू से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान पशुपालन विभाग की तरफ से शुरू कर दिया गया है। उप पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि चकरपुरा, भरेह, हरोली बहादुरपुर, भरेह, ख़िरीटी, ककरैया, गौहानी, रानियां आदि गांवों में चिकित्सा शिविर लगाकर गलाघोंटू के टीका लगाए जा रहे हैं। साथ ही पेट के कीड़ों की दवा भी मुफ्त में दी जा रही है। मालूम हो कि इन दिनों नदियों में बाढ़ आने की संभवना रहती है ।जिसके कारण समय रहते पशुपालन विभाग एलर्ट हो गया है ।और बाढ़ संभावित गांव में टीकाकरण के साथ दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है।

# डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने लगाई फांसी

**बिधूना, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला टेड़ी भटौली निवासी शिवमंगल सिंह परिहार के इकलौते पुत्र विकास ने शनिवार की सुबह पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर के कमरे का दरवाजा बंद कर छत के पंखे में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। मृतक के शव को दरवाजा तोड़कर कमरे से बाहर निकाला गया। कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर कर मृतक के पिता के अनुरोध पर शव उसके स्वजनों को सौंप दिया है।

### जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के गांव बिरहीपुरा में एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए जहां उसकी मौत हो गई। गांव निवासी राजबीर राजपूत (45) पुत्र छोटे लाल ने घरेलू कारणों से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिला अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।



झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

# भक्ति गीतों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के मोहल्ला सराय बाजार पर शुक्रवार रात को आयोजित देवी जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। जागरण पार्टी के कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतुओं से भक्तों को भावविभोर कर दिया।

शुक्रवार रात मोहल्ला सराय बाजार पर आयोजित देवी जागरण की शुरुआत आयोजक दयाशंकर सोनी ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर व माता की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। जागरण की शुरुआत गायक रवि ने गणेश वंदना गजानन आ जाओ से की। इसके बाद गायक सोनू निराला, राखी, सत्या कुशवाहा आदि कलाकारों ने देवी गीत-निमिया की डाल मईया, हम तेरे द्वार आए हैं मां.., ए हो थावे वाली मईया..चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.., मइया का चोला लाल-लाल.. आदि गीतों से समां बांध दिया। कलाकारों ने शिवजी, दुर्गा, काली व अन्य देवी-देवताओं की झांकी प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। संदीप सोनी, दलीप सोनी, शिवम सोनी मौजूद रहे।

# मारपीट के तीन मामलों में पांच लोगों पर प्राथमिकी

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र में तीन स्थानों पर मारपीट के मामले में राजीव कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी बिलावा की तहरीर पर आपसी विवाद के चलते गाली गलौज कर दंपत्ति के साथ मारपीट करने के मामले में गांव के ही संतोष पुत्र छोटेलाल, रजनी पत्नी भारत सिंह, अवनीश पुत्र भारत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दूसरे मामले में शराब पीकर महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने के आरोप में भदसान निवासी महिला, अनुराधा पत्नी दीपक की तहरीर पर उनके ही गांव के लल्लन बाबू पुत्र दयाराम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। तीसरे मामले में बाबरपुर कस्बे के एक गेस्ट हाउस के बाहर विवाद के चलते शराब के नशे में युवक के सिर में पेय पदार्थ की बोतल मारकर घायल कर देने के मामले में आवेश कुमार पुत्र हरि गुप्ता निवासी विद्यानगर की तहरीर पर पुलिस ने बिजेंद्र निवासी लक्ष्मणपुर पर मामला दर्ज किया।

# भाभी और भतीजे की हत्या के 5 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता उरई

- 6 साल पहले सगे भाई ने खेली थी खून की होली

**अमृत विचार।** कदौरा थाना के बागी गांव में जमीन को लेकर 6 साल पहले कुछ लोगों ने अपनी सगी भाभी और भतीजे को मौत के घाट उतार दिया था। जनपद जालौन की स्पेशल डकैती कोर्ट ने सभी पांच आरोपियों को आजीवन कारावास और एक लाख बीस हजार के जुर्माने की सजा सुनाई, साथ ही पांच में से तीन आरोपियों पर अवैध हथियारों से हत्या करने के मामले में पांच-पांच साल का कारावास और पांच पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

कालपी तहसील के बागी गांव निवासी एडवोकेट भगवती प्रसाद तिवारी और सगे भाई ज्ञान प्रकाश तिवारी के बीच 17 बीघे जमीन को लेकर पारिवारिक रंजिश चल रही थी और इसी को लेकर ज्ञान प्रकाश तिवारी ने अपने पुत्रों के साथ सगे भाई भगवती प्रसाद के घर अर्ध रात्रि में 17/18 अगस्त 2018 को असलहों से लैस होकर धावा बोल दिया था और वकील भाई भगवती की पत्नी मुन्नी देवी व 22 वर्षीय पुत्र कुलदीप की जघन्य हत्या कर दी थी। जानकारी के अनुसार सम्मिलित 17 बीघा जमीन को भगवती प्रसाद ने अपनी वकालत की दम पर अपनी पत्नी मुन्नी देवी के नाम कर ली थी, जब कि उक्त जमीन में भगवती प्रसाद तिवारी के दो भाइयों ज्ञान प्रकाश तिवारी और राकेश तिवारी का भी हिस्सा था। ज्ञान प्रकाश तिवारी सभी भाइयों के हिस्से की जमीन चुप चाप पत्नी के नाम दर्ज कराने की वजह से बेहद नाराज थे। जब भगवती प्रसाद भाइयों को उनके हिस्से की जमीन देने को तैयार नहीं हुए तो भाइयों और भतीजों ने रात में हमला बोल कर भगवती प्रसाद की पत्नी मुन्नी और भगवती के 22 वर्षीय बेटे कुलदीप की हत्या कर दी थी।

## आयोजन

### सिंधी कॉलोनी में अखिल भारतीय हेला क्षत्रिय समाज का परिचय सम्मेलन

# हेला समाज को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना लक्ष्य : विवेकराज

कार्यालय संवाददाता, इटावा





हेला समाज के मुख्य संरक्षक विवेक राज हेला का स्वागत करते कार्यकर्ता।

- कार्यक्रम में कई जनपदों के लोग हुए शामिल

**अमृत विचार।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के निकट सिंधी कॉलोनी में स्थित समारोह हॉल में अखिल भारतीय हेला क्षत्रिय समाज के परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हेला क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक विवेक राज हेला ने कहा हमारा प्रयास है कि अखंड भारत के कालखंड में अफगानिस्तान के हेला बंद नामक राज्य से निकले हेला समाज को अपने भारत में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना।

राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक विवेकराज हेला ने कहा कि हमारे समाज के लोग देश भर में भले ही विभिन्न दलों व संगठनों में रहकर काम कर रहे हैं, लेकिन हमारा अभियान और प्रयास है कि पूरे भारत के हेला क्षत्रिय समाज को एकजुट करके उनको एक राष्ट्रीय संबल प्रदान कराना।उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान,अफगानिस्तान, श्रीलंका व बंगाल आदि देश के आगे तक हिंदुस्तान की सीमाएं फैली हुईं थीं उस समय के अखंड भारत में अफगानिस्तान में एक हेलाबंद राज्य हुआ करता था। उसी राज्य से निकला यह हेला समाज है,जो भारत के विभिन्न प्रदेशों व जनपदों में निवास कर रहा है। जिनको एकजुट करके उनकी पहचान दिलाना और राजनैतिक,आर्थिक व सामाजिक तौर पर उनके हक व अधिकारों की प्राप्ति के लिए संघर्ष करना समिति का मुख्य एजेंडा होगा। कई जनपदों से पधारे हेला समाज के लोगों के साथ समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया ने 51 किलो की फूल माला पहनाकर विवेक राज का जोरदार स्वागत करके उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। समारोह में गायत्री देवी, राजेश कुमार,संतोष तिलक, कंचन हेला व राजू हेला (सभी पश्चिम बंगाल से), सुंदर लाल प्रयागराज,समिति के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अजय विमल रायबरेली,अमित विमल हेला, रमाकांत हेला ऊंचाहार रायबरेली, चंदन कुमार व पप्पू हेला अयोध्या,पंकज हेला अमेठी, सभासद रोहित हेला मुसाफिरखाना अमेठी से, काशीराम,रविंद्र हेला व अशोक भारती कानपुर नगर,मुकेश हेला औरैया,रामू आनंद कौशांबी से व लल्लू सिंह आदि लोगों तथा महिलाओं ने सहभागिता की।

समाज की सुभि हेला द्वारा हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा को टॉप करने के लिए उसको प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया,जिसने समाज का जनपद में गौरव बढ़ाया। संचालन चन्द्र कुमार ने किया।

# माताओं के नाम पर रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता,औरैया





पौधारोपण करते छात्र एवं समिति के सदस्य। अमृत विचार

- पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी यमुना मैया के सेवादारों को सौंपी गई

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा शनिवार को शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित यमुना तट पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर-पंजाब में बीटेक की शिक्षा में अध्यनरत छात्र आदित्य प्रताप सिंह, ऐश्वर्य मिश्रा व मयंक राठौर, देहरादून में अध्यनरत वेदांत शुक्ला, मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी, गोरखपुर में बीटेक की शिक्षा में अध्यनरत लक्ष्मी व समाज सेवा का संकल्प लेकर कार्य करने वाली डिंपल आदि लोगों ने अपनी-अपनी मां के नाम से एक-एक पौधा खाद डालकर रोपित किया। पौधों की देखभाल व सुरक्षा की जिम्मेदारी यमुना मैया के सेवादारों को सौंपी गई। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट, डॉ. एसएस परिहर, पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरु), पीएसी सुरक्षा बल के प्रभारी सुरजीत सिंह, पीएसी जवान कमल सिंह, देवेंद्र आर्य, बैंक से सेवानिवृत शेखर गुप्ता, तेज बहादुर वर्मा, हिमांशु दुबे, सतीश पोरवाल, बीटेक में अध्यनरत छात्र वेदांत शुक्ला, आदित्य प्रताप सिंह, लक्ष्मी, ऐश्वर्य मिश्रा, मयंक कुमार, डिंपल तथा यमुना मैया के सेवादार अजय वाल्मीकि व राम प्रसाद वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# डग्गामार पर इंट्री प्वाइंट से प्रहार

## शुरू हुआ जांच अभियान, डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहनों को चेक प्वाइंट पर ही रोका जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी की फटकार से चेते अधिकारियों ने अब डग्गामार और स्कूली वाहनों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से अभियान शुरू कर दिया है। डग्गामार वाहन जहां से निकल रहे हैं, उन इंट्री प्वाइंट से ही प्रहार किए जाने का खाका खींचा गया है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने ठोस कार्रवाई के लिए प्रदेश के सभी टोल प्लॉजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार तैनाती कर दी है। 19 दिनों का कार्यक्रम तय किया गया है। इसमें सभी एक्सप्रेस-वे के टोल को भी शामिल किया गया है। इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी आरटीओ को जारी कर दिए गए हैं।

▸▸ **यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की होगी जांच**



### चेक पोस्ट मान किया जाएगा टोल से कार्य

परिवहन आयुक्त सिंह के मुताबिक, प्रदेश के सभी टोल प्लॉजा से अधिकारी चेक पोस्ट के रूप में कार्य करेंगे। डग्गामार के इंट्री प्वाइंट पर तैनात अफसरों की टीम वाहनों की जांच कर कार्रवाई करेगी।

### इस तरह से होगी कार्रवाई

चिह्नित स्थानों पर वाहनों के कागजातों की जांच होगी। इनमें यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस की जांच होगी। कागजात पूरे न होने पर वाहन सीज कर दिया जाएगा। उसे आगे नहीं जाने दिया जाएगा। वाहन चलने लायक न हुआ और उसका संचालन होते हुए पाया गया तो अफसर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बड़े चालान किए जाएंगे। यही नहीं, चेक पोस्ट पर ही चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जाएगी। ड्रंकन ड्राइविंग की दशा में बड़ी कार्रवाई होगी। इसके अलावा यात्री बसें और स्कूली वाहनों को भी चेक किया जाएगा। यह प्रक्रिया हर चेक पोस्ट पर अपनाई जाएगी। ऐसा नहीं होगा कि एक प्वाइंट से निकल आए तो आगे भी बच जाएंगे। चिन्हित स्थानों पर एक-एक इण्टरसेप्टर लगाया जा रहा है। कार्रवाई पर मॉनीटरिंग के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिस पर मुख्यालय और उच्चाधिकारियों के स्तर से निगरानी होगी।

### हरकत में प्रवर्तन टीम, नवाबगंज टोल प्लॉजा पर 15 वाहन सीज

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अभियान शुरू होने के मात्र चार घंटे के भीतर ही 15 वाहन सीज कर दिए गए। डीटीसी सुरेंद्र कुमार और आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने नवाबगंज टोल प्लॉजा पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान 32 वाहनों का चालान भी किया गया। चालकों की जांच हुई। आरटीओ पंकज ने बताया कि रात तक कार्रवाई जारी रहेगी। वाहनों के सीज करने और चालान की संख्या सुबह जारी होगी।



शनिवार को सरकारी आवास पर कानपुर मंडल से आए सांसद व विधायकों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### त्योहारों में डिजिटल वॉलेंटियर्स और सिविल डिफेंस का लें सहयोग : डीजीपी

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को आगामी त्योहारों में सुरक्षात्मक तैयारी को लेकर पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए कानून लागू होने के बाद संबंधित संसाधनों को लेकर बजट जारी किया जा चुका है। इसलिए जिले के अधिकारी व्यवस्थापन सुनिश्चित करना शुरू कर दें। इसके अलावा मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर शांति समितियों के साथ अधिकारी बैठक करना शुरू कर दें। डिजिटल वॉलेंटियर्स और सिविल डिफेंस का पूरा सहयोग लें। त्योहार रजिस्टर का पूरा अवलोकन कर लें। साथ ही त्योहारों को लेकर नई परंपरा की शुरुआत न होने दें। अधिकारी नियमित जनसुनवाई करें। बैठक के दौरान एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, पुलिस अधीक्षक लोक शिकायत शशिकांत तिवारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर

#### बलरामपुर अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन गत तीन दिनों से खराब है। जांचें ठप होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर मरीज निजी सेंटरों से जांच कराने को मजबूर हैं। बलरामपुर अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन में प्रतिदिन करीब 150 मरीजों की जांच हो रही थी। इतने ही मरीजों की जांच सामान्य एक्सरे मशीन पर भी हो रही है। गत तीन दिनों से डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब है। जांच के लिए अब मरीज भटक रहे हैं। उन्हें एक-दो दिन में मशीन ठीक होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है। सामान्य एक्स-रे मशीन में महीन फ्रैक्चर पकड़ना कठिन होता है। अस्पताल के निदेशक डॉ. एनबी सिंह बताया कि मशीन को ठीक कराने के लिए संबंधित कंपनी को जानकारी दे दी गई है। जल्द ही खराब हुए उपकरणों की खरीद कर मशीन को दुरुस्त करवा दिया जाएगा।

# 11 किग्रा सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** डीआरआई ने शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर स्थित टोल प्लॉजा के पास से 11 किग्रा सोने के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सोने की कीमत 8 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। डीआरआई ने आरोपी को कस्टम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिनों की कस्टडी में जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के करोलबाग का रहने वाला सोहन गोयल दुबई मेड सोना लेकर तेलीबाग स्थित वृंदावन ज्वैलर्स आ रहा था। इसी बीच, डीआरआई को सूचना मिलने पर टीम के अधिकारी टोल प्लॉजा पहुंच गए। इस दौरान रात में लखनऊ नंबर की एक्सयूवी कार को टोल प्लॉजा पर ही रोक लिया गया और वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 10 किग्रा सोना और 1 किग्रा सोने के आभूषण बरामद किये गये। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोहन गोयल के रूप में हुई। इस दौरान टीम तेलीबाग स्थित वृंदावन ज्वैलर्स पहुंची। यहां पता चला कि शोरूम संचालक फरार है। उधर, सोहन गोयल को शनिवार की सुबह कस्टम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की कस्टडी में जेल भेज दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, सोने की सच्चाई जानने के लिए डीआरआई जल्द ही उसे रिमांड पर लेने के लिए न्यायालय में आवेदन करेगी।

# 10 आईपीएस समेत 21 पुलिस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने शनिवार को 10 आईपीएस समेत कुल 21 पुलिस अफसरों का तबादला किया है। लखनऊ पश्चिमी के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को जालौन का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा दो और डीसीपी को जिले का चार्ज दिया गया है। तीन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को जनसुनवाई में ढिलाई बरतने पर जिलों से हटाकर महत्वहीन पदों पर भेजा गया है।

लखनऊ कमिश्नरेट पश्चिम के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को पहली बार जिला दिया गया है। डॉ. दुर्गेश लंबे समय तक डीजीपी के स्टाफ ऑफिसर रहे हैं। इसके अलावा श्याम नारायण सिंह वाराणसी कमिश्नरेट से एटा पुलिस अधीक्षक और राम सेवक गौतम कानपुर कमिश्नरेट से शामली के पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। गौरव बंशवाल को पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण व सुरक्षा से हटाकर डीसीपी वाराणसी कमिश्नरेट बनाया गया है। अभिषेक को पुलिस अधीक्षक शामली से हटाकर पुलिस अधीक्षक बिजनौर बनाया गया। नीरज कुमार जादौन को पुलिस अधीक्षक बिजनौर से हटाकर पुलिस अधीक्षक हरदोई बनाया गया है। ईराज राजा को पुलिस अधीक्षक जालौन से हटाकर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर बनाया गया। रामसेवक गौतम को डीसीपी कानपुर कमिश्नरेट से हटाकर पुलिस अधीक्षक शामली बनाया गया।

#### जनशिकायतों में ढिलाई बरतने पर हटाया गया

जनशिकायतों पर ठीक से सुनवाई नहीं करने पर कई आईपीएस अफसरों को हटाया गया है। इसमें से हरदोई के पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी को पुलिस अधीक्षक अभिसूचना लखनऊ बनाया गया, राजेश कुमार सिंह को एटा पुलिस अधीक्षक से हटाकर कानपुर कमिश्नरेट भेजा गया है। जबकि एसपी गाजीपुर डॉ. ओमवीर सिंह को लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है।

#### डॉ. कृष्ण गोपाल बने पुलिस उपाधीक्षक कुंभ

पीपीएस अफसरों में डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़ से हटाकर महाकुंभ मेला प्रयागराज भेजा गया है। वरुण कुमार सिंह को बुलंदशहर से हटाकर पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़ बनाया गया। गिरजा शंकर त्रिपाठी को जालौन से हटाकर बुलंदशहर तैनात किया गया। अर्चना सिंह को बिजनौर से हटाकर जालौन भेजा गया। अंजनी कुमार चतुर्वेदी को मंडलाधिकारी अयोध्या से हटाकर बिजनौर भेजा गया है। अनिरुद्ध कुमार सिंह को चंदौली से हटाकर मंडलाधिकारी अयोध्या बनाया गया है। राजीव सिसौदिया को पुलिस उपाधीक्षक बहराइच से हटाकर चंदौली भेजा गया है। प्रद्युम्न कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू आजमगढ़ से हटाकर पुलिस उपाधीक्षक बहराइच बनाया गया है।

# आईआरसीटीसी कराएगा लद्दाख की सैर

लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने पर्यटकों को लद्दाख की सैर कराने की तैयारी की है। लखनऊ और कानपुर से पर्यटकों को इस यात्रा पर जाने की सुविधा मिलेगी। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि लखनऊ से लद्दाख (वाया नई दिल्ली) भ्रमण के लिए हवाई टूर पैकेज लांच किया है। यह यात्रा 6 रात्रि व 7 दिन की होगी। उन्होंने बताया कि 2 से 8 अगस्त के बीच इस पैकेज की बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है। यात्रियों को लखनऊ से लेह वाया नई दिल्ली जाने-आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। खान-पान व ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था की गयी है। यात्रा के दौरान स्तूप व मठ दर्शन, शाम वैली में लेह पैलेस, शांतिस्तूप, गुरुद्वारा, नुब्रा वैली में स्थित कैंप में रात्रि विश्राम, दिस्कीत, हुंडर व तुर्तुक गांव व स्थानीय जगहों की सैर के साथ प्रसिद्ध पेन्गॉन्ग झील का भ्रमण कराया जायेगा। यात्रा में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 60,100 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 55,100 रुपये प्रति व्यक्ति व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 54,600 रुपये है।



विधानसभा उप चुनाव में जीत के बाद शनिवार को लखनऊ स्थित राज्य मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

# विस उप चुनाव में जीत पर कांग्रेस मुख्यालय में जश्न, बांटीं मिठाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव में 10 सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जश्न मनाया गया। नेताओं-कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

चुनाव परिणाम आते ही राज्य पार्टी मुख्यालय में उत्सव का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े बजाकर पटाखे छोड़े। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। यह जीत जनता की जीत है। अब आने वाले वक्त में हर जगह बदलाव देखने को मिलेगा। अब जनता इनके झूठ को पहचान गई है। अब इन्हें वोट की चोट से सबक सिखायेगी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

### वर्ग पहेली-130

**बाएं से दाएं**

1. छिछला, उथला, कम गहरा।
3. दे. मंझोला।
4. हलवाई।
6. 1. पाला-पोसा हुआ 2. पाला जाने वाला
7. 1. गीलापन दूर होना 2. जलहीन होना, जल न रहना 3. रस आदि से रहित होना 4. उदास होना 5. रोग
8. 1. घोड़े या गधे के पैर का निचला भाग जो ज़मीन पर पड़ता है, सुम 2. घोड़े के चलने पर उसके सुम से होने वाली आवाज़ 3. किसी खंभे या चारपाई के पाए का ज़मीन पर टिका हुआ भाग 4. मुरगियों को बंद करके रखने का टोकरा या खांचा।

**ऊपर से नीचे**

2. स्फटिक, रवा, (क्रिस्टल)।
3. जो कत्ल कर डाला गया हो।
5. ज़ोर से हंसने की ध्वनि, तीव्र हंसी का स्वर 2. हीनता या तुच्छता को प्रदर्शित करते हुए हंसना। (मु.) -करना : निर्लज्जतापूर्वक हंसना।
6. 1. विष्ठा, मल 2. गंदी और त्याज्य वस्तु।



### वर्ग पहेली -129 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 घा | घ | | | |
| 2 च | | | 3 ब | ख | री |
| ट | | | ल | | |
| 4 प | छ | ता | वा | | 5 अ |
| टा | | | ई | | बा |
| | 6 व | | | | दा |
| 7 पॉ | लि | टी | शि | य | न |

### डीआरएम ने आरपीएफ बैरक को परखा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल की देख-रेख में आयोजित सेमिनार में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने रेलवे बैरक का निरीक्षण भी किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रिजर्व लाइन कम्पी नंबर 38 में सुरक्षा पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसएम शर्मा ने सुरक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनके साथ सुरक्षा संबंधी जरूरी मुद्दों और चर्चा की।

# विभाग ने लगवाया सीसीटीवी, विद्यालय कर रहे बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **94 आश्रम पद्धति विद्यालय और 75 वृद्धाश्रम में सीसीटीवी लगवाए गए**

▸▸ **वृद्धाश्रम में सीसीटीवी काम कर रहे हैं और निदेशालय से मानीटरिंग की जा रही है**

▸▸ **कुछ विद्यालयों में सीसीटीवी किए जा रहे बंद, बिजली की आवाजाही का दिया जा रहा तर्क**

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापकों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी का समाज कल्याण विभाग को लाभ पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है। कुछ विद्यालयों में सीसीटीवी बंद किये जा रहे हैं और बिजली की आवाजाही का तर्क दिया जा रहा है। विभाग अब इन्वर्टर से इसको जुड़वाने की तैयारी में है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे। इसकी शिकायतें लगातार मिलने के बाद बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस लगाने की कार्ययोजना बनाई गई और 1 जुलाई से बायोमेट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) से उपस्थिति दर्ज की जा रही है।

अध्यापकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए विद्यालयों में सीसीटीवी भी लगवाए गए हैं। सीसीटीवी कक्षाओं में भी लगे हैं। कक्षाओं में अध्यापक कब पहुंच रहे हैं और कितनी देर पढ़ा रहे हैं, इस पर भी निदेशालय में बैठे अधिकारी नजर रख रहे हैं। हालांकि कुछ विद्यालय सीसीटीवी बंद कर दे रहे हैं और बिजली की आवाजाही का तर्क दे रहे हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि सीसीटीवी को जल्द ही इन्वर्टर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि 75 वृद्धाश्रम में कैमरे लग गए हैं और मानीटरिंग की जा रही है।

### सुडोकू -43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | 2 | | |
| | 8 | | 5 | | 7 | | | 4 |
| | 1 | | | 6 | 2 | | | 7 |
| | | 1 | 2 | | 8 | 9 | | 6 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| 6 | | 4 | 3 | | 9 | 7 | | |
| 5 | | | 6 | 7 | | | 1 | |
| 3 | | | 1 | | 4 | | 8 | |
| | | 9 | | | 5 | | | |

### सुडोकू -42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 17 .25 तक तत्पश्चात नवमी।

#### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 22 .06 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध रूप से कार्य संचालन करना शुभ रहेगा। साझेदारी के रूप में व्यापार करने के योग बन सकते हैं। आजीविका क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को अपने सहयोगियों के साथ तालमेल युक्त व्यवहार करने से नई आशा की किरण जागेगी।

**वृष** — आज नौकरी करने वाले लोगों को उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। दूसरों के द्वारा परेशानियां बढ़ सकती हैं। व्यवसाय क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अपने व्यवहार में अधिक सकारात्मकता लाने की कोशिश करनी चाहिए।

**मिथुन** — आज बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को पदोन्नति प्राप्त होगी। रोजगार की तलाश पूरी होगी। विद्यार्थी वर्ग को विद्या अध्ययन से संबंधित कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** — आज सरकारी नौकरी में संलग्न लोगों को पदोन्नति मिलने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों से घनिष्ठता बढ़ेगी। नए मित्र बनेंगे। व्यवसाय करने वाले लोगों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह** — आज कोर्ट-कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। किसी पुराने विवाद से छुटकारा मिलेगा। संतान की ओर से अपेक्षित सुख सहयोग प्राप्त होगा। नवीन उद्योग अथवा व्यापार शुरू करने की योजना सफल होगी।

**कन्या** — आज आपको धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो सकता है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोई महत्वाकांक्षा पूरी हो सकती है।

**तुला** — आज व्यापार में अपनी सूझबूझ से कोई बड़ी सफलता हासिल करेंगे। बौद्धिक कार्यों में लोगों को सरकार से लाभ प्राप्त होगा। खेल, प्रतियोगिता में आपको कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। परिवार में आपके निर्णय की सराहना होगी।

**वृश्चिक** — आज नौकरी में अधीनस्थ व उच्च अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। बौद्धिक कार्य को अपने सहयोगियों से विशेष सहयोग के सानिध्य मिलेगा। समाज में आपके उज्ज्वल चरित्र के प्रशंसा चारों तरफ होगी।

**धनु** — आज शत्रु गुप्त नीति से हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। आप अपनी बुद्धि से परिश्रम से कठिन परिस्थितियों का सामना करने में सफल होंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा।

**मकर** — आज लंबी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यवसाय करने वाले लोगों को व्यर्थ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। नीतिगत रूप से निर्णय लेने से लाभ की संभावनाएं रहेंगी। अपनी व्यक्तित्व समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी।

**कुंभ** — आज भूमि के कार्य में संलग्न लोगों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्य योजना का विरोधियों के सामने खुलासा न करें। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**मीन** — आज नवीन व्यवसाय करने की कार्य योजना बनेगी। बनते-बनते कार्यों में बाधा आ सकती हैं। अत: सजगता पूर्वक कार्य करें। विरोधी पक्ष की गतिविधियों पर ध्यान रखें, वह हानि पहुंचा सकते हैं। सत्ता शासन में बैठे किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति से घनिष्ठता बढ़ेगी।

### आज की फिल्में

B4U Movies
धड़कन — सुबह : 10 .43
क्रांति — रात : 07 .00

&pictures
फुकरे 3 — सुबह : 11 .13
बधाई दो — रात : 08 .00

Sony Pix
अनचार्टेड — सुबह : 11 .09
ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09 .00

Zee Cinema
रक्षाबंधन — दोपहर : 12 .00
आरआरआर — रात : 08 .30

Colors Cineplex
बू — सुबह : 10 .30
दृश्यम 2 — शाम : 05 .32

#### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

एक कंजूस लड़के को कंजूस लड़की से प्यार हो गया।
लड़की- जब पिताजी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी। तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना लड़की सिक्का फेंकती है, पर लड़का ऊपर नहीं आता एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का-अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था।
लड़की-अरे पागल वो तो धागा बांधकर फेंका था। वापिस खींच-खींच लिया।

पत्नी मायके से वापिस आई तो उसका पति जोर-जोर से हंसने लगा।
पत्नी- ऐसे क्यों हंस रहे हो?
पति- बुजुर्गों ने कहा है जब भी मुसीबत को देखो उसका सामना हंसते हुए करो।

## एक नजर

### तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन की शनिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुरईमुरुगन विक्रवंडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में द्रमुक की भारी जीत के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को बधाई देने के लिए आज दोपहर पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम आए थे। इस बीच उनकी तबियत बिगड़ गई। द्रमुक उप महासचिव को प्राथमिक उपचार के बाद अपोलो अस्पताल ले जाया गया। उनके बेटे एवं द्रमुक सांसद कथिर आनंद उनके साथ अस्पताल पहुंचे।

### गुरदासपुर जिले में हेरोइन की खेप जब्त

**जालंधर।** बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर जिले में संयुक्त रूप से हेरोइन की खेप बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया विंग द्वारा साझा की गई सूचना पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ ने सुबह 8:40 बजे, रत्तर छत्तर गांव के पास एक धान के खेत से पैकेट (कुल वजन- 2.300 किलोग्राम) बरामद किया। पैकेट खोलने पर, संदिग्ध हेरोइन वाले दो छोटे पॉलीथीन पैकेट मिले।

### रायपुर में कोयला कारोबारी के ऑफिस पर गोलीबारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तेलीबांधा थाने के पास कोयला कारोबारी के ऑफिस पर शनिवार को गोली चलने की बड़ी घटना सामने आई है। झारखंड के अमन साहू गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के कयास लगाए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना अंतर्गत पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा के बीच सर्विस रोड पर कोयला कोराबार से जुड़े पीपीए ग्रुप के ऑफिस के सामने मोटरसाइकिल सवार दो लोग हवाई फायर कर भाग निकले। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि गोलीबारी की घटना सामने आई है। पिछली बार गोलीबारी की घटना होने से ठीक पहले हमने आरोपियों को पकड़ा था।

### खेत से 54 किलो चांदी पुलिस ने की बरामद

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम बीलाखेड़ी में खेत से पुलिस ने 53 लाख मूल्य की 54 किलो 300 ग्राम बरामद की है। जिले के पारदी बदमाशों द्वारा पिछले माह राजस्थान के मनोहर थाना कस्बे में स्थित ज्वेलर्स की दुकान से 50 किलो चांदी के जेवरात चोरी किये गये थे। चोरी हुए चांदी के जेवर धरनावदा थाना पुलिस ने ग्राम बीलाखेड़ी के खेत से खोदकर निकाली हैं।

# लोग जानते है कि राजग सरकार ही स्थिरता, स्थायित्व दे सकती है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने मुंबई में 30 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

**मुंबई,एजेंसी**



प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि हर निवेशक ने उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल का उत्साह से स्वागत किया है। लोग जानते हैं कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है।

एक दिवसीय दौरे पर आए मोदी ने कहा कि देश-विदेश के निवेशकों में पिछले एक महीने में उत्साह स्पष्ट तौर पर दिखा है और उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी। प्रधानमंत्री ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं के लिए 30 हजार करोड़ की सड़क और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना का भी उद्घाटन किया। 76 हजार करोड़ की इस परियोजना से हर साल 10 लाख शिक्षित युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और रामदास अट्ठावले, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी उपस्थित थे।

### तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नौकरियां हुईं सृजित

मोदी ने कहा कि आरबीआई के अनुसार, तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियां उपलब्ध हुईं। मोदी मुंबई के गोरेगांव उपनगर में क्षेत्र में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्रों में 29,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत और आधारशिला रखने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि आरबीआई ने रोजगार पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी खबरें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। देश में कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। मुंबई और उसके आसपास की आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से शहर के आसपास के इलाकों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे : प्रियंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कांग्रेस महासचिव ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केंद्र सरकार और भाजपा पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे। केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।

प्रियंका ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?

### शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने की आलोचना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने केंद्र सरकार की 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के फैसले की आलोचना की। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि 50 साल पहले आपातकाल लागू हुआ था, लेकिन भाजपा भविष्य के बजाय अतीत को ही देखती रहती है। राकांपा (एसपी) ने कहा कि अगर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीती होतीं, तो वह संविधान बदली दिवस की घोषणा करती।

# बांधों से सतलुज छोटी नदी में तब्दील हो गई : न्यायमूर्ति करोल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बोले- तापमान और मानवीय गतिविधियों से नदियां सूख रहीं

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल ने कहा है कि सतलुज नदी पर बांधों के निर्माण से यह छोटी नदी में तब्दील हो गई है, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बदल गया है। वकील जतिंदर (जय) चीमा की पुस्तक क्लाइमेट चेंजः द पॉलिसी, लॉ एंड प्रेक्टिस के विमोचन पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश के कृषि क्षेत्र पर भारी प्रभाव डाल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने कहा कि बढ़ते तापमान और मानवीय गतिविधियों से नदियों के हिस्से सूख रहे हैं। भारत की एकमात्र ट्रांस हिमालय नदी सतलुज, कई बांधों के निर्माण से छोटी हो गई है, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र व पारिस्थितिकी श्रृंखला बदल गई है। एक के बाद एक सरकारों ने गंगा की सफाई पर 30,000 करोड़ खर्च किए हैं। हम मौजूदा स्थिति को जानते हैं। हम सबने इसे देखा है। इस मुद्दे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

# चार पर धोखाधड़ी, साजिश का आरोप तय करने का आदेश

फिक्सिंग मामला

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका में 2000 में खेले गए क्रिकेट मैच को फिक्स करने के आरोपी चार लोगों के खिलाफ कोर्ट ने साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय करने का आदेश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा प्रिया इस मामले में राजेश कालरा, कृष्ण कुमार, सुनील दारा और संजीव चावला के खिलाफ सुनवाई कर रही थीं। इनके खिलाफ चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

मामले में उस समय की द. अफ्रीकी टीम के कप्तान हैंसी क्रोन्ये को भी आरोपी बनाया गया था जिनकी बाद में मौत हो गई थी। कोर्ट ने मौजूद सबूतों पर गौर करते हुए कहा कि घटनाओं के क्रम, बातचीत के रिकॉर्ड, आचरण और परिस्थितियों से पता चलता है कि चावला द्वारा हैंसी क्रोन्ये के साथ किए सौदों में कालरा, कृष्ण और दारा की मिलीभगत है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

# जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार को कुचला, दो की मौत

**जालंधर, एजेंसी**

पंजाब के महानगर जालंधर के पठानकोट चौक में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार लोगों को कुचल दिया। जिनमें से दो की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है।

नॉर्थ जालंधर के सहायक आयुक्त (एसीपी) दमनबीर सिंह ने शनिवार को कहा कि जीप चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतकों या घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### जम्मू के डोडा में बस खाई में गिरी, दो की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को बस के सड़क से फिसलकर 200 फुट गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना पूर्वाह्न 10.25 बजे भटयास के पास हुई। बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। बचावकर्मियों को घटनास्थल पर एक महिला मृत मिली, जबकि एक यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। नौ घायलों की हालत गंभीर है।

# तमिलनाडु के पूर्व मंत्री बालाजी की जमानत पर 22 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। बालाजी को पिछले साल धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने समय की कमी से शुक्रवार को मामले की सुनवाई रदकर दी। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए बालाजी की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था। बालाजी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को कहा था कि अगर उन्हें इस तरह के मामले में जमानत पर रिहा किया जाता है तो इससे गलत संकेत जाएगा और यह जनहित के खिलाफ होगा। याचिकाकर्ता 8 महीने से अधिक जेल में रह चुका है, इसलिए विशेष अदालत को मामले का निपटारा करने का निर्देश देना अधिक उपयुक्त होगा।

# केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● आप नेता बोले- जेल में रहने के दौरान केजरीवाल का वजन 8.5 किलो घटा

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है। सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सिंह ने कहा कि केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है। जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है।

सिंह ने कहा कि वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है। केजरीवाल का परिवार, आप और उनके शुभचिंतक जेल में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण वह अभी भी जेल में ही हैं।

# अजमेर की लोक अदालत में 45 मामले निस्तारित

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर स्थित राजस्व मंडल मुख्यालय पर शानिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत 45 प्रकरण निस्तारित किये गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्व मंडल के स्तर पर गठित पीठ के माध्यम से शनिवार को 45 प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। इससे पहले अजमेर मण्डल परिसर में दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

**गुवाहाटी, एजेंसी**

● सात और लोगों की मौत, 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित

● बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले की संख्या हुई 106

असम में शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, हालांकि राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर घटने लगा है। गुवाहाटी स्थित भारत मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र ने बताया कि असम के अधिकांश स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कोकराझार जिले के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की ओर से शुक्रवार रात जारी की गई रिपोर्ट में बताया कि राज्य में बाढ़ के कारण सात और लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। असम में इस साल बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है। एएसडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, धुबरी जिले में सबसे अधिक 3.18 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इसके बाद कछार में लगभग 1.5 लाख लोग और गोलाघाट में 95,000 से अधिक लोगों को प्राकृतिक आपदा के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एएसडीएमए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ का पानी कम हो रहा है। वर्तमान में, 2,95,651 विस्थापित लोगों ने 18 जिलों के 316 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। राज्य सरकार ने पिछले 24 घंटों के दौरान, बाढ़ से प्रभावित लोगों को 3,621.01 क्विंटल चावल, 666.3 क्विंटल दाल, 6,266.61 क्विंटल नमक व 11,446.82 लीटर सरसों का तेल उपलब्ध कराया है।

## कारोबार/कृषि

### कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूँदड़ा 2400-2410, आरआर21- 2550-2600 गेहूँ फारम 2600-2700, जौ 2000-2100, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200-2400, **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300-6400, अरहर 9000-10000, मसूर 5500-5600, मटर 3700-3800, उड़दहरा 11000-11500, उड़दकाला 8000-9000, मूँग 8000-8200 दाल (प्रति क्वि.), अरहर फूल 16400-16500, अरहर स्पेशल 14300-14400, चना दाल 7900-8000, मटर दाल 4450-4550, मसूर मलका 7200-7250, मसूर दाल 7400-7450, उड़द दाल 9000- 13300, उड़द धोवा 10000-13000, मूँग दाल 8100-9700, मूँग धोवा 9700-11000, चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-3500, बासमती न01.10500 - 11000, सेला 3000-4000, बासमती न02. 7000-8000, **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा 1400-1460, मैदा 1380-1450, सूजी1440-1460, **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाह पसंद 1370-1410, तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600-5800, अलसी 4500-4600, अण्डी 4600-4700, तिल्ली 11500- 12200, मूँगफली दाना शिवपुरी 10000- 11200, बटाली 8600-10500, सेहुआं 4000 - 4500, **तेल (प्रित क्वि.)** सरसों कोल्हू 12200-12300, अलसी 10100-10200, अण्डी 12800-13000, रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1575-1580, खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2650, अलसी 4900-5000, अण्डी 1400-1450, वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची -1575-1575 मयूर 1575-1575

### सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94400 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55800-56000 |

# इस्पात पिघला, आया 4,000 रुपये टन का अंतर

## डिमांड घटने से स्टील के दाम में दर्ज की गई गिरावट, स्टील पाइप के दरों में भी आई कमी

● बारिश के चलते निर्माण कार्य पर ब्रेक लगने से फुटकर बाजार में डिमांड घटी

● लोकल रायपुर और गैलेंट, टाटा-जिंदल आदि नामी-गिरामी ब्रांड के भाव भी गिरे

**नीरज मिश्र**

**अमृत विचार :** बारिश के मौसम में डिमांड के घटते ही स्टील के दाम में लंबे समय के बाद बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। करीब 4,000 रुपये प्रति टन का अंतर बाजार भाव में आया है। वहीं प्रति क्विंटल देखा जाए तो सरिया की कीमत में 400 रुपये का फर्क पड़ा है।

62 हजार रुपये से घटकर इसका भाव 58,000 रुपये प्रति टन हो गया है। यही नहीं बड़े ब्रांड की कंपनियों ने भी अपने सरिया की कीमतों में कमी की है। वहीं भाव में गिरावट से लोहे के पाइप के दाम भी नीचे आए हैं। लगातार गिरते भाव से इस्पात पिघलता सा नजर आ रहा है।



| ब्रांड | इस्पात का रेट | पहले -मौजूदा दर |
|---|---|---|
| लोकल एवं रायपुर | 60,000 | 56,000 से 57,000 |
| गैलेंट | 62,000 | 58,000 से 60,000 |
| टाटा-जिंदल आदि | 78,000 | 75,000 से 76,000 |
| स्टील पाइप | 70,000 | 65,000 से 67,000 |

"निर्माण कार्य रुकने से डिमांड नहीं है। थोक बाजार हो या फुटकर सभी में महज 30 से 40 फीसद मजबूरी वाला सौदा रह गया है। सभी ब्रांड सस्ते हैं। चाहे वह लोकल हो या बड़े ब्रांड के टाटा और जिंदल जैसे नाम। सभी के भाव में लगातार गिरावट बनी हुई है।

**-विशाल अग्रवाल,**
आयरन स्टील के थोक कारोबारी

"स्टील सस्ती हो गई है। अरसे बाद इस्पात का भाव नीचे आया है। या यूं कहे कि पुराने रेट को छू रहा है तो गलत न होगा। स्टील की डिमांड कम है। ऐसे में कीमतें गिर रही हैं। सरिया सस्ती है लेकिन खपत नहीं है।

**-श्यामसूर्ति गुप्ता**
प्रदेश अध्यक्ष उप्र. सीमेंट व्यापार संघ

### फुटकर कारोबार रह गया है महज 30 से 40 फीसद

निर्माण कार्य बंद होने से बाजार शांत है। सरिया का फुटकर बाजार का लगातार डाउन है। माल डंप है। डिमांड बिल्कुल नहीं है।

# बीएसएनएल को एमटीएनएल सौंपने पर विचार, विलय की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार समझौते के जरिए महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का संचालन बीएसएनएल को सौंपने के विकल्प पर विचार कर रही है। सरकार विलय की जगह इस विकल्प पर विचार कर रही है। इस पर अंतिम फैसला एक महीने में लिए जाने की संभावना है।

सूत्र ने बताया कि कर्ज में डूबी एमटीएनएल का संचालन समझौते के जरिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सौंपने के विकल्प पर विचार हो रहा है। एमटीएनएल के कर्ज को देखते हुए बीएसएनएल के साथ विलय अनुकूल विकल्प नहीं है। फैसला लिए जाने के बाद प्रस्ताव सचिवों की समिति के सामने रखा जाएगा और उसके बाद मंत्रिमंडल इस बारे में अंतिम निर्णय लेगी। एमटीएनएल ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि वह अपर्याप्त फंड से कुछ बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई 2024 को देय है। एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार एमटीएनएल को 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा।

### रॉबर्ट को मिलेगा अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बीएसएनएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पीके पुरवार को सेवा विस्तार देने से इनकार कर दिया है। यह प्रभार दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रॉबर्ट जे रवि को दिया जा सकता है। जुलाई, 2019 में पांच साल के लिए बीएसएनएल के सीएमडी का प्रभार संभालने वाले पुरवार ने विस्तार के लिए आवेदन किया था। दूरसंचार विभाग बीएसएनएल के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार डीडीजी रॉबर्ट जे रवि को सौंपने पर विचार कर रहा है। वर्तमान सीएमडी द्वारा मांगे गए विस्तार पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

# कॉरपोरेट अग्रिम कर में वृद्धि से प्रत्यक्ष कर संग्रह 20% बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हुई

कॉरपोरेट कंपनियों के अग्रिम कर भुगतान में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हो गई। यह 15 जून को देनी होती है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का निगम आयकर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5,74,357 करोड़ रुपये है। इसमें 2,10,274 करोड़ रुपये का सीआईटी और 3,46,036 करोड़ रुपये का पीआईटी शामिल है। इसमें कहा गया है कि प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) ने प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16,634 करोड़ रुपये का योगदान दिया। पिछले वर्ष इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4,80,458 करोड़ रुपये था।

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54 प्रतिशत बढ़ा

आयकर विभाग ने आयकर संग्रह के आंकड़े जारी किये, जिसके अनुसार इस अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 645259 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि के 523563 करोड़ रुपये की तुलना में 23.24% अधिक है। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70902 करोड़ का रिफंड जारी किया जा चुका है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 43105 करोड़ रुपये की तुलना में 64.49 % अधिक है।

# सब्जियों की कम आपूर्ति, ऊंचे दामों से बिगड़ा बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● आलू, प्याज, टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में आया उछाल

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में देर से हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान से दिल्ली में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को टमाटर जैसी रोजमर्रा की चीजें दोगुनी कीमत पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। थोक बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि खासतौर पर आलू, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के साथ फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में उछाल आया है।

आजादपुर सब्जी मंडी के व्यापारी संजय भगत ने बताया कि फिलहाल टमाटर का थोक भाव 50 से 60 रुपये प्रति किलो है। स्थानीय किस्म का टमाटर 1,200 रुपये प्रति 28 किलो (एक क्रेट) और हाइब्रिड 1,400 से 1,700 रुपये में बिक रहा है। पहले टमाटर का भाव 25-30 रुपये प्रति किलो था। थोक बाजार में अन्य सब्जियों की कीमत 25 से 28 रुपये प्रति किलो है। जो सब्जियां 10 से 15 रुपये में बिकती थीं, वे अब 25 से 30 रुपये में मिल रही हैं। बीन्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। इस साल तेज गर्मी और बारिश में देरी के कारण कीमतों में उछाल आया है। ओखला सब्जी मंडी के व्यापारी ने कहा कि अभी केवल दो जगहों से टमाटर की आपूर्ति हो रही है - कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश। महाराष्ट्र से 10-15 अगस्त के आसपास नई फसल आने तक कीमतें ऊंची रहेंगी।

### टमाटर की कीमतों में आ सकती है गिरावट

**नई दिल्ली।** टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। आपूर्ति में बाधा से बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। फिलहाल दिल्ली को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से हाइब्रिड टमाटर राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचने के साथ ही कीमतों में नरमी आने लगेगी। सरकार सब्सिडी वाले टमाटर की बिक्री को फिर से शुरू करने की योजना नहीं बना रही है।

प्रकृति का प्रकोप



बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में शनिवार को भारी बारिश के बाद तुतला भवानी जलप्रपात में बाढ़ आ गयी। • एजेंसी

# सिएटल में वीजा आवेदन केंद्र की शुरुआत हुई

ह्यूस्टन, एजेंसी

• भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया

अमेरिका के सिएटल में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, पोर्ट कमिश्नर सैम चो सहित स्थानीय नेता इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मेयर हैरेल ने आवेदकों को भारतीय पासपोर्ट और वीजा प्रदान किया, जो समुदाय के लिए एक खास पल था।

सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने वहां रह रहे भारतीयों की तारीफ की, साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को समृद्ध बनाने में उनके योगदान की सराहना की। सिएटल के अलावा बेलेव्यू में भी एक ड्रॉप-ऑफ प्रतिष्ठान प्रारंभ किया है ताकि पूर्वी क्षेत्र के लोगों को वीजा और पासपोर्ट संबंधी सुविधाएं आसानी से मिल सकें। सिएटल और बेलेव्यू भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) का संचालन वीएफएस ग्लोबल कर रहा है,यह विदेश मंत्रालय का आउटसोर्स्ड वीजा सेवा साझेदार है। ये केंद्र भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बनाने और इससे संबंधित अन्य समस्याओं से निपटने में मदद के लिए स्थापित किए गए हैं।

# रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी



• अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के बाद बना कानून

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है। चीन ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था। पिछले साल फरवरी में प्रतिनिधि सभा ने जबकि मई में सीनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

बाइडन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, मैंने एस. 138, तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं। बाइडन ने कहा, मेरा प्रशासन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करता रहेगा, ताकि मतभेदों को दूर किया जा सके और तिब्बत पर बातचीत के जरिए समझौता किया जा सके। चौदहवें दलाई लामा 1959 में तिब्बत से भागकर भारत चले गए थे।

## होनहार विदेशी छात्रों के लिए विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्य थानेदार ने एच-1बी वीजा की उपलब्धता बढ़ाकर होनहार विदेशी छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में रहने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विधेयक पेश किया है। एच-1बी वीजा की भारतीय आईटी पेशेवरों द्वारा सर्वाधिक मांग है। डेमोक्रेटिक पार्टी से अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य थानेदार ने कहा, एक आप्रवासी के तौर पर, अमेरिका में शिक्षा के अवसरों ने मुझे हर मौका दिया और मैं देश में हमारे सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को रखने के महत्व को समझता हूं।

## एक नजर

### पोलैंड में सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत

**वारसा।** उत्तरी पोलैंड के गिडेनिया में एक एयर शो रिहर्सल के दौरान पोलिश सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से शुक्रवार को एक पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी पोलिश प्रेस एजेंसी ने दी। दुर्घटनाग्रस्त विमान, एम-346 मास्टर, जिसे पोलिश सेना में बीलिक के नाम से जाना जाता है, दो सीट और जुड़वां इंजन वाला विमान है जिसे उन्नत उड़ान प्रशिक्षण के लिए डिज़ाइन किया गया है। खबरों के अनुसार, मृतक पायलट पोलैंड में इस तरह के विमान को उड़ाने वाला दो सबसे अनुभवी पायलटों में से एक था।

### इक्वाडोर में पूर्व राष्ट्रपति उम्मीदवार की हत्या में 5 अभियुक्तों को सजा

**क्विटो।** इक्वाडोर की एक अदालत ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की हत्या के पांच आरोपियों को 12 से 34 साल जेल की सजा सुनाई। कार्लोस अंगुलो, मादक पदार्थों की तस्करी गिरोह लॉस लोबोस के नेताओं में से एक, और लौरा कैस्टिलो को हत्या की साजिश रचने के लिए अधिकतम 34 साल और आठ महीने की जेल की सजा सुनाई गई। अन्य दो पुरुषों और एक महिला को साथी के रूप में 12 साल की सजा सुनाई गई। अदालत ने विलाविसेंसियो के परिवार को पूर्ण मुआवजा देने की भी बात की। नौ अगस्त, 2023 को क्विटो शहर में एक राजनीतिक रैली के बाद एक सशस्त्र हमले में 59 वर्षीय राजनेता और पत्रकार विलाविसेंशियो की हत्या कर दी गई थी।

### यात्री के लैपटॉप से धुआं निकलने पर अमेरिकी विमान खाली कराया

**सैन फ्रांसिस्को।** सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से मियामी जा रही अमेरिकन एयरलाइंस की एक उड़ान में एक यात्री के बैग में रखे लैपटॉप से धुआं निकलने के कारण विमान को खाली कराना पड़ा। एयरलाइन ने बताया कि विमान से बाहर निकलते समय एक व्यक्ति को मामूली चोटें आईं, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड और जेट ब्रिज के जरिए बाहर निकाला गया। सैन फ्रांसिस्को अग्निशमन विभाग के अनुसार, दो और यात्रियों को भी मामूली चोटें आईं। एयरलाइन ने बताया कि यात्री जब विमान में सवार हो रहे थे, तभी चालक दल को लैपटॉप से धुआं निकलने की सूचना मिली। संघीय विमानन प्रशासन के प्रवक्ता स्टीव कुलम ने कहा कि जांच की जाएगी।

# केपी शर्मा ओली बनेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

## सरकार बनाने का दावा पेश किया, सोमवार को लेंगे शपथ

काठमांडू, एजेंसी



• निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को संसद का विश्वास मत खो दिया

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे के पी शर्मा ओली ने अपने गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ नयी गठबंधन सरकार में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों की सूची तैयार करने को लेकर शनिवार को विचार विमर्श किया। नयी गठबंधन सरकार के सोमवार को शपथ लेने की संभावना है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल रविवार दोपहर तक ओली (72) को नेपाली कांग्रेस-सीपीएन (यूएमएल) गठबंधन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकते हैं। नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के करीबी सूत्रों ने बताया, राष्ट्रपति सोमवार सुबह नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिला सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने से पहले सोमवार को एक छोटे मंत्रिमंडल की घोषणा होने की संभावना है।

नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली (72) का एक बार फिर प्रधानमंत्री बनना तय है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने में असफल रहे। शुक्रवार देर रात ओली ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) के समर्थन से अगला प्रधानमंत्री बनने का दावा पेश किया था और संविधान के अनुच्छेद 76-2 के तहत सरकार बनाने के लिए प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर सौंपे थे। इन सांसदों में ओली की पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।

ओली के एक करीबी सूत्र ने बताया कि कुल 21 मंत्रालयों में से नेपाली कांग्रेस को नौ मंत्रालय और सीपीएन-यूएमएल को आठ मंत्रालय मिलेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री का पद भी मिलेगा।

सूत्र ने बताया, गृह, विदेश, वित्त और ऊर्जा जैसे प्रमुख पदों को एनसी और यूएमएल के बीच बांटा जाएगा। नेपाली कांग्रेस को गृह मंत्रालय मिलने की संभावना है, जबकि वित्त मंत्रालय यूएमएल को मिलेगा। इससे पहले, शनिवार को सीपीएन-यूएमएल ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने और नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थायी समिति के सदस्य राजन भट्टराई के अनुसार, शुरुआत में एक छोटा मंत्रिमंडल होगा, जिसका बाद में विस्तार किया जाएगा।

# इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार से अब तक 31 की मौत

**यरूशलम।** इजरायल में मई की शुरुआत में वेस्ट नाइल बुखार फैलने के बाद से शुक्रवार को 12 नई मौतों की पुष्टि के साथ मौत का आंकड़ा 31 हो गया है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में 49 नए संक्रमण की सूचना दी, जिससे देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 405 हो गई, जो वर्ष 2000 में 425 की वार्षिक रिकॉर्ड के समीप है।

मंत्रालय ने इस वायरस के लिए मच्छरों के लिए अनुकूल गर्म और अधिक आर्द्र मौसम को जिम्मेदार ठहराया, जो मच्छरों के काटने से पक्षियों में और पक्षियों से मनुष्यों तक पहुंचाता है। इजरायल की समाचार वेबसाइट वाईनेट ने कहा कि अधिकांश संक्रमित 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग हैं, हालांकि बच्चों में भी वायरस का पता चला है। अधिकांश संक्रमणों में हल्के सर्दी के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन कभी-कभी, कुछ लोगों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारियां विकसित हो जाती हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, इज़राइल के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तामीर गोशेन ने समाचार वेबसाइट को जानकारी दिया कि पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए।

# दक्षिणी गाजा में हमला 71 लोगों की गई जान

यरूशलम, एजेंसी

• हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया था हमला

दक्षिणी गाजा पट्टी में शनिवार को हुए एक इजराइली हमले में 71 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। यह जानकारी गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। वहीं एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि हमला हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया। इजराइली अधिकारी ने बताया कि खान यूनिस में हमला मोहम्मद दीफ को निशाना बनाने के लिए किया गया, जिसके बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था।

दीफ कई वर्षों से इजराइल की सबसे वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। अभी औपचारिक घोषणा नहीं होने के चलते एक अधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि हमास के एक अन्य शीर्ष अधिकारी राफा सलामा को भी हमले में निशाना बनाया गया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में कम से कम 289 अन्य घायल हुए हैं और कई घायलों और मृतकों को पास के नासिर अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने 40 से अधिक शवों की गिनती की और गवाहों ने हमले का वर्णन किया।

## वरिष्ठ हमास कमांडर को मार गिराया

**गाजा।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल पर गत वर्ष सात अक्टूबर के हमले की साजिश में शामिल हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को हाल ही में गाजा शहर पर हुए हवाई हमले में मारा गया। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा कि हमास का उप कमांडर अयमान शोवादेह , वर्तमान में शेजैया बटालियन और पूर्व में हमास के संचालन मुख्यालय में एक प्रमुख संचालक मारा गया। सूत्रों के मुताबिक आईडीएफ सैनिकों पर शोवादेह ने कई हमले किए थे। इजरायली सेना ने शेजैया शहर में दो सप्ताह में सक्रिय आतंकवादियों और उनके बुनियादि ढांचे को खत्म करने का काम किया। बुधवार को आईडीएफ ने शेजैया मिशन समाप्त करने की घोषणा की।

# गुरुद्वारा में हमले में एक किशोर को आरोपी बनाया गया

**लंदन।** ब्रिटेन में एक गुरुद्वारा में धारदार हथियार से किये गये हमले में दो महिलाओं के घायल होने के बाद गिरफ्तार 17 वर्षीय लड़के पर शनिवार को विभिन्न आरोप लगाए गए। किशोर के खिलाफ हमला करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाये गये हैं।

केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने लड़के पर गुरुवार शाम की उस घटना के लिए आरोप लगाया है जिसे स्थानीय पुलिस दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ग्रेवसेंड में स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में अशांति के रूप में संदर्भित कर रही है। नाबालिग होने के कारण लड़के के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। भारत के बाहर सबसे बड़े गुरुद्वारों में से एक इस गुरुद्वारा की ओर से कहा गया है कि वह जांच में सहयोग कर रहा है और घटना के समय गुरु ग्रंथ साहिब जी दरबार हॉल में नहीं थे।

केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, शनिवार को केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने 17 वर्षीय एक लड़के पर हिंसा करने, जान से मारने की धमकी देने, धारदार हथियार से किसी व्यक्ति को धमकाने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने का आरोप लगाया।

# मध्य नाइजीरिया में स्कूल की इमारत ढही 22 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य पठारी राज्य में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 132 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जोस शहर में एक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, निजी स्वामित्व वाली सेंट अकादमी की इमारत उस समय ढह गई जब छात्र शुक्रवार सुबह एक प्रचार परीक्षा दे रहे थे। इमारत में कई कक्षाएँ और कार्यालय थे। पठारी राज्य में सूचना एवं संचार आयुक्त मूसा अशोम्स ने कहा कि बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक कुल 154 लोगों को मलबे से बाहर निकाला, जिनमें 22 मृत शव और 132 लोग शामिल थे, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। पठारी गवर्नर कालेब मुतफवांग ने इस घटना को राज्य के लिए एक दुखद और एक बड़ी क्षति बताया।

# नेपाल में भूस्खलन: एक भारतीय का शव बरामद

काठमांडू, एजेंसी

• दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसों के उफनती नदी में बहने की घटना में शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक का शव बरामद किया गया। दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सात भारतीयों सहित 54 यात्रियों को लेकर जा रही दो बसें भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनती त्रिशूली नदी में बह गई थीं। इनमें से तीन यात्री तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से पहला शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारतीय नागरिक ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत से ढका हुआ पाया गया। उसके पास से भारतीय पहचान पत्र भी बरामद हुआ है। इस घटना में लापता हुए अन्य भारतीय नागरिकों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियां, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में हुई है। नेपाल के सुरक्षा बलों और गोताखोरों की मदद से बचावकर्मियों ने लापता व्यक्तियों की तलाश शनिवार को फिर से शुरू की। वहीं, पहले यह जानकारी थी कि दोनों बसों में 60 से ज्यादा लोग सवार थे। नेपाल पुलिस के अनुसार, नेपाली सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिसकर्मियों के साथ-साथ गोताखोर तलाश अभियान फिर से शुरू कर रहे हैं।

# अर्जेंटीना ने हमास को आतंकी समूह घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया। राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इजराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है। माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्टूबर को इजराइल में फलस्तीनी समूह द्वारा किये गये हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की। यह हमला इजराइल के 76 साल के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक था। बयान में, हमास से ईरान के घनिष्ठ संबंधों का भी उल्लेख किया गया है, जिसे अर्जेंटीना देश में यहूदी स्थलों पर दो घातक आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है।

# इद्दत मामले में अदालत ने इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को किया बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी



पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी के बरी होने के कोर्ट के आदेश के बाद खुशी मनाते पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष गौहर खान व अन्य।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को शनिवार को जिला एवं सत्र अदालत ने इद्दत मामले में बरी कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि को रद्द करने की उनकी याचिका स्वीकार कर ली। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मजोका ने पहले संक्षिप्त आदेश की घोषणा की।

इमरान खान और बुशरा बीबी को फरवरी में सात साल की जेल की सजा सुनाई गई थी और प्रत्येक पर 500,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। उस समय निचली अदालत ने उनके निकाह को धोखाधड़ी करार दिया था। बुशरा के पूर्व पति खावर मेनका ने जोड़े की शादी के खिलाफ अदालत का रुख किया था। इसके बाद खान दंपति ने सजा को चुनौती दी थी और राहत के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। अदालत ने 28 पन्नों के फैसले में कहा कि मेनका लगभग छह साल तक निष्क्रिय रहा, जिससे उसका रुजू का अधिकार समाप्त हो गया, जो तलाक के बाद इद्दत की अवधि के भीतर रिश्ते को सामान्य करने की अवधि है। अदालत ने कहा, यदि उन्हें किसी अन्य मामले में हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है, तो उन्हें (खान और बुशरा) तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने मेडिकल बोर्ड के गठन और धार्मिक विद्वानों से परामर्श की मांग करने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया।

# फिलिस्तीन के लिए धन मुहैया कराने की अपील

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



• संयुक्त राष्ट्र प्रमुख कहा- गाजा के लोग दर-दर भटकने को मजबूर

संयुक्त राष्ट्र (संरा) प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने शुक्रवार को गाजा और पश्चिम एशिया के अन्य हिस्सों में फिलिस्तीनी शरणार्थियों की मदद करने वाली संरा की संकटग्रस्त एजेंसी का वित्तपोषण करने की अपील की है।उन्होंने इजराइल पर निकासी आदेश जारी करने का आरोप लगाया, जिससे फिलिस्तीनियों को विनाश और मौत के परिदृश्य में मानव पिनबॉल की तरह एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मानव पिनबॉल बनाने से आशय लोगों को अचानक एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना है।

संरा के महासचिव गुतारेस ने दान दाताओं के एक सम्मेलन में कहा कि यूएनआरडब्ल्यूए के रूप में जानी जाने वाली एजेंसी को वित्तपोषण में काफी कमी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के कमिश्नर जनरल फिलिप लाजारिनी ने सम्मेलन की शुरुआत में कहा कि एजेंसी के पास केवल अगस्त तक काम करने के लिए धन था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कुल शेष राशि अगले सप्ताह से पहले ज्ञात नहीं होगी, लेकिन उन्हें विश्वास है कि एजेंसी को सितंबर के अंत तक कार्यरत रखने के लिए 85 करोड़ अमेरिकी डॉलर के वार्षिक बजट में पर्याप्त नई धनराशि आएगी।

खगोल विज्ञान — आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना

# अधर में लटका एउ त्सुचिंशान एटलस का भविष्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह धूमकेतु बिखर जाएगा या फिर आसमान में अपनी छटा बिखेरेगा, कहा जाना निश्चित नहीं है। इस धूमकेतु की खोज पिछले साल हुई। इसका नाम एउ त्सुचिंशान एटलस है।

धूमकेतु हमारे सौरमंडल के रोमांचक पिंडों में शुमार हैं, जो एक लंबी पूंछ बनाते हैं और हमारी धरती के करीब से होकर गुजर जाते हैं। इनकी चमक खूबसूरत होती है और सूर्य की परिक्रमा कर वापस अपने गंतव्य को लौट जाते हैं। इन दिनों धूमकेतु एउ त्सुचिनशान एटलस हमारे करीब पहुंचने वाला है। खास बात यह है कि इसकी आगे की यात्रा का रास्ता शायद खुला नहीं है। जिस कारण आशंका जताई जा रही है कि यह अपरिहार्य कारणों से बिखर चुका है और ब्रह्मांड के अंधियारे में आगे बढ़ रहा है। मगर बड़ी बात यह भी कही जा रही है कि यदि यह सुरक्षित आगे बढ़ा तो इस वर्ष का सर्वाधिक चमकदार धूमकेतु बनेगा।



एउ त्सुचिंशान एटलस।

बहरहाल खगोलीय रहस्यों में रुचि रखने वाले दुनियाभर के लोग इस धूमकेतु के नग्न आंखों से दिखाई देने का इंतजार कर रहे हैं। 2023 की शुरुआत में इसकी खोज हुई थी। अक्टूबर 2024 में पृथ्वी व सूर्य के नजदीक पहुंचेगा। फिलहाल आंतरिक सौर मंडल के करीब आ रहा है। पिछले तीन महीनों के दौरान इसकी चमक में वृद्धि नहीं देखी गई है। मगर नए अध्ययन से पता चला है कि इसका केंद्र खंडित हो रहा है। यह अध्ययन चेक अमेरिकी खगोलशास्त्री और नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला के धूमकेतु विशेषज्ञ ज़ेडेनेक सेकनिना ने किया है।

## दूरबीन से देखा जा सकता है धूमकेतु

खगोल के प्रति रुचि रखने वालों का कहना है कि यह धूमकेतु बड़ी चुनौती है। इसकी तस्वीर ले पाना आसान नहीं होगा। इसकी पहचान कर पाना भी मुश्किलों भरा होगा। इसका अध्ययन कर रहे नासा समेत कई अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के खगोल वैज्ञानिकों के लिए भी इसके रहस्य उजागर कर पाना बड़ा इतिहास बनेगा। एक छोटी दूरबीन के सहारे इसे देखा जा सकता है।

# यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूसी तेल डिपो में आग लगी

कीव, एजेंसी

• यह सीमावर्ती क्षेत्र पर कीव की सेना द्वारा किया गया नवीनतम लंबी दूरी का हमला

यूक्रेनी सेना की ओर से शनिवार तड़के किये गये ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव इलाके में स्थित एक तेल डिपो में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। यह सीमावर्ती क्षेत्र पर कीव की सेना द्वारा किया गया नवीनतम लंबी दूरी का हमला है। यूक्रेन ने हाल के महीनों में क्रेमलिन के युद्ध तंत्र को कुंद करने के प्रयास में विभिन्न रिफाइनरी और तेल टर्मिनल को निशाना बनाते हुए रूसी धरती पर हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति पर कड़ी मेहनत कर रही है, जहां युद्ध के तीसरे वर्ष में सैनिकों और गोला-बारूद की कमी के कारण यूक्रेनी सैनिक कमजोर हुए हैं।

रोस्तोव के क्षेत्रीय गवर्नर वसीली गोलुबेव ने कहा कि ड्रोन हमले से 200 वर्गमीटर (2,100 वर्ग फुट) में आग लग गई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। टेलीग्राम पर आग की सूचना देने के लगभग पांच घंटे बाद, गोलुबेव ने कहा कि आग बुझा दी गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि रूसी हवाई रक्षा प्रणालियों ने रोस्तोव क्षेत्र में दो ड्रोन को रोकने के अलावा, रात भर में देश के पश्चिमी कुर्स्क और बेलगोरोड क्षेत्रों में दो ड्रोन को नष्ट कर दिया। इस बीच, यूक्रेन की वायुसेना ने शनिवार सुबह कहा कि उसने रात भर में रूस द्वारा इस्तेमाल किये गये पांच ड्रोन में से चार को रोक दिया।